kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज़ टाइम्स
सिर्फ सच

❒ वर्ष-14 ❒ अंक-184 ❒ मंगलवार, 05 अगस्त 2025 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12

जिस संविधान को राहुल गांधी हाथ में लेकर घूमते हैं, उसको तार-तार करने का जिम्मा भी राहुल गांधी ने ही उठा रखा है। हमारी वीर सेना का मनोबल तोड़ने का काम राहुल गांधी और कांग्रेस कर रहे हैं।
**गौरव भाटिया**



सांसदों के विधायी दायित्वों के निर्वहन में सहायक है कृत्रिम बुद्धिमत्ता: हरिवंश 11
बारिश से क्षतिग्रस्त फसलों के नुकसान का जल्द करें आकलन: सीएम धामी 12

## संक्षेप

### पहली सितंबर से बंद हो जाएगी डाक विभाग की रजिस्ट्री सेवा

**लखनऊ।** दो दशक से भी ज्यादा समय बाद 1877 में डाक विभाग की तरफ से शुरू की गई रजिस्ट्री पोस्ट सेवा पहली सितंबर से इतिहास के पन्नो में दर्ज हो जायेगी। भारतीय डाक विभाग ने रजिस्ट्री सेवा को बंद करने का निर्णय लिया है। विभाग की तरफ से विकल्प के तौर पर स्पीड पोस्ट सेवा जारी रहेगी। डाक विभाग ने सभी विभागों, अदालतों, संस्थानों और लोगों को 1 सितंबर से नई व्यवस्था का उपयोग करने को कहा है। हालांकि 31 अगस्त तक यह सेवा पहले की तरह चलती रहेगी। लखनऊ के पोस्ट मास्टर जनरल सुनील कुमार ने बताया कि यह मंत्रालय का निर्णय है। उन्होंने बताया कि रजिस्ट्री सेवा को स्पीड पोस्ट में मर्ज कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्पीड पोस्ट सेवा कम समय मे डिलीवर होने के साथ ही इसकी ट्रैकिंग भी आसान है। शायद इस वजह से मंत्रालय ने निर्णय लिया है।

### देश का माहौल बिगाड़ने की साजिश रचने में दो गिरफ्तार

**लखनऊ।** एटीएस ने 'रिवाइविंग इस्लाम नाम से व्हाटसएप ग्रुप पर देश विरोधी गतिविधियों में संलिप्त दो युवकों अजमल अली और डॉ. उसामा माज शेख को गिरफ्तार किया है। अजमल अली अमरोहा व डा. उसामा माज शेख थाणे महाराष्ट्र का रहने वाला है। इनके व्हाटसएप ग्रुप पर 400 से अधिक पाकिस्तानी लोग जुड़े हुए हैं। इस ग्रुप के तीनों एडमिन पाकिस्तानी है। एटीएस का दावा है कि ये लोग भारत में शरिया कानून लागू कराने के लिए मुस्लिम युवकों को गैर मुस्लिम युवकों के खिलाफ भड़का रहे थे। साथ ही देश का माहौल बिगाड़ने की साजिश भी रच रहे थे। एटीएस के मुताबिक, काफी समय से कुछ लोगों के व्हाटसएप ग्रुप बनाकर लोगों में धार्मिक उन्माद फैलाने की शिकायतें मिल रही थीं। इसकी निगरानी के दौरान ही 'रिवाइविंग इस्लाम नाम के व्हाटसएप ग्रुप का पता चला। इसके एडमिन पाकिस्तान के लोग थे। इस ग्रुप में एक नम्बर उत्तर प्रदेश का भी जुड़ा था। इस नम्बर की पड़ताल हुई तो पता चला कि अमरोहा का नौगावा, अव्वलपुर निवासी अजमल अली इस ग्रुप पर सक्रिय है। उसके हर चैट भारत विरोधी थे। वह कई और सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर गैर मुस्लिम युवकों के प्रति कट्टरता दिखा रहा था। इस पर एटीएस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। चौंकाने वाले खुलासे के बाद उसामा पकड़ा गया एटीएस के मुताबिक, अजमल से पूछताछ में कई चौंकाने वाली जानकारियां सामने आईं। उसकी कॉल डिटेल से कई ऐसे लोगों का पता चला जिनकी गतिविधि संदिग्ध लगीं। इस बारे में पूछताछ करने पर उसने कुबूला कि उसके एक सीनियर है जो एक इंस्टाग्राम आईडी पर ऐसा की काम कर रहे हैं। उसके कहने पर ही वह 'रिवाइविंग इस्लाम ग्रुप से जुड़ा था। उसने सीनियर का परिचय महाराष्ट्र के थाणे, बदलापुर पश्चिमी निवासी डॉ. उसामा माज शेख के तौर पर दिया।

# 'अगर आप सच्चे भारतीय होते तो ऐसा नहीं कहते'

## सेना पर टिप्पणी को लेकर राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट की नसीहत

❒ विपक्ष के नेता को ऐसा बयान नहीं देना चाहिए था
❒ सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि कार्यवाही पर लगाई रोक

**एजेंसी**

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारतीय सेना के खिलाफ कथित टिप्पणी के मामले में अपने खिलाफ मानहानि को चुनौती देने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान सोमवार को राहुल गांधी को फटकार लगाते हुए कहा कि आपको कैसे पता चला कि चीन ने 2000 किलोमीटर तक भारत की जमीन हड़प ली है? अगर आप सच्चे भारतीय होते तो ऐसा नहीं कहते।

सुनवाई के दौरान जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने राहुल गांधी की तरफ से दिए गए बयानों पर असहमति जताई। राहुल गांधी की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने शुरुआत में दलील दी कि अगर कोई विपक्षी नेता मुद्दे नहीं उठा सकता, तो यह एक दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति होगी। अदालत में सिंघवी ने कहा कि अगर वह प्रेस में छपी ये बातें नहीं कह सकते, तो वह विपक्ष के नेता नहीं हो सकते। इस पर जस्टिस दत्ता ने पूछा, 'आपको जो कुछ भी कहना है, संसद में क्यों नहीं कहते? आपको सोशल मीडिया पोस्ट में यह क्यों कहना है?' राहुल गांधी के बयान पर असहमति जताते हुए जस्टिस दत्ता ने पूछा, 'आप बिना किसी सबूत के ये बयान क्यों दे रहे हैं। अगर आप एक सच्चे



भारतीय होते, तो आप यह सब नहीं कहते। अपनी 2023 की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान, कांग्रेस नेता राहुल ने दावा किया कि एक पूर्व सेना अधिकारी ने उन्हें बताया था कि चीन ने 2,000 वर्ग किलोमीटर भारतीय क्षेत्र पर कब्जा कर लिया है। उनके इस बयान को लेकर सियासी घमासान छिड़ गया था और उनके खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया गया था।

राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि के मुकदमे को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने पूछा, 'आपको कैसे पता चला कि चीन ने 2,000 किलोमीटर क्षेत्र पर कब्जा कर लिया है?' और इस पर जोर देते हुए कहा, 'अगर आप सच्चे भारतीय हैं, तो आप ऐसा नहीं कहते।' कोर्ट ने पूछा कि क्या आपके पास कोई विश्वसनीय जानकारी है? जब सीमा पार कोई विवाद होता है तो क्या आप ये सब कह सकते हैं? आप संसद में सवाल क्यों नहीं पूछते? सर्वोच्च न्यायालय ने सुनवाई के दौरान राहुल गांधी को मानहानि केस में राहत भी प्रदान की है। इस संबंध में निचली अदालत में आगे की कार्यवाही पर रोक लगा दी है। शीर्ष अदालत ने लखनऊ ट्रायल कोर्ट के समन पर रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले में नोटिस जारी कर जवाब भी मांगा है।

कोर्ट ने राहुल गांधी को फटकार लगाते हुए कहा कि आप विपक्ष के नेता हैं तो आप ये बातें क्यों कहेंगे? आप ये सवाल संसद में क्यों नहीं पूछते? इसके जवाब में राहुल की तरफ से पेश हुए अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि उन्होंने संसद में बोलने की छूट पाने के लिए चुनाव नहीं लड़ा। अनुच्छेद 19(1)(ए) राहुल गांधी को सवाल पूछने की इजाजत देता है। सुप्रीम कोर्ट में सिंघवी ने यह स्वीकार करते हुए कि याचिकाकर्ता अपना बयान बेहतर तरीके से पेश कर सकते थे, कहा कि शिकायत सिर्फ सवाल उठाने के लिए उन्हें परेशान करने की कोशिश के अलावा और कुछ नहीं है, जो एक विपक्षी नेता का कर्तव्य है। उन्होंने यह भी बताया इस मामले में नियमों का पालन नहीं किया गया है। हालांकि, जस्टिस दत्ता ने बताया कि यह मुद्दा हाई कोर्ट के सामने नहीं उठाया गया था। सिंघवी ने माना कि इस पॉइंट को उठाने में चूक हुई। उन्होंने कहा कि हाई कोर्ट में चुनौती मुख्य रूप से शिकायतकर्ता के अधिकार क्षेत्र पर केंद्रित थी। सिंघवी ने राहुल की तरफ से कहा कि उनके खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर करने की कोई जरूरत नहीं है। मामले में संज्ञान लिए जाने से पहले उन्हें कोई प्राकृतिक न्याय नहीं दिया गया है। सिंघवी ने कहा कि वह उस भावना को समझते हैं जिसके तहत इस बेंच ने सवाल पूछे हैं। लेकिन इस बात पर आम सहमति है कि यहां कोई प्राकृतिक न्याय या सुनवाई नहीं हुई है। सिंघवी ने हाई कोर्ट के इस तर्क पर सवाल उठाया कि शिकायतकर्ता, अगर 'पीड़ित व्यक्ति' नहीं है, फिर भी 'अपमानित व्यक्ति' है। बेंच इस पॉइंट पर विचार करने के लिए सहमत हो गई और इलाहाबाद हाई कोर्ट के उस फैसले को चुनौती देने वाली राहुल गांधी की याचिका पर नोटिस जारी किया, जिसमें कार्यवाही रद्द करने से इनकार कर दिया गया था। राहुल गांधी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार और ● शेष पेज 11 पर

# झामुमो संस्थापक शिबू सोरेन का निधन



**एजेंसी**

❒ राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री समेत कई नेताओं ने जताया शोक

रांची/नयी दिल्ली। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के संस्थापक शिबू सोरेन का सोमवार को निधन हो गया। वह 81 वर्ष के थे।

उनके बेटे और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने निधन की जानकारी दी। शिबू सोरेन के निधन के साथ ही राजनीति के एक युग का अंत हो गया। झारखंड विधानसभा को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया, जबकि राज्य सरकार ने पूर्व मुख्यमंत्री के निधन के बाद तीन दिन का राजकीय शोक घोषित किया।

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन गुर्दे संबंधी समस्याओं के कारण एक महीने से ज्यादा समय से दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में इलाज करा रहे थे। हेमंत सोरेन ने 'एक्स' पर लिखा, ''आदरणीय दिशोम गुरुजी हम सबको छोड़कर चले गए। मैं आज 'शून्य' हो गया हूं। मंगलवार सुबह 11 बजे उनका पार्थिव शरीर झारखंड विधानसभा लाया जाएगा और फिर रामगढ़ जिले में उनके पैतृक निवास नेमरा ले जाया जाएगा। शिबू सोरेन का सर गंगा राम अस्पताल के 'नेफ्रोलॉजी' विभाग के अध्यक्ष डॉ. ए. के. भल्ला की निगरानी में 19 जून से उपचार किया जा रहा था। डॉ. भल्ला ने बताया कि शिबू सोरेन को सुबह आठ बजकर 56 मिनट पर मृत घोषित कर दिया गया। डॉक्टर ने ● शेष पेज 11 पर

### योगी ने झारखंड के पूर्व सीएम शिबू सोरेन के निधन पर दुख जताया

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के निधन पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर सोमवार को लिखा है कि शिबू सोरेन का निधन अत्यंत दु:खद है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि ! मुख्यमंत्री ने कहा है कि जनजातीय समाज के उन्नयन में उन्होंने अपना जीवन समर्पित कर दिया। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को सद्गति एवं उनके शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## ऑपरेशन सिंदूर ने भारत के आतंकवाद रोधी सिद्धांत को नये सिरे से परिभाषित किया

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने ऑपरेशन सिंदूर को पैमाने , रेंज, गहरायी और रणनीतिक प्रभाव की दृष्टि से ऐतिहासिक करार देते हुए कहा है कि खुफिया जानकारी की मदद से चलाये गये इस ऑपरेशन ने भारत के आतंकवाद रोधी सिद्धांत को नये सिरे से परिभाषित किया है।

जनरल द्विवेदी ने सोमवार को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास में सेना अनुसंधान प्रकोष्ठ 'अग्निशोध' का उद्घाटन किया। सेना और आईआईटी मद्रास ने मिलकर रक्षा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए इसकी स्थापना की है। सेना प्रमुख ने 'ऑपरेशन सिंदूर - आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में एक नया अध्याय' विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा कि 88 घंटे का यह ऑपरेशन पैमाने, सीमा, गहराई और रणनीतिक प्रभाव में अभूतपूर्व था। युद्ध की बदलती प्रकृति पर प्रकाश डालते हुए



उन्होंने कहा कि भारतीय सशस्त्र बल गैर-संपर्क युद्ध, रणनीतिक गति और मनोवैज्ञानिक प्रभुत्व से प्रेरित पांचवीं पीढ़ी के संघर्षों के लिए तैयार हैं। उन्होंने 'स्वदेशीकरण से सशक्तिकरण' के तहत आत्मनिर्भरता के लिए भारतीय सेना की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने शैक्षणिक नवाचारों का उपयोग करके आईआईटी दिल्ली, कानपुर और भारतीय विज्ञान संस्थान बेंगलुरु में सेना प्रकोष्ठों द्वारा शुरू की गई परियोजनाओं की सराहना की। रक्षा अनुसंधान में ● शेष पेज 11 पर

## छांगुर के करीबी नवीन रोहरा की ईडी को मिली चार दिन की रिमांड

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में बलरामपुर के उतरौला में धर्मांतरण का रैकेट चलाने वाले जमालुद्दीन उर्फ छांगुर के करीबी नवीन रोहरा को विदेशी फंडिंग और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने चार दिन की डिमांड पर लिया है।

सोमवार को ईडी ने छांगुर के करीबी नवीन रोहरा को एनआईए कोर्ट लखनऊ में पेश किया था, जहां पर विशेष अदालत ने उसे आठ अगस्त तक रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की मंजूरी दी है। कोर्ट के समक्ष ईडी ने नवीन रोहरा की सात दिन की रिमांड मांगी थी। जांच एजेंसी का रिमांड को लेकर तर्क था कि नवीन रोहरा ने दुबई में कई संदिग्ध आर्थिक लेन देन की है। साथ ही अवैध संपत्तियों और छांगुर के नेटवर्क से जुड़ी कई अहम जानकारी के बारे में वह जानता है। अदालत ने सुनवाई के बाद उसकी चार दिन की रिमांड मंजूर की है। सूत्रों के अनुसार एजेंसी को आशंका है कि नवीन दुबई में छांगुर की शिपिंग कारोबार और करीब 60 करोड रुपए के ट्रांजैक्शन का मुख्य सूत्रधार है। ईडी पहले ही दुबई में ● शेष पेज 11 पर

# भारत ने दो-दो से बराबर की सीरीज

❒ भारत ने इंग्लैंड के जबड़े से छीनी जीत, ओवल टेस्ट 6 रन से जीता, सिराज को पांच विकेट, एक घंटे में इंग्लैंड ने 4 विकेट गंवाए

**एजेंसी**

लंदन। मोहम्मद सिराज (पांच विकेट) और प्रसिद्ध कृष्णा (चार विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत भारत ने पांचवें टेस्ट मैच के पांचवें दिन सोमवार को पहले सत्र में इंग्लैंड को दूसरी पारी में 367 रन पर समेट कर मुकाबला छह रनों से जीत लिया। इसी के साथ भारत ने पांच मैचों की सीरीज में दो-दो की बराबरी कर ली।

इंग्लैंड ने कल के छह विकेट पर 339 रनों से आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र में 78 ओवर की तीसरी गेंद पर मोहम्मद सिराज ने ध्रुव जुरेल के हाथों जेमी स्मिथ (दो) को कैच आउट कराकर भारत को सातवीं सफलता दिलाई। इसके बाद सिराज ने जेमी ओवर्टन (नौ) को पगबाधा आउटकर भारत को जीत के करीब पहुंचा दिया। इसके बाद प्रसिद्ध कृष्णा ने



ब्लॉक होल में गेंद डालकर जॉश टंग (शून्य) को बोल्ड कर भारत को नौंवी सफलता दिलाई। 86वें ओवर की पहली गेंद पर 85.1 मोहम्मद सिराज ने ऐटकिंसन का ऑफ स्टंप उखाड़ कर मैच भारत की झोली में डाल दिया। इसी के साथ भारत ने इंग्लैंड को 367 के स्कोर पर ऑलआउटकर छह विकेट से मुकाबला जीत लिया। इसी के साथ भारत ने पांच मैचों की सीरीज 2-2 से बराबर कर ली है।

भारत की ओर से मोहम्मद सिराज ने 30.1 ओवर में 104 रन देकर पांच विकेट लिये। 27 ओवर में 126 रन देकर चार विकेट झटके। आकाश दीप ने एक बल्लेबाज को आउट किया। भारत ने पहली पारी में 224 रन बनाये थे। इंग्लैंड ने पहली पारी में 247 रन बनाकर 23 रनों की मामूली बढ़ हासिल की थी। भारत ने दूसरी पारी में 396 का स्कोर खड़ा कर इंग्लैंड को 373 रनों का लक्ष्य दिया था।

## बिहार में मतदाता सूची के मसौदे पर किसी दल की ओर से कोई दावा-आपत्ति नहीं

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने कहा है कि बिहार में नयी मतदाता सूची के मसौदे पर सोमवार अपराह्न तीन बजे तक किसी भी राजनीतिक दल की ओर से नाम काटने या जोड़ने को लेकर कोई दावा या आपत्ति प्राप्त नहीं हुई है पर मतदाताओं की ओर से तीन दिन में 1900 से अधिक दावे और आपत्तियां दर्ज करायी गयी हैं।

आयोग ने आज एक विज्ञप्ति में कहा कि एक अगस्त अपराह्न तीन बजे (मसौदा सार्वजनिक होने का समय) से चार अगस्त अपराह्न तीन बजे तक राजनीतिक दलों की ओर से एक भी दावा या आपत्ति नहीं दर्ज करायी गयी है। इस दौरान मसौदे में नामों को जोड़ने और अवैध नाम काटने के संबंध में राज्य भर में मतदाताओं से 1,927 दावे और आपत्तियां मिली हैं।

आयोग ने बताया कि 18 वर्ष या उससे ऊपर की आयु प्राप्त कर चुके नये मतदाताओं की ओर से सूची में नाम दर्ज कराने के लिए फार्म-6 और घोषणा-पत्र




सहित अब तक 10,977 प्राप्त हुए हैं। बिहार में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण के दूसरे चरण में मसौदा सूची की प्रविष्टियों के संबंध में दावे और आपत्ति मतदाता पंजीकरण अधिकारियों (ईआरओ) और सहायक मतदाता पंजीकरण अधिकारियों (एईआरओ) के पास एक सितंबर से पहले दर्ज कराये जा सकते हैं। अधिकारी दावों और आपत्तियों पर जांच और समुचित सुनवाई कर के सात दिन बात तथ्य एवं व्याख्या सहित निर्णय देंगे। इन निर्णयों पर आगे जिला चुनाव अधिकारी और राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी तक अपील की सकती है। विपक्षी दल बिहार में मतदाता पुनरीक्षण के मुद्दे पर संसद के ● शेष पेज 11 पर

### सपा और कांग्रेस की राजनीति सिर्फ जातिवाद, दंगे और माफियाओं की चरणवंदना तक सीमित

# राष्ट्रवादियों को फंसाने की साजिश रचती है कांग्रेस और सपा: योगी

**एजेंसी**

मेरठ। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) पर राष्ट्रवादियों को फंसाने की साजिश करने का आरोप लगाते हुये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मालेगांव विस्फोट मामले में निर्दोष हिंदुओं को फंसाकर, आतंकवादियों को बचाने का काम करने वाले लोग देश की संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठा रहे हैं।

मेरठ में मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण/नए शहर प्रोत्साहन योजना के तहत 2,517 करोड़ रुपये की लागत वाली नवीन इंटीग्रेटेड टाउनशिप परियोजना का भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुये उन्होंने सवालिया लहजे में कहा क्या कांग्रेस अपने पापों के लिए देश से माफी मांगेगी। उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस की राजनीति सिर्फ जातिवाद, दंगे और माफियाओं की चरणवंदना तक सीमित रही है।

मुख्यमंत्री ने मेरठ में शुरू की गई इस



विशाल टाउनशिप परियोजना को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को समर्पित करते हुए इसे 'अटल शताब्दी' के नाम दिया। यह परियोजना रैपिड रेल के निकट होने के कारण राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के नागरिकों के लिए सस्ते और टिकाऊ आवास उपलब्ध कराएगी। सीएम ने कहा कि यह टाउनशिप मेरठ को एक नया स्वरूप देगी, जिसमें आवासीय, औद्योगिक और वाणिज्यिक सुविधाओं के साथ-साथ स्कूल, तकनीकी संस्थान और मेडिकल कॉलेज भी होंगे। इस परियोजना से लाखों लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे और मेरठ को विकास का एक नया केंद्र बनाया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान सीएम योगी ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत 675 उद्यमियों को 29 करोड़ रुपये के ऋण वितरित किए। साथ ही, 881 स्वयं सहायता समूहों को 64 करोड़ रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत लाभार्थियों को ● शेष पेज 11 पर

### 'भैंसा गाड़ी नहीं, बुलेट ट्रेन' है डबल इंजन की सरकार

**सहारनपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को सहारनपुर में ?381 करोड़ की लागत वाली 15 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने सहारनपुर वासियों को बधाई देते हुए कहा कि डबल इंजन की भाजपा सरकार ने इस क्षेत्र की उपेक्षा को समाप्त कर विकास और विरासत के संरक्षण का एक नया अध्याय शुरू किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सहारनपुर में विकास, विरासत और स्वदेशी को बढ़ावा देने की अपनी सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार भैंसा गाड़ी नहीं, बल्कि बुलेट ट्रेन की रफ्तार से आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि आज सावन का अंतिम सोमवार है। सभी शिव मंदिरों में भक्तों का उत्साह देखने लायक है। सहारनपुर, उत्तर प्रदेश का एक कोना होने के कारण पहले उपेक्षित रहा, लेकिन अब डबल इंजन सरकार के प्रयासों से यहां विकास की किरणें पहुंच रही हैं। उन्होंने कहा कि पहले इस क्षेत्र से पलायन और निराशा थी, लेकिन अब सहारनपुर की जनता में नई उम्मीद जगी है। सीएम योगी ने सहारनपुर को उसकी समृद्ध विरासत से जोड़ने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मां शाकुंभरी का पावन धाम और माता त्रिपुरी बाला सुंदरी का स्थल इस क्षेत्र की पहचान हैं। मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय का निर्माण पूरा हो चुका है और इसका हैंडओवर अंतिम चरण में है। जल्द ही इसका भव्य लोकार्पण होगा। इसके अलावा, मां शाकुंभरी कॉरिडोर और ऐलिवेटेड मार्ग के निर्माण की योजना का भी जिक्र किया, जिससे श्रद्धालु हर मौसम में आसानी से तीर्थ स्थल तक पहुंच सकेंगे। उन्होंने जाहर वीर गोगा के सुंदरीकरण कार्य का उद्घाटन करने की बात भी कही, जो 900 साल पहले विदेशी आक्रांताओं से देश की रक्षा करने वाले वीर योद्धा थे और जिन्होंने बाबा गोरखनाथ के दर्शन के उपरांत यहां पर समाधि ली थी, उनके आश्रम को भव्य रूप दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार विकास और विरासत के संरक्षण में संतुलन बनाए हुए है। उन्होंने पिछली सरकारों पर जातिवाद और तुष्टिकरण ● शेष पेज 11 पर

# बारिश के बावजूद बिजली आपूर्ति बहाल रखने में प्रयासरत हैं विद्युतकर्मी : शर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा है कि बारिश और बाढ़ की प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद विद्युतकर्मी निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिये निरंतर प्रयासरत है, हालांकि उनके इस काज में मदद करने के लिये लोगों को संयम बनाये रखने की जरूरत है।

प्रदेश में लगातार हो रही बारिश की वजह से विद्युत आपूर्ति में कई जिलों में बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई है। कई जिलों में पेड़ गिरने से तार टूटने और बाढ़ के पानी में ट्रांसफार्मर के डूबने की खबरें आ रही हैं। इन परिस्थितियों को देखते हुए ऊर्जा मंत्री अने अधिकारियों से विद्युत आपूर्ति पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया है और लोगों से भी संयम बरतने की अपील की है।



श्री शर्मा ने सोमवार को कहा कि अतिवृष्टि एवं बाढ़ के कारण पानी भरने से राज्य में अनेक उपकेंद्रों और फीडरों पर विद्युत व्यवस्था बाधित हुई है। इसके साथ ही विद्युत प्रवाह के कारण दुर्घटना की भी संभावना बनी रहती है। उन्होने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा पेड़ हो या पानी; गाँव हो या शहर; हर जगह हमारे विद्युत कर्मी आपकी सेवा में लगे हैं। मैंने यूपीपीसीएल एवं संबंधित सभी डिस्कॉम के एमडी से बात करके आपूर्ति हेतु सजग रहने और विद्युत व्यवस्था सुचारू बनाने के लिए पुनः कहा है। इस दौरान आपका संयम एवं सहयोग की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारी बरसात एवं बाढ़ की परिस्थिति के कारण अनेक स्थानों पर बिजली की अवसंरचना प्रभावित हुई है। विशेष रूप से बाँदा, झाँसी, मिर्ज़ापुर, वाराणसी, प्रयागराज और आगरा में कई जगह पानी भरने से विद्युत उपकेंद्र और फीडर बंद करने पड़े हैं।

शर्मा ने कहा ऐसे में विद्युत आपूर्ति करना संभव या सुरक्षित नहीं होता। आपका सहयोग प्रार्थनीय है। विद्युत कर्मी दिन-रात आपकी सेवा में लगे हैं। पूरा प्रयास है कि जल्दी से जल्दी विद्युत आपूर्ति पूर्ववत कर दी जाये।

# पूर्वोत्तर रेलवे अपने कर्मचारियों के स्वास्थ्य के प्रति सचेत : आशीष

वाराणसी। पूर्वोत्तर रेलवे का वाराणसी मंडल अपने कर्मचारियों के स्वास्थ्य के प्रति सचेत है तथा रेलवे कर्मचारियों को आधुनिक चिकित्सकीय सुख सुविधायें उपलब्ध कराने हेतु लागातार प्रयासरत है ।

इसी क्रम में मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी आशीष जैन ने सोमवार को पूर्वोत्तर रेलवे के मंडल चिकित्सालय, लहरतारा में अपने मंडलीय अधिकारी के साथ औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के अवसर पर उनके साथ मुख्य चिकित्सा अधीक्षक श्री रुप ज्योति चौधुरी,अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा आर.आर.सिंह,अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा एस.के.बरनवाल,अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा ए.के.सिंह,,मंडल चिकित्साधिकारी डा ममता सिंह, डा आशीष गुप्ता,डा अमरनाथ आदि उपस्थित थे । मंडल रेल प्रबंधक श्री आशीष जैन ने मण्डल चिकित्सालय के 'पैथेलॉजी लैब,बहिरंग रजिस्ट्रेशन/पर्ची काउन्टर, दवा वितरण काउन्टर,फिजियोथेरेपी



रूम,मेडिसिन स्टोर रुम,ओपीडी वार्ड तथा चिकित्सकों के केबिन का गहन निरीक्षण किया । इसके पश्चात मंडल रेल प्रबंधक श्री इन्डोर यूनिट में इमरजेन्सी कक्ष, सर्जिकल आई.सी.यू. कक्ष,क्रिटिकल केयर यूनिट, लेबर रूम, लिनेन स्टोर एवं औषधि भण्डार, पुरूष वार्ड एवं महिला वार्ड, आपरेशन थियेटर, बाल एवं महिला चिकित्सा वार्ड, स्पेशल वार्ड, नवजात गहन चिकित्सा कक्ष व रजिस्ट्रेशन एवं बहिरंग रोगी ब्लाक का गहन निरीक्षण किया ।

मंडल रेल प्रबंधक ने सभी चिकित्साधिकारियों के केबिन पर उनकी उपलब्धता दिन और समय अंकित कराने,मेडिकल स्टोर एवं वितरण काउन्टर को वातानुकूलित बनाने,फिजियोथेरेपी कक्ष में पुराने परित्यक्त उपकरणों को हटाने और नये उपकरण स्थापित करने,ओपीडी में मरीजों की सुविधा हेतु 'क्यू सिस्टम' के डिस्प्ले मानिटर ठीक कराने,मरीजों को आर ओ वाटर उपलब्ध कराने,मंडल चिकित्सालय में विद्युत प्रकाश बढ़ाने तथा मंडल पर चल रहे स्वच्छता अभियान के अंतर्गत मंडल चिकित्सालय से सभी अनावश्यक और परित्यक्त सामाग्री हटाने का निर्देश दिया ।

इसके साथ ही मंडल रेल प्रबंधक ने मंडल चिकित्सालय से समबन्धित अधिकारीयों एवं पैरामेडिकल स्टाफ को को मंडल रेलवे चिकित्सालय के यथोचित रख-रखाव एवं साफ-सफाई हेतु विभिन्न दिशा निर्देश दिये गये ।

# पुलिस आयुक्त ने पर्यटक थाने का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी मोहित अग्रवाल ने पर्यटक थाने के निरीक्षण के दौरान पर्यटकों की सुरक्षा, सुविधा और विश्वास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्देशित किया कि पर्यटकों से जुड़ी आपराधिक घटनाओं की एफआईआर वहीं दर्ज कर त्वरित जांच सुनिश्चित की जाए, साथ ही पिछले पांच वर्षों की घटनाओं का पृथक विवरण रखा जाए। त्यौहारों पर बाहरी गैंगों की गतिविधियों पर नजर रखने, प्रमुख स्थलों जैसे सारनाथ, दशाश्वमेघ, नमो घाट व अस्सी घाट पर नियमित गश्त, बैलेंसिग ई-स्कूटर का गश्त में हो प्रयोग, चौकियों पर 24 घंटे पुलिस तैनाती तथा पर्यटकों से सर या मैडम कहकर सम्मानपूर्वक संवाद के लिए पुलिसकर्मियों को विशेष प्रशिक्षण देने के निर्देश भी दिए गए। इस दौरान अपर पुलिस आयुक्त (अपराध) राजेश कुमार सिंह, पुलिस उपायुक्त (वरूणा) प्रमोद कुमार, अपर पुलिस उपायुक्त (गोमती) श्रीमती नीतू, अपर पुलिस उपायुक्त (अपराध) वैभव बांगर, अपर पुलिस उपायुक्त (यातायात) व अन्य पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अटाला में सक्रिय है पशु तस्करी गैंग, पहले हो चुका है भंडाफोड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**भेजे गए थे दो पशु तस्कर जेल, चार हुए थे फरार – फर्जी नंबर प्लेट से कर रहे थे अवैध परिवहन**

**6 सितंबर 2024 का है मामला, थाना खुल्दाबाद में दर्ज हुई थी रिपोर्ट ,बाकी लोगों पर नहीं हुई कार्यवाही**

प्रयागराज । शहर के अटाला क्षेत्र में पशु तस्करी और अवैध वध का सनसनीखेज मामला सामने आया है। 6 सितंबर 2024 को मछली मंडी तिराहे पर विजय प्रकाश दरोगा और सिपाही नीरज यादव ने एक संदिग्ध मैजिक वाहन को रोका, जिसमें 11 राशि पड़वा और बछिया ठूंस-ठूंस कर भरे गए थे। वाहन में सवार चार व्यक्ति पुलिस को देख फरार हो गए, जबकि दो को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहम्मद मुस्तकीम पुत्र जमील अहमद (निवासी चामरोटी अटाला, अस्थायी पताः फतेहपुर वर्मा चौराहा मुरैना मोहल्ला) और एहतेशाम पुत्र महबूब आलम (निवासी 343 गुलाबवाड़ी, काका खेत, थाना खुल्दाबाद, उम्र 20 वर्ष) के रूप में हुई है। पूछताछ में खुलासा हुआ कि वाहन में सवार अन्य फरार आरोपी सानू पुत्र मुस्ताक, अबन, भैयाजी पुत्र बड़का बचवा तथा अशफाक भी इस तस्करी में शामिल थे। ये सभी नैनी के भंडरा क्षेत्र से अवैध रूप से पशु लादकर अटाला क्षेत्र ले जा रहे थे। वाहन मालिक चांद बाबू पुत्र सगीर अहमद और उसका सहयोगी अनीस अहमद, जो कि पशुओं की डिलीवरी के मुख्य सूत्रधार बताए जा रहे हैं, मौके से उतरकर फरार हो गए। गौरतलब है कि वाहन पर लगाया गया नंबर UP70 GT 8828 जांच में फर्जी निकला, जो दरअसल एक ई-रिक्शा (स्वामीः मुकेश श्रीवास्तव, निवासी मुट्ठीगंज) के नाम से पंजीकृत था। वाहन का असली नंबर UP70 GT 5328 है, जो चांद बाबू के नाम दर्ज है। पुलिस ने मुस्तकीम और एहतेशाम को जेल भेज दिया है, लेकिन फरार चार अभियुक्तों और वाहन मालिक समेत पूरे गैंग के अन्य सदस्यों की तलाश अब तक अधूरी है। इस गंभीर प्रकरण की जांच तत्कालीन चकिया चौकी प्रभारी अतुल मिश्रा द्वारा की जा रही थी। मामले में पशु क्रूरता अधिनियम, आईपीसी की विभिन्न धाराओं और फर्जी दस्तावेजों के तहत कार्रवाई की गई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है, अटाला क्षेत्र में लंबे समय से पशु तस्करी और अवैध वध का धंधा पुलिस और प्रशासन की नाक के नीचे फल-फूल रहा है। मामले में आगे की कार्रवाई और दोषियों की गिरफ्तारी की मांग तेज़ हो रही है।

## गौशालाओं की परखी व्यवस्था

**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देश के क्रम में ही सोमवार को विकास खण्ड राही के अन्तर्गत छः निराश्रित गोवंश आश्रय स्थलो का अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें लोधवारी गौवंश आश्रय स्थल का निरीक्षण परियोजना निदेशक सतीश प्रसाद मिश्र व सहायक विकास अधिकारी दिनेश कुमार तथा बेलाभेला, बेला खारा गोवंश आश्रय स्थलों का निरीक्षण बीडीओ गौरी राठौर एवं सनेही व कनौली गोवंश आश्रय स्थलों का निरीक्षण पशु चिकित्साधिकारी एवं ग्राम पंचायत सचिव द्वारा किया गया। इन अधिकारियों द्वारा भारी वर्षा के मद्देनजर गोवंश स्थलों की साफ–सफाई,पानी निकासी की समुचित व्यवस्था, तिरपाल की व्यवस्था, चारा भूसे की समुचित व्यवस्था तथा रात्रि में केयरटेकर की अनिवार्य रूप से उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए।

## अभी कोई गांव बाढ़ से प्रभावित नहीं: एडीएम

**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार जनपद में लगातार हो रही बारिश व बाढ़ की संभावना के दृष्टिगत अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) अमृता सिंह ने तहसील डलमऊ के अंतर्गत बाढ़ से प्रभावित होने वाले गांव का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया, जिसमें जमाल नगर उर्फ मोहद्दीनपुर, कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया और स्थानीय निवासियों से वार्ता की गई, क्षेत्र में अभी बाढ़ का कोई खतरा नहीं है, लेकिन आगे 3 दिन भारी बारिश होने का अलर्ट है, जिससे ग्रामीणों को सतर्क कर दिया गया है। अभी कोई गांव बाढ़ से प्रभावित है, किसी गांव या खेत में बाढ़ का पानी नहीं आया है।

## मौसम और बाढ़ के कारण 7 अगस्त तक बंद रहेंगे परिषदीय विद्यालय

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले में हो रही लगातार बारिश और बाढ़ की स्थिति को देखते हुए जनपद के समस्त परिषदीय विद्यालयों को 5, 6 और 7 अगस्त को बंद रखने का निर्णय लिया गया है। यह निर्णय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवब्रत सिंह द्वारा लिया गया, जिन्होंने शिक्षकों और स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए यह अवकाश घोषित किया है। शिक्षकों द्वारा खराब मौसम, जलभराव और बच्चों की सुरक्षा को लेकर विद्यालयों को अस्थायी रूप से बंद करने का अनुरोध किया गया था। बीएसए ने अनुरोध को गंभीरता से लेते हुए तीन दिवसीय अवकाश की घोषणा की। इस निर्णय के लिए जनपद के शिक्षकों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को धन्यवाद ज्ञापित किया है। प्रशासन की इस संवेदनशील पहल से बच्चों और शिक्षकों की सुरक्षा को प्राथमिकता मिलती दिखाई दे रही है।

## जल निगम मुख्यालय पर प्रदर्शन आज

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मृतक आश्रितों को नियुक्ति न दिये जाने और वेतन पेंशन संबंधी हाईकोर्ट के स्पष्ट आदेश का अनुपालन न किये जाने पर जल निगम कर्मचारी 5 अगस्त से राणा प्रताप मार्ग स्थित जल निगम मुख्यालय पर तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन शुरू करेंगे। जल निगम एकीकृत संघर्ष मोर्चा के महासचिव एके सिंह ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रदर्शन में 5 अगस्त को लखनऊ, अयोध्या और सीतापुर मंडल के सैकड़ों सदस्य सम्मिलित होंगे। एके सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा स्वीकृत महंगाई भत्ते की पूरी राशि का भुगतान भी जल निगम प्रबंधन द्वारा नहीं किया जा रहा है। 6 महीने से जल निगम कर्मियों का विकास वेतन पेंशन भुगतान लम्बित पड़े होने से उनके बच्चों की पढ़ाई बाधित है और इतनी महंगाई के दौर में भुखमरी की नौबत आ चुकी है। लेकिन जल निगम का प्रबंध तंत्र अमानवीयता का व्यवहार कर रहा है। 4 हज़ार से अधिक फील्ड कर्मचारियों के विषय में हाईकोर्ट की डबल बेंच के स्पष्ट आदेश को भी लटकाये रखा गया है इसलिए 5 से 7 अगस्त तक मुख्यालय पर व्यापक प्रदर्शन किया जाएगा।

# बीते दो दिनों से हो रही लगातार बारिश से आम जनजीवन अस्त व्यस्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महराजगंज, रायबरेली। जनपद में बीते दो दिनों से हो रही लगातार बारिश से जहां आम जनजीवन अस्त व्यस्त है, तो वहीं पशुओं का भी हाल बेहाल है। बारिश और कीचड़ के कारण उनके बैठने तक की व्यवस्थाएं ठीक नहीं है, जिसके कारण वह 24 घंटे खड़े रहकर किसी तरह अपना जीवन यापन कर रहे हैं। इसी के मध्येनजर मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) के निर्देश पर उप जिलाधिकारी महराजगंज सचिन यादव ने क्षेत्र के आधा दर्जन निराश्रित पशु आश्रय केद्रों का अचानक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बारिश के मौसम में छाया, जल भराव, चारा, भूसा, गोवंशीयों के ठहरने, पानी आदि की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जहां-कहीं बरसात में कीचड़ मिला, वहां निपटने के लिए संबंधित पंचायत सचिवों को सख्त दिशा निर्देश दिए। उप



जिलाधिकारी सचिन यादव ने लगातार हो रही बारिश को देखते हुए गौशालाओं में उचित व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए, खासकर बारिश के मौसम में गोवंशों के लिए छाया की पर्याप्त व्यवस्था करने, तथा कीचड़ युक्त जगहों से दूर रखने, उन्हें सूखे में बैठने की व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान उनके साथ तहसीलदार मंजुला मिश्रा, बीडीओं वर्षा सिंह, पशु चिकित्सा अधिकारी समेत सचिव मौजूद रहे।

आपको बता दें कि, उत्तर प्रदेश के रायबरेली में मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) ने रविवार को जनपद में हो रही लगातार भीषण बारिश को देखते हुए गौशालाओं के निरीक्षण के निर्देश दिए थे। निर्देश के अनुपालन में सोमवार को महराजगंज एसडीएम सचिन यादव, तहसीलदार मंजुला मिश्रा एवं खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह समेत पशु चिकित्सा अधिकारी ने संयुक्त रूप से विकासखंड महराजगंज क्षेत्र की लगभग आधा दर्जन मऊ, मोन, असनी, हरदोई, कुशमहुरा और कोटवा मोहम्मदाबाद निराश्रित पशु आश्रय केद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। उप जिलाधिकारी सचिन यादव ने बताया कि, निरीक्षण के दौरान भारी वर्षा के मध्येनजर गोवंश स्थलों की साफ सफाई, पानी निकासी की समुचित व्यवस्था, छाया (तिरपल) की व्यवस्था, चारे भूसे की समुचित व्यवस्था एवं रात्रि में केयरटेकर की अनिवार्य रूप से उपस्थित के संदर्भ में हिदायत एवं आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

# बाढ़ प्रभावित इलाकों का डीएम ने किया निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने सोमवार को फाफामऊ एवं गंगानगर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने मोटर बोट से गंगानगर की जलमग्न गलियों का निरीक्षण किया और प्रभावित लोगों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं जानीं। जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि प्रशासन की ओर से हरसंभव मदद दी जा रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे बाढ़ राहत शिविरों में जाएं, जहां उनके रहने और खाने की समुचित व्यवस्था की गई है। निरीक्षण के दौरान गंगानगर में उन्होंने अधिकारियों को सतर्क रहने और लगातार निगरानी के निर्देश दिए। फाफामऊ के सेक्टर-ए में एक निवासी द्वारा गंगा नदी के कटान से घर को नुकसान पहुंचने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने स्वयं मौके का मुआयना किया। उन्होंने अधिशासी अभियंता को तत्काल बालू की बोरियों से कटान को रोकने के निर्देश दिए और उप जिलाधिकारी को क्षेत्र में सतत निगरानी रखने का आदेश दिया। प्रशासन की सक्रियता से स्थानीय लोगों में राहत और सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में दो दिन से जुटे हैं बारा विधायक डॉ. वाचस्पति



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। बारा विधानसभा के विधायक डॉ. वाचस्पति लगातार दो दिनों से अपने क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा कर रहे हैं। वे बारा के एसडीएम और चिकित्सक डॉ. विनोद त्रिपाठी के साथ मिलकर राहत कार्यों की निगरानी कर रहे हैं और जरूरतमंदों को सहायता पहुंचा रहे हैं।

बाढ़ से प्रभावित गांवों में पहुंचकर विधायक ने राहत सामग्री का वितरण किया और लोगों को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि आपदा की इस घड़ी में वे पूरी तरह से जनता के साथ खड़े हैं और प्रशासन के माध्यम से हर जरूरी सहायता सुनिश्चित की जाएगी। डॉ. वाचस्पति की सक्रियता और जनसेवा की भावना को लेकर क्षेत्र की जनता में सकारात्मक संदेश गया है। स्थानीय लोगों ने विधायक के इस प्रयास की सराहना की है।

## पुलिस और आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

# भांग की दुकान की आड़ में गांजा की अवैध बिक्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**मुंडेरा बाजार की भांग की दुकान में खुलेआम बिक रहा गांजा**

**14.98 लाख की लाइसेंस फीस, भांग नहीं गांजा से हो रही वसूली**

**पुलिस और आबकारी विभाग की मिलीभगत पर उठे सवाल**



प्रयागराज । प्रयागराज के मुंडेरा बाजार और क्षेत्र के कई दुकानें में स्थित भांग की दुकान में लंबे समय से गांजा की अवैध बिक्री है रही है। स्थानीय नागरिकों ने आरोप लगाया है कि धूमनगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत ट्रांसपोर्ट नगर चौकी से महज़ कुछ दूरी पर यह अवैध कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है, लेकिन पुलिस और आबकारी विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।

सूत्रों के मुताबिक, उक्त दुकान का ठेका कीर्ति द्विवेदी के नाम से पंजीकृत है, जिसका लाइसेंस नंबर 317525003280 है। यह दुकान केवल भांग की बिक्री के लिए अधिकृत है और इसकी वार्षिक फीस ?14,98,000 निर्धारित है। विशेषज्ञों का मानना है कि इतनी बड़ी राशि केवल भांग की बिक्री से वसूल पाना संभव नहीं है, जिससे यह आशंका बलवती हो रही है कि गांजा की अवैध बिक्री के ज़रिए ही यह घाटा पूरा किया जा रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि दुकान पर कार्यरत सेल्समेन राह चलते लोगों को खुलेआम गांजे की पुड़िया सौंपते हैं। प्रतिदिन छह पाती गांजा यहां उपलब्ध रहता है, जिसे खुले बाजार में बेचा जाता है। इस सबके बावजूद संबंधित अधिकारियों की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है। मुंडेरा बाजार के अलावा पुरामुफ्ती, कादिलपुर और बेगम बाजार जैसे क्षेत्रों में भी ऐसी ही दुकानों की आड़ में नशे का यह कारोबार फल-फूल रहा है। स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया है कि आबकारी विभाग के कुछ कर्मचारी और पुलिसकर्मी इस अवैध कारोबार से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से जुड़े हुए हैं, जिन्हें हर माह 'महीना' के तौर पर भारी रकम दी जाती है। नाराज़ जनता ने प्रशासन से इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि शीघ्र कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो वे सामूहिक रूप से आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। यह मामला न केवल कानून व्यवस्था पर सवालिया निशान लगाता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि कैसे नशे का जाल शहर के अंदरूनी इलाकों में फैलता जा रहा है।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदायें **(सिंगल पैकेट सिस्टम)** आमंत्रित की जाती हैं।

| | |
|---|---|
| **निविदा सं. :** 106-Sig-Tender-16-2025-26 | |
| **कार्य का नामः** सिग्नलिंग वर्क इन कनेक्शन विद सी. टी. आर. / टी. टी. आर. वर्क इन दा सेक्शन ऑफ ए. डी. एस. टी. ई. / आर. बी. एल. ऑफ लखनऊ डिवीज़न ऑफ नॉर्थेर्न रेलवे। | |
| **अनुमानित लागत :** रु. 45,64,978.18 | |
| **निविदा प्रपत्र की कीमत :** निल | |
| **धरोहर राशि :** रु. 91,300.00 | |
| **कार्य पूरा करने की अवधि :** 365 दिन | |
| **निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय :** 25.08.2025, 15:30 बजे तक | |
| **वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है :** वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ | |

ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

**सं.: 106-सिग-टेन्डर-16/2025-26 दिनांक: 31.07.2025** **2363/2025**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदायें (सिंगल पैकेट सिस्टम) आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं0 | 106-Sig-Tender-19-2025-26 |
| कार्य का नाम | "सिग्नलिंग वर्क इन कनेक्शन विद प्रोविज़न ऑफ़ सेफ्टी फेंसिंग (एंटी क्रैष बैरियर/आर० सी० सी० वाल, ई० टी० सी०) इन बी० एस० बी०–बी० टी० पी० फ्रॉम के० एम्० 772.601 टू के० एम्० 789.00 एंड बी० टी० पी०– जेड० बी० डी० सेक्शन फ्रॉम के० एम० 789.00 टू के० एम्० 824.00 एंड इन के० एस०–टी० एल० जी० आर० सेक्शन फ्रॉम के० एम्० 852.00 टू के० एम्० 880.00 (वन्दे भारत रूट) ऑफ़ लखनऊ डिवीज़न ऑफ़ नॉर्थर्न रेलवेज़।" |
| अनुमानित लागत | रु0 1,21,69,035.08 |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | निल |
| धरोहर राशि | रु0 2,10,900.00 |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 300 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 25.08.2025 15.30 बजे तक |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ |

ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी। **निविदा सू0सं0–106–सिग–टेन्डर–19/2025–26 दिनांक 31.07.2025** **2364/2025**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

# नगराम पुलिस व एसटीएफ की संयुक्त टीम ने अंतरराज्यीय गांजा तस्करी गिरोह का किया भंडाफोड़




**गांजा तस्करी में प्रयोग की गई लग्जरी स्कॉर्पियो के साथ एक तस्कर गिरफ्तार, डेढ़ कुंतल गांजा बरामद**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम , लखनऊ। बीते रविवार की रात एसटीएफ और नगराम पुलिस की संयुक्त टीम ने एक बड़े तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए आंध्र प्रदेश और उड़ीसा से लाई जा रही भारी मात्रा में अवैध गांजे की खेप के साथ एक तस्कर को नगराम थाना क्षेत्र से गुजरी इंदिरा नहर स्थित पटवा खेड़ा तिराहे से धर दबोचा दबोचा है। पकड़े गए तस्कर के पास से लग्जरी स्कॉर्पियो वाहन में लदा डेढ़ कुंतल से अधिक गांजा बरामद हुआ है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 30 लाख रुपये से अधिक आंकी जा रही है। एसटीएफ टीम को मिली गुप्त सूचना के आधार पर नगराम थाना क्षेत्र में पुलिस ने घेराबंदी कर स्कॉर्पियो वाहन से गांजा सप्लाई करने जा रहे तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए तस्कर की पहचान शिवम यादव, निवासी सलेमपुर, नगराम के रूप में हुई है। वहीं उसका एक साथी सूरज सिंह, जनपद सुल्तान पुर मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया। फरार अभियुक्त की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है। डीसीपी दक्षिणी निपुण अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं एसीपी रजनीश वर्मा के निर्देशन में थाना प्रभारी विवेक चौधरी की टीम को यह बड़ी सफलता मिली है।

### मुर्गी फार्म में छिपा रखा था गांजा

पुलिस की पूछताछ में आरोपी शिवम यादव ने खुलासा किया कि उसने गांजे को सलेमपुर गांव स्थित एक मुर्गी फार्म में छिपा रखा था और वहां से सप्लाई की योजना बना रहा था। उसने बताया कि गांजे की यह खेप आंध्र प्रदेश और उड़ीसा से लाई गई थी और लखनऊ के ग्रामीण इलाकों में सप्लाई होनी थी।

### जेल में रची गई थी साजिश

एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त शिवम ने पूछताछ में बताया कि फरार सूरज सिंह निवासी जनपद सुल्तान पुर से उसकी मुलाकात लखनऊ जेल में हुई थी, जहां से दोनों ने तस्करी का नेटवर्क खड़ा करने की योजना बनाई। जेल से रिहा होने के बाद दोनों ने एक संगठित गिरोह के रूप में गांजा सप्लाई का धंधा शुरू कर दिया था। पुलिस के मुताबिक यह गिरोह लंबे समय से इस गोरखधंधे में लिप्त है। अब गिरोह की अन्य कड़ियों को जोड़ने और इसकी जड़ें कहां तक फैली हैं, इसका पता लगाने के लिए एसटीएफ और नगराम पुलिस की संयुक्त टीमें जांच में जुटी हैं।नगराम पुलिस और एसटीएफ की इस कार्रवाई से राजधानी में मादक पदार्थों के अवैध व्यापार पर करारा प्रहार हुआ है।

## खंभे में करंट उतरने से पास बंधी भैंस की मौत

बंथरा। इलाके में सोमवार दोपहर एक खंभे में करंट उतरने से उसकी चपेट में आकर एक भैंस की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार यहीं के रहने वाले रजनू रावत की भैंस दोपहर को चरने गई थी। थाने के समीप ही रामचौरा रोड पर सड़क किनारे 440 वोल्टेज की विद्युत लाइन का खंभा है। बताते हैं कि खंभे से एक लोहे का तार बाहर निकला हुआ था और खंभा भीगने से उस तार में करंट आ रहा था। भैंस जब इस खंभे के संपर्क में आई तो करंट की चपेट में आकर उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गईं। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने पुलिस और बिजली कर्मचारियों को सूचित किया। सूचना के बाद पहुंचे विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने बिजली बंद कराकर खंबे के तार को सही कराने की प्रक्रिया शुरू की वहीं पुलिस ने भी मौके पर पहुंच कर अपनी कार्यवाही की।

# बरसाती नाले में डूबने से युवक की मौत,गांव में पसरा मातम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज।लखनऊ,मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के तिलोकपुर गांव में सोमवार दोपहर दर्दनाक हादसा हो गया। चचेरे भाई के साथ नहाने गए 18 वर्षीय युवक की बरसाती नाले में डूबकर मौत हो गई। तेज बहाव में बहकर दूर जा चुके युवक के शव को दो घंटे की मशक्कत के बाद ग्रामीणों और पुलिस की मदद से बरामद किया गया। हादसे की खबर मिलते ही गांव में कोहराम मच गया और मृतक के घर पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के तिलोकपुर गांव निवासी रामप्रसाद रावत का।18 वर्षीय बेटा रितेश रावत अपने चचेरे भाई अंकित रावत के साथ दोपहर में गांव के पास से बह रहे बरसाती नाले में नहाने गया था। बारिश के कारण नाले में पानी का बहाव काफी तेज था। नहाने के दौरान अचानक रितेश फिसलकर गहरे पानी में चला गया और तेज बहाव की चपेट में आकर बहने लगा।चचेरे भाई अंकित ने जब रितेश को बहते देखा तो वह घबरा गया और तुरंत मदद के लिए शोर मचाया। शोर सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर दौड़े। कुछ स्थानीय युवकों ने बिना देर किए नाले में उतरकर रितेश की तलाश शुरू कर दी। वहीं, घटना की सूचना पाकर सिसेंडी पुलिस चौकी से पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची।करीब दो घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद रितेश का शव घटनास्थल से लगभग 500 मीटर दूर बरामद किया गया। शव मिलने की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और रोते-बिलखते गिर पड़े। परिजनों की चीख-पुकार से माहौल गमगीन हो गया।घटना की जानकारी देते हुए एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा ने बताया कि युवक के डूबने की सूचना पर पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई की और स्थानीय लोगों की मदद से शव को बरामद कराया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।स्थानीय लोगों के अनुसार नाला काफी गहरा और फिसलन भरा है।

पहले भी यहां हादसे हो चुके हैं, लेकिन सुरक्षा के कोई उपाय अब तक नहीं किए गए हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि बरसात के मौसम में इस तरह के खतरनाक स्थलों पर चेतावनी बोर्ड और अवरोधक लगाए जाएं ताकि भविष्य में ऐसे हादसों से बचा जा सके।इस दुखद घटना से तिलोकपुर गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। युवक की असमय मौत से पूरे क्षेत्र में मातम पसरा हुआ है।

# पारा में तीन अवैध कार वर्कशॉप सील




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। एलडीए ने सोमवार को पारा क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित तीन कार बाजार एवं सर्विस सेंटरों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें सील कर दिया। यह कार्रवाई एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर प्रवर्तन जोन-3 की टीम द्वारा की गई। जोनल अधिकारी विपिन कुमार शिवहरे ने बताया कि पारा के पूर्वीदीन खेड़ा इलाके में 200, व 300 और 400 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखंडों पर ओंकार कार बाजार एंड सर्विस सेंटर, मल्टी ब्रांड कार वर्कशॉप एंड सर्विस सेंटर और इंडियन मोटर्स सर्विसेज नाम से तीन कार वर्कशॉप बिना मानचित्र स्वीकृति के अवैध रूप से निर्मित कर संचालित की जा रही थीं। इन अवैध निर्माणों के खिलाफ लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा विहित न्यायालय में वाद दाखिल किया गया था, जिसके आधार पर न्यायालय ने सीलिंग के आदेश पारित किए। जिसके चलते प्रवर्तन टीम ने तीनों स्थानों को सील कर दिया।

# दखिना गांव में शिवपुराण कथा के पूर्णाहुति के साथ विशाल भंडारे का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां, लखनऊ । निगोहां क्षेत्र के दखिना गांव में आयोजित सात दिवसीय श्री शिवपुराण कथा के पूर्ण आहुति के साथ आठवें दिन रायबरेलीऽलखनऊ हाईवे पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के क्षेत्रों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस भव्य आयोजन में श्रद्धालुओं के लिए पूड़ी, सब्जी, छोले, चावल के साथ जलेबी का विशेष वितरण किया गया। पूरा वातावरण ''हर हर महादेव'' और ''बम बम भोले'' के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। आयोजन में सेवा व्यवस्था इतनी सुंदर और व्यवस्थित रही कि श्रद्धालुओं को प्रसाद ग्रहण करने में किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई। यह आयोजन क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी अनमोल तिवारी की अगुवाई में संपन्न हुआ, जो वर्षों से धार्मिक आयोजनों के माध्यम से सामाजिक समरसता और आस्था को नई दिशा देने में लगे हैं। भंडारे में निगोहां क्षेत्र के कई प्रतिष्ठित जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रधानों, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में निगोहां प्रेस क्लब के अध्यक्ष विमल सिंह चौहान भी अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे। उन्होंने दर्जन भर से अधिक पत्रकारों के साथ प्रसाद ग्रहण किया और आयोजन की व्यवस्था की प्रशंसा की। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने बताया कि शिवपुराण कथा के माध्यम से उन्हें अध्यात्मिक शांति और जीवन मूल्यों की नई सीख मिली है। वहीं ग्रामीणों ने अनमोल तिवारी के इस प्रयास को समाज में सद्भाव और आस्था को बढ़ावा देने वाला बताया गया।

**हजारों श्रद्धालुओं ने भंडारे में पहुंच कर लिया प्रसाद**

# जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन करूंगा : मंडल महामंत्री नवीन मिश्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहा, लखनऊ। हाल ही में जिलाध्यक्ष के निर्देश पर भाजपा निगोहा मंडल अध्यक्ष ललित सिंह द्वारा निगोहा मंडल भाजपा संगठन का विस्तार किया गया , जिसमें निगोहा मंडल के महामंत्री बने नवीन मिश्रा ने कहा कि जिलाध्यक्ष विजय मौर्य एवं निगोहा मंडल अध्यक्ष ललित सिंह ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है , उसका वे बखूबी निर्वहन करेंगे। पद मिलते ही सोशल मीडिया से लेकर आवास पहुंचकर लोगों का तांता लग रहा वहीं सोमवार को निगोहा मंडल भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता के बाद नवीन मिश्रा को मंडल महामंत्री का पद मिलने के बाद पहली बार भाजपा के जिलाध्यक्ष विजय मौर्य के आवास पहुंचे जिस पर जिलाध्यक्ष ने बधाई दी, निगोहा मंडल महामंत्री नवीन मिश्रा ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसका वह बखूबी निर्वहन करेंगे।

# भीषण बारिश में नगर आयुक्त ने दिए फील्ड पर सक्रियता के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। राजधानी लखनऊ में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के बीच नगर निगम पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। शहरवासियों को राहत देने के उद्देश्य से नगर आयुक्त गौरव कुमार ने सोमवार को सभी संबंधित विभागों को फील्ड पर तत्पर रहने और वर्षाजनित समस्याओं का तत्काल समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए हैं। नगर आयुक्त ने सभी अपर नगर आयुक्तों, आठों ज़ोन के जोनल अधिकारियों, नगर अभियंताओं और उद्यान अधिकारियों को आदेशित किया है कि वे बारिश के दौरान और बाद में लगातार क्षेत्र में मौजूद रहें और जलभराव, पेड़ गिरने, सीवर ओवरफ्लो जैसी समस्याओं का तुरंत संज्ञान लें और निस्तारण कराएं। नगर निगम द्वारा की जा रही तैयारियों में प्रमुख रूप से सक्शन मशीनों की तैनाती, पंपिंग स्टेशनों की सक्रियता और कंट्रोल रूम की निगरानी को प्राथमिकता दी गई है। नगर आयुक्त ने साफ किया है कि जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए हर अधिकारी अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को भी फील्ड पर तैनात रखें और हर सूचना पर त्वरित एक्शन लें। वहीं, उद्यान विभाग को निर्देश दिये हैं कि बारिश के दौरान पेड़ गिरने की सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंचकर उन्हें हटाने की कार्यवाही तत्काल शुरू करे। नगर आयुक्त ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग सावधानी बरतें। भारी बारिश के मद्देनज़र बिजली के खंभों व स्ट्रीट लाइट पोल्स से दूरी बनाएं, जलभराव और गहरे नालों से बचें, बच्चों को खुले मैदानों व पार्कों में खेलने से रोकें,

परिवार के सदस्यों को बारिश से जुड़ी सावधानियों के प्रति जागरूक करें, नगर आयुक्त ने यह भी कहा कि ''इस मौसम में छोटी-सी असावधानी बड़ी दुर्घटना में बदल सकती है। इसलिए प्रशासन के साथ नागरिकों का सहयोग बेहद जरूरी है।

# डिलीवरी ऑफिस में कर्मचारी पर हमला, रिपोर्ट दर्ज


कैनविज टाइम्स संवाददाता




बंथरा । इलाके के भौकापुर स्थित एचआर डिलीवरी ऑफिस में एक कर्मचारी पर हमले का मामला सामने आया है। पीड़ित रिमझिम धवन ने थाना बंथरा में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जॉच पड़ताल कर रही है। घटना बीते शनिवार को दोपहर लगभग 2 बजे की है। रिमझिम के अनुसार, एईजियस एजेंसी का रिक्यूटर रवि राजपूत सेंटर पर आया और उसे धमकाने लगा। उसने रिमझिम को जान से मारने की धमकी दी और गालियां देते हुए मारपीट की। इसके बाद सिक्योरिटी और टीम के सदस्यों ने रवि को परिसर से बाहर निकाल दिया। लेकिन एक घंटे बाद वह एक गाड़ी में आनंद पाठक, प्रिंस, प्रियांशु और 3-4 अन्य अज्ञात लोगों के साथ वापस आया। रिम झिम के न मिलने पर इन लोगों ने उनकी टीम पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में नीरज कुमार गुप्ता को गंभीर चोटें आईं और रोहित भी घायल हुआ।अगले दिन यानी बीते रविवार को सुबह 8 बजे के आसपास फिर से कुछ लोग सेंटर पर आए और धमकी देकर चले गए। पीड़ित रिमझिम धवन कृष्णा नगर के सेक्टर-एफ निरवाना, पराग चौराहा का रहने वाला है और भौकापुर स्थित एचआर डिलीवरी ऑफिस में कार्यरत है।

# श्रावण के अंतिम सोमवार पर भंवरेश्वर महादेव मंदिर में उमड़ा आस्था का जनसैलाब





कैनविज टाइम्स संवाददाता

**लाखों शिवभक्तों ने किया जलाभिषेक,सुरक्षा व्यवस्था में निगोहां और रायबरेली पुलिस रही तैनात**

निगोहां, लखनऊ । श्रावण मास के अंतिम सोमवार को तीन जनपदों के बीच स्थित पौराणिक भंवरेश्वर महादेव मंदिर में लाखों शिवभक्तों ने जलाभिषेक कर भगवान शिव का दर्शन किया। भंवरेश्वर मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष सुनील गोस्वामी ने बताया कि तीनों जिलों लखनऊ, रायबरेली और उन्नाव की सीमाओं पर स्थित इस प्राचीन मंदिर में रविवार रात से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी थी। सुबह तड़के से ही 'हर हर महादेव' के जयघोष से मंदिर परिसर गूंज उठा।हाथों में गंगाजल, बेलपत्र और श्रद्धा लिए पहुंचे भक्तों ने शिवलिंग पर जलाभिषेक कर पूजन किया। पूरे दिन मंदिर परिसर में भक्तों का रेला बना रहा। इस अवसर पर भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण का भी आयोजन किया गया।

### पुलिस ने संभाली कमान, सुरक्षा रही चाक-चौबंद

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए थे। निगोहां थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि मेले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी सतर्कता बरती गई। पुलिस फोर्स लगातार तैनात रहा और कहीं कोई अव्यवस्था नहीं होने दी गई।मेले में निगोहां पुलिस के साथ-साथ रायबरेली जनपद की पुलिस टीम भी पूरी तरह मुस्तैद रही। थाना निगोहां सहित आस-पास के अन्य थानों की पुलिस टीमों ने लगातार निगरानी बनाए रखी। श्रद्धालुओं को मार्गदर्शन देने के लिए स्वयंसेवकों की भी ड्यूटी लगाई गई थी।

### पौराणिक मान्यता और इतिहास का केंद्र

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, अज्ञातवास के दौरान पांडव अपनी माता कुंती के साथ इस क्षेत्र में आए थे। माता कुंती के आग्रह पर भीम ने यहां शिवलिंग की स्थापना की थी। कालांतर में यह शिवलिंग मिट्टी में दब गया और बाद में सुदौली रियासत के राजा को स्वप्न में इसका संकेत मिला। खुदाई कर शिवलिंग को पुनः प्रकट किया गया और मंदिर का निर्माण हुआ।कहा जाता है कि मुगल शासक औरंगजेब ने जब इस मंदिर को नष्ट करने की कोशिश की, तो लाखों की संख्या में भंवरे निकलकर मुगल सेना पर टूट पड़े, जिससे शिवलिंग की रक्षा हुई। तभी से यह स्थल भंवरेश्वर महादेव के नाम से प्रसिद्ध हो गया।

# शिक्षकों के बड़े समूह समेत संस्थापक सदस्यों ने छोड़ी आम आदमी पार्टी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**प्रदेश प्रभारी संजय सिंह पर लगाए पद वितरण में भेदभाव व अनदेखी के आरोप**

लखनऊ। अन्ना आंदोलन के समय से सक्रिय रहे आम आदमी पार्टी के कई संस्थापक सदस्यों व शिक्षकों के बड़े समूह समेत सैकड़ों पदाधिकारियों ने पार्टी से त्यागपत्र दे दिया है। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को भेजे पत्र में पदाधिकारियों ने कहा है कि वे पार्टी के उत्तर प्रदेश प्रभारी संजय सिंह द्वारा संगठन में गलत दायित्व वितरण, पक्षपातपूर्ण-पूर्वाग्रह से ग्रस्त निर्णयों, ज़मीनी व कर्मठ पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं की अनदेखी करने के कारण, पार्टी छोड़ रहे हैं।

शिक्षक प्रकोष्ठ के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष घनश्याम श्रीवास्तव ने बताया कि निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष एवं निवर्तमान प्रदेश महासचिव द्वारा संगठन में गुटबाजी के साथ-साथ पार्टी के प्रति निष्ठावान कर्मठ पदाधिकारियों का अपमान किया जाता है। जिसकी जानकारी संजय सिंह को देने पर तथा उनसे बार-बार मिलने का समय मांगने के बाद भी न तो सुनवाई की जाती है और न ही उनके विरुद्ध कोई कार्यवाही की जाती है। प्रदेश प्रभारी संजय सिंह की कार्यशैली पूरी तरह पक्षपातपूर्ण, पूर्वाग्रह से ग्रस्त एवं अलोकतांत्रिक है। संस्थापक सदस्य, पूर्व प्रदेश महासचिव शिक्षक प्रकोष्ठ अजय गुप्ता ने कहा कि पार्टी जिस उद्देश्य के लिए बनी थी उत्तर प्रदेश में उस भावना से कार्य नहीं हुआ, पार्टी द्वारा खुद को इंडिया गठबन्धन से अलग करने का निर्णय गलत एवं दुर्भाग्यपूर्ण है, साथ ही उन्होंने बताया कि पार्टी अलग हुए पदाधिकारियों ने प्रो़फ़ेसर डी.एन. एन.एस. यादव की अध्यक्षता में प्रगतिशील शिक्षक एवं बुद्धजीवी मंच का गठन किया गया है, जिसके तहत राष्ट्रहित में सकारात्मक एवं रचनात्मक गतिविधियां जारी रहेंगी।

त्यागपत्र देने वाले मुख्य पदाधिकारियों में शिक्षक प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रो़फ़ेसर डी. एन. एन.एस. यादव, संस्थापक सदस्य (पूर्व प्रधानाचार्य) पी. के. अग्रवाल, संस्थापक सदस्य, पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष घनश्याम श्रीवास्तव, संस्थापक सदस्य, पूर्व प्रदेश महासचिव अजय गुप्ता, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष प्रो़फ़ेसर दिग्विजय सिंह यादव, बी.एस. यादव, पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष डॉ मुकेश यादव, पूर्व प्रदेश सचिव रेखा कुमार, दुर्गेश कुमार चौधरी, मुकेश अरोड़ा, रॉबिन मिश्रा, आयुष मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष यूथ विंग राजेश राय, सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी शिक्षक प्रकोष्ठ प्रतिभा मौर्य आदि सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हैं।

# राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के साथ ध्येय आईएएस का हुआ करार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । यूपीएससी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे शिक्षक अभ्यर्थियों एवं उनके परिजनों के के लिए राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश एक बड़ी सौगात लेकर आया है। संघ लोक सेवा आयोग से जुड़ी परीक्षाओं की तैयारी करा रहे कोचिंग संस्थानों में से एक प्रतिष्ठित संस्था ध्येय ऋइट्ट द्वारा राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश के साथ एक अनुबंध पत्र पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार, प्रदेश अध्यक्ष संजय मेधावी, प्रदेश महामंत्री जोगिंदर पाल सिंह, प्राथमिक संवर्ग के प्रदेश अध्यक्ष शिव शंकर सिंह एवं संस्था के कार्यकारी अधिकारी विजय सिंह की मौजूदगी में हस्ताक्षर किये गए है।

प्रदेश मीडिया प्रभारी बृजेश श्रीवास्तव द्वारा अवगत कराया गया है कि राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश जनपद सीतापुर के जिला महामंत्री कृष्ण मोहन गुप्ता, लेखा




**: शिक्षकों को मिलेगी शुल्क में 50 प्रतिशत से ज्यादा की रियायत**

परीक्षक आशीष चंदेल, जिला मीडिया प्रभारी देवर्षि प्रताप सिंह एवं संस्थान में एकेडमिक डायरेक्टर के रूप में कार्य कर रहे शोभित रस्तोगी के अथक प्रयासों के फलस्वरुप राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ व ध्येय ऋइट्ट संस्थान के मध्य सहमति बनी है।

संस्थान के साथ राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के हुए इस अनुबंध पत्र के मुताबिक सेवारत शिक्षकों एवं उनके आश्रितों को संघ लोक सेवा आयोग की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु संस्थान द्वारा नियत शुल्क में 50 फीसदी की रियायत प्रदान की जाएगी। वहीं सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं उनके आश्रितों को 60% की रियायत मिलेगी। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि किसी भी कारण से दिवंगत हो चुके शिक्षक आश्रितों को संस्थान की तरफ से 80% की रियायत प्रदान की जाएगी। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के साथ हुए इस अनुबंध को लेकर निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष निर्मला यादव, अजीत सिंह, भगवती सिंह, चंद्रदीप यादव, संतोष मौर्या, आशीष सिंह राठौर इत्यादि ने हर्ष व्यक्त किया है।

# जान जोखिम में डाल स्कूल जाते बच्चे, नदी पर पक्का पुल नहीं 30 साल से बांस के सहारे सफर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सकरन (सीतापुर) । सकरन विकासखंड की ग्राम पंचायत कम्भरिया कटेसर व उससे जुड़े मजरों के ग्रामीण पिछले तीन दशकों से जान जोखिम में डालकर किवानी नदी पर बने बांस के अस्थाई पुल से आना-जाना करने को मजबूर हैं। पक्का पुल न होने की वजह से पांच गांवों के दो सौ से अधिक ग्रामीण, जिनमें स्कूली छात्र-छात्राएं, मरीज और महिलाएं शामिल हैं, हर रोज खतरे के साये में सफर करते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि यदि इस पुल का उपयोग न किया जाए तो उन्हें ब्लॉक मुख्यालय, अस्पताल या स्कूल-कॉलेज तक पहुंचने के लिए 15 किमी लंबा चक्कर लगाना पड़ता है, जबकि यह पुल मात्र 2 से 3 किमी की दूरी में राहत देता है।

**बरसात में खतरा और बढ़ जाता है**

बरसात और बाढ़ के मौसम में किवानी नदी उफान पर आ जाती है, जिससे बांस के इस पुल पर पानी चढ़ जाता है। ऐसे में बच्चों की स्कूलों तक पहुंचना मुश्किल हो



जाता है। बालिका इंटर कॉलेज में पढ़ने वाली छात्राओं ने बताया कि बाढ़ के दिनों में वे हफ्तों तक स्कूल नहीं जा पातीं, जिससे पढ़ाई पर असर पड़ता है।

**वोट के समय वायदों की भरमार, फिर पांच साल की चुप्पी**

ग्रामीण रामखेलावन और सत्रोहन लाल का कहना है कि हर चुनाव में जनप्रतिनिधि पक्का पुल बनवाने का वादा करते हैं, लेकिन जीतने के बाद किसी को ग्रामीणों की तकलीफ याद नहीं रहती। बीमारों को अस्पताल ले जाने के लिए बड़ी दूरी तय करनी पड़ती है, जो कई बार जानलेवा साबित हो सकता है।

ग्राम प्रधान की मजबूरी ग्राम प्रधान श्रीमती गौतम का कहना है कि पुल जर्जर हो जाता है तो पंचायत की ओर से उसकी मरम्मत कराई जाती है, लेकिन पक्के पुल के अभाव में यह अस्थाई व्यवस्था भी नाकाफी साबित हो रही है।

ग्रामीणों की मांग पक्का पुल हो निर्माणित

ग्रामीण हेमराज, अनुपम, घनश्याम, सरवन, संजय,आदि ने एक बार फिर जनप्रतिनिधियों और प्रशासन से मांग की है कि किवानी नदी पर पक्का पुल बनवाया जाए, जिससे आवागमन सुगम हो और बच्चे बिना डर के स्कूल-कॉलेज जा सकें।

बांस के पुल से गुजरते स्कूली बच्चे, हर दिन जान जोखिम में। बरसात में लबालब नदी और डूबता पुल शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों पर संकट।

# वंचित अभियुक्तों की पुलिस को है तलाश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर /, कुशीनगर । गोरखपुर मंडल के कुशीनगर जनपद के तेज तर्रार पुलिस कप्तान संतोष मिश्रा के नेतृत्व में पुलिसिया कार्यवाही इन दिनों अपराधियों के चेहरे पर खौफ बनकर जिला छोड़ने पर मजबूर कर रही है। परिणाम स्वरूप अपराधी जिला छोड़कर अन्य प्रदेशों में अपनी पहचान छिपाकर भाग रहे है।



इसी क्रम में थाना कोतवाली पडरौना जिला कुशीनगर के अभियुक्त शाकिर अली पुत्र स्व0 बिकाऊ अंसारी निवासी सिरसिया खुर्द थाना नेबुआ नौरंगिया जिला कुशीनगर वांछित है । वह पिछले कई साल से फरार चल रहा है। उसके खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 301/24 धारा 409, 420, 506 आईपीसी थाना कोतवाली पडरौना जिला कुशीनगर के पुलिस को तलाश है। बांछित अपराधियों के धरपकड़ कर अपराध पर अंकुश लगाने के क्रम में एक अन्य वांछित अभियुक्त गोविन्द केवट पुत्र फिरत केवट निवासी ग्राम सिरली थाना शक्ति जिला जाजगीर चंपा राज्य छत्तीसगढ़ को भी कुशीनगर पुलिस उपरोक्त मुकदमे में वांछित है। उसकी तलाश भी पडरौना कोतवाली पुलिस को है। उक्त अभियक्त मुकदमा अपराध संख्या 54/19 धारा 304, 504, 506 आईपीसी थाना कोतवाली पडरौना जिला कुशीनगर की पुलिस से गिरफ्तार होने के डर से फरार चल रहा है। जिसकी तलाश कुशीनगर पुलिस कर रही है।

## पादरी बाजार में तेंदुए का आतंक

गोरखपुर । इन दोनों गोरखपुर के शाहपुर थाना अंतर्गत पादरी बाजार स्थित मोहनपुर में तेंदुए का भयंकर आतंक व्याप्त है । बीते दिनों सुबह मॉर्निंग वॉक कर रहे लोगों पर तेंदुए ने मोहनापुर डिवाइन पब्लिक स्कूल के पास धावा बोल दिया , जिससे एक महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई । जिसका इलाज चल रहा है । बीतें दो दिनों से तेंदुआ जगह-जगह कुत्ता का शिकार करता हुआ दिखाई दिया जो सीसीटीवी में कैद हो गया है । हालांकि इसके बाद प्रशासन सतर्क होकर जगह-जगह पिंजरे में बकरियां बन्द कर रखी हैं तथा ड्रोन कैमरे से तेंदुआ पकड़े जाने की निगरानी भी हो रही है । इन सब के बावजूद भी तेंदुआ आराम से शहर में घूम रहा है , जिससे स्कूली बच्चे स्कूल जाना बंद कर दिए हैं तथा भय से लोग अपने-अपने घरों से बाहर तक निकलना बंद कर दिए हैं । बीती रात पादरी बाजार के सरस्वतीपुरम कॉलोनी लेन प्रथम स्थित जेल बाईपास रोड में रमेश मणि त्रिपाठी के घर पर तेंदुआ का भय देखा गया । रात में तेंदुआ या कोई अन्य कोई जानवर जिसको देखा नहीं गया है बाउंड्री वाल के अंदर कूद कर अंदर रखा स्कूटी के सीट का चिथड़ा - चिथड़ा कर अस्त-व्यस्त कर दिया । भूख के गुस्से से पूरा उछलकूद मचाते हुए सामानों को नुकसान पहुचाया ।

# भारत के निकटवर्ती देश नेपाल की प्रतिष्ठित संस्थाओ द्वारा साहित्यकार संदीप मिश्र सरस का किया गया सारस्वत सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर। नेपाल की प्रतिष्ठित संस्था अवधी साँस्कृतिक प्रतिष्ठान, विश्व हिंदी महासभा, विकास स्मृति पुरस्कार समिति, शाश्वत आचार्य स्मृति प्रतिष्ठान द्वारा संयुक्त रूप से नेपालगंज के सुनाखरी रिजॉर्ट सभागार में तुलसी महोत्सव पर आयोजित अवधी दिवस महोत्सव, सारस्वत सम्मान समारोह एवं वृहद कवि सम्मेलन में बिसवां सीतापुर के साहित्यकार संदीप मिश्र सरस को अवधी रत्न सम्मान 2025 प्रदान किया गया। यह सम्मान उक्त समारोह में मधेशी आयोग नेपाल के कार्यवाहक अध्यक्ष, दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री जीवक्ष शाह, जिलाधिकारी नेपालगंज बांके, धर्मराज जोशी, आयोग के सदस्य विजय गुप्ता, अवधी साँस्कृतिक प्रतिष्ठान के संस्थापक अध्यक्ष विष्णुलाल कुमाल, कार्यवाहक अध्यक्ष सुशीला वैश्य, विश्व हिंदी महासभा, दिल्ली के संगठन सचिव अमित रजक की उपस्थिति में प्रदान किया गया। संदीप सरस ने उक्त कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सहभागिता की। उल्लेखनीय है कि 'साहित्य सृजन संस्थान' के संस्थापक/अध्यक्ष संदीप 'सरस', साहित्य की विभिन्न विधाओं में अपने लेखन से निरंतर सक्रिय अवदान देते रहे हैं और साहित्यिक पत्रकारिता के क्रम में अपने चर्चित कॉलम 'विमर्श', 'संवाद', 'बेबाक', 'कलमकार', 'रचनाकार', 'सृजन के सारथी', आदि के माध्यम से तमाम प्रतिष्ठित साहित्यकारों, नवोदित प्रतिभाओं से संवाद करते रहते हैं। उनकी पुस्तक 'कुछ ग़ज़लें कुछ गीत हमारे' बेहद सराही गयी और कई महत्वपूर्ण पुस्तकें प्रकाशन के क्रम में हैं। देश की तमाम प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में उनकी रचनाएं प्रकाशित होती रहती है। न्यूज18, आकाशवाणी व दूरदर्शन लखनऊ से उनके काव्य पाठ का प्रसारण होता रहता है। विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों द्वारा सैकड़ो महत्वपूर्ण सम्मान उन्हें प्राप्त हो चुके हैं।

वे बिसवां क्षेत्र की बौद्धिक समृद्धता के लिए साहित्य सृजन संस्थान द्वारा बिसवां में सृजन पुस्तकालय की स्थापना करके साहित्यिक, शैक्षिक, सामाजिक सरोकारों के लिए समर्पित रहते हैं।

उनके लेखन में एक और राष्ट्रवादी चेतना के समसामयिक स्वर हैं वहीं दूसरी ओर घर आंगन के रिश्तो की आत्मीयता और सभ्यता संस्कृति की संवेदना से जुड़ा प्रभावी सृजन है। वे अपनी रचनाधर्मिता में जन सरोकारों से सीधा संवाद करते हैं और रचनाओं में ग्राम्य संस्कृति, पर्यावरण, जन जागरूकता के संदर्भों की चेतना सदैव जीवंत रहती है। उनकी इस उपलब्धि पर बिसवां, सीतापुर के तमाम कवि/साहित्यकारों, शिक्षाविदों, पत्रकारों, बुद्धिजीवी वर्ग और सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया।

# धूमधाम से झंडी राज से रवाना हुई दशवी पद कावड़ यात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निघासन खीरी। झंडी राज से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी दशवी कावड यात्रा घूमधाम से छोटी कासी गोला गोकर्णनाथ के लिए रवाना हुए सभी कांवरिया शनिवार को दर्जनों शिव भक्तों ने गांव झंडी राज के प्राचीन बूढे बाबा शिव मंदिर पर पूजा अर्चना कर जल भर कर सैकड़ों कांवरिया व ग्रामीणों की उपस्थिति में हर हर महादेव के नारों लगाते हुए। साथ शिव भक्तों को गांव के समाजसेवी पारस सैनी व बहन मनीषा सैनी ने तिलक चंदन लगाकर और मुंह मीठा कराकर छोटी काशी के लिए रवाना किया। साथ ही शिव भक्त 21 लीटर जल भरकर छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ के लिए रवाना हुए बाहर से आए कलाकारों ने धार्मिक झांकी प्रस्तुत की जिससे ग्रामीण मंत्र मुग्ध 1 हो गए। जब कांवरियों का जत्था झंडी राज से झंडी चौराहे पर पहुंचा



तो वहां पर चौकी इंचार्ज राजवीर सिंह ने स्वागत करते हुए तिलक चंदन किया।आवश्यक यातायात नियमों को समझाते हुए मंगलमय यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी। सभी कांवरिया छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ के लिए हुए। रवाना शिव भक्त रुरेश राजपूत,रविन्द्र राजपूत ठुक्र्क, राजा कश्यप,राजेश राजपूत,भास्कर मिश्रा, मोहित राजपूत,राजन कश्यप,पंकज सैनी, सत्यम कश्यप,कासीराम जयसवाल, श्यामू, विशाल, किशन, पीयूष कश्यप, मिलन, राजेंद्र राजपूत, सुशील राजपूत,विनोद, मनीष राजपूत, सुशील राजपूत, हनी राजपूत, सारजन जयसवाल, रविन्द्र, आदि भक्त मौजूद रहे।

# सावन महीने में दर्शन करने जा रहें परिवार का नीलगाय द्वारा हुआ एक्सीडेंट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पिपरिया धनी खीरी। थाना मोहम्मदी की पुलिस चौकी रेहरिया क्षेत्र के अंतर्गत गोला मोहम्मदी रोड हाईवें पर स्थित पिपरिया धनी सरदार जी पैलेस के लगभग 50 मीटर दूरी पर दर्शन करने जा रहें।1.आरती देवी उम्र लगभग 40 वर्ष पत्नी रामनिवास निवासी चौकलिया थाना निगोही जिला हरदोई। 2.अर्चना देवी उम्र लगभग 35 वर्ष पत्नी अजय कुमार निवासी रामपुरा थाना कंाट जिला शाहजहांपुर 3.ज्ञान देवी उम्र लगभग 60 वर्ष पत्नी स्वर्गीय रामनरेश निवासी रामपुरा थाना कंाट जिला शाहजहांपुर। 4.पुष्पेन्द्र उम्र लगभग 20 पुत्र स्वर्गीय रामनरेश निवासी रामपुर थाना कंाट जिला शाहजहांपुर नीलगाय टक्कर मार दी मोटरसाइकिल से गोला गोकर्णनाथ छोटी काशी भोलेनाथ शंकर जी के दर्शन करने जा रहें थें।एक्सीडेंट की सूचना मिलतें हीं मौके पर रेहरिया पुलिस चौकी इंचार्ज हिमांशु आनंद सिंह व कांस्टेबल संदीप कुमार, समाजसेवी अमरजीत सिंह व ग्राम प्रधान सुदेश कुमार व रेहरिया पुलिस समस्त सहयोगी टीम के द्वारा मोहम्मदी सीएचसी भेजा गया।

## दर्दनाक हादसा, दीवार गिरने से दो मासूम बहनों की मौत, नाना गंभीर घायल

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सीतापुर के सिधौली क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। खेरेदर्शन नगर निवासी प्रमोद रावत की दो बेटियां ऽ 13 वर्षीय चांदनी और 10 वर्षीय शिवांगी ऽ अपने नाना के घर आई थीं और बारिश के चलते कच्ची दीवार से सटे छप्पर के नीचे सो रही थीं। रात के समय अचानक कच्ची दीवार भरभराकर गिर गई और दोनों मासूम बच्चियां मलबे में दब गईं। हादसे में उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उनके नाना गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सिधौली सीएचसी में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही सिधौली कोतवाली प्रभारी बलवंत शाही पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। गांव में मातम पसरा हुआ है, हर कोई स्तब्ध और शोकाकुल है।

## समाज का उत्थान तब तक संभव नहीं है जब तक लोग शिक्षित नहीं होंगे : वीरेंद्र सिंह यादव

बिसवां सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। समाज का उत्थान तब तक संभव नहीं है जब तक लोग शिक्षित नहीं होंगे ।आज समाज आपस में लड़ता जा रहा है। इसको रोकने के लिए हम सभी को अपनी सोच बदलनी होगी। उक्त विचार उच्च न्यायालय के सेवानिवृत हाई कोर्ट के न्यायधीश वीरेंद्र सिंह यादव ने सामाजिक चेतना चौपाल एवं सामाजिक चेतना फाउंडेशन के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने आगे कहा हमें अपने अधिकारों के लिए स्वयं सोचना होगा। और अधिकारों को पाने के कर्तब्य करना पड़ता है । भारत के संविधान मे सभी वर्गों के लोगों को बराबरी का अधिकार दिया है। संविधान मे मिले अधिकारों के आधार पर समाज को चलना चाहिए। उन्होंने कहा अपनी सोच बदलकर ही आपस में भाईचारा बनाए रखना से ही समस्याओ का हल निकलेगा। उन्होंने कहा अदालतो मे जो हम वर्षो लड़ाई लड़ कर हासिल करते है ।यदि हमारी ग्राम पंचायतें संविधान के अनुसार भाईचारे की भावना से काम करे तो हमे अदालतो के चक्कर लगाने से बचा जा सकता है। मात्र सोच बदलने की जरूरत है चीजे अपने आप बदल जाएगी। सामाजिक चेतना फाउंडेशन के द्वारा आयोजित सामाजिक चेतना चौपाल के कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मास्टर प्रमोद वर्मा ने कहा लोग अपने अधिकारों की ही बात नही करते बल्कि कर्तब्यो का भी पालन करते है। सामाजिक चेतना ही लोकतंत्र की आत्मा है। हर व्यक्ति को शिक्षा ,संवाद और सहभागिता के जरिये सामाजिक चेतना को अपनाना चाहिए। कार्यक्रम के संयोजक मोहम्मद साद व कोडिनेटर नूर नेता मुख्यतिथि का अंगवस्त्र मोमेंटो देकर स्वागत किया। कार्यक्रम को अधिवक्ता अवनीश यादव, महेंद्र यादव, आरएन सिंह ने भी संबोधित किया। संचालन सामाजिक कार्यकर्ता हरीशंकर गुप्ता ने किया। अंत मे मोहम्मद साद ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कमलेद्र वाजपेई, शुभम रस्तोगी, अमर मेहरोत्रा, नीरज श्रीवास्तव, नईम अंसारी ,दिनेश कुमार श्रीवास्तव, फिरोज कौशर, बाबूराम वर्मा, संदीप यादव, उमर अंसारी, पंकज भारतीय, कलाम अहमद सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## ग्राम पंचायत उनई में लेखपाल पर भ्रष्टाचार और कामचोरी के गंभीर आरोप, ग्रामीणों ने हटाने की मांग की

सीतापुर (सिधौली) कैनविज टाइम्स संवाददाता। ग्राम पंचायत उनई/उसरा की वर्तमान लेखपाल सुश्री रोशनी शर्मा पर गंभीर आरोप लगे हैं। ग्रामीणों की ओर से जिलाधिकारी सीतापुर को प्रेषित शिकायती पत्र में बताया गया है कि लेखपाल गांव में खुद कभी उपस्थित नहीं रहतीं, बल्कि अपने मुँशी के माध्यम से ही सारा सरकारी कार्य कराती हैं। शिकायत में यह भी कहा गया कि मुँशी द्वारा छोटे-छोटे कार्यों के बदले ग्रामीणों से ?5000 तक की अवैध वसूली की जाती है। आरोप है कि मुँशी न केवल रिश्वतखोरी करता है, बल्कि शपथ पत्र, वरासत एवं नक्शा रिपोर्ट जैसे कार्यों में सीधे हस्तक्षेप करता है। शिकायतकर्ता ने बताया कि जब ग्रामीणों ने लेखपाल से सीधी बातचीत की कोशिश की, तो उन्हें अपमानित होना पड़ा। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया कि लेखपाल का मुँशी पंचायत भवन को ही अपना ठिकाना बना बैठा है, जहां से सरकारी कार्यों में अनधिकृत रूप से दखल देता है। ग्रामीणों ने लेखपाल को तत्काल हटाने की मांग करते हुए कहा है कि एक अनुसूचित जाति की महिला प्रधान होने के बावजूद लेखपाल द्वारा उचित सम्मान नहीं दिया जा रहा, जो संविधान की भावना के भी खिलाफ है।

ग्रामीणों और प्रधान ने मिलकर जिलाधिकारी से अपील की है कि उक्त लेखपाल को ग्राम पंचायत से हटाया जाए और निष्पक्ष जांच कराकर उचित कार्रवाई की जाए

## सीतापुर मालगोदाम पर इफको खाद की बोरियां बरसात में भीगीं किसानों को होगा नुकसान

सीतापुर। जनपद सीतापुर के मालगोदाम पर मंगलवार को इफको खाद की रेक के आगमन के बाद अराजकता का दृश्य देखने को मिला। रेक से उतारी जा रही खाद की बोरियों को खुले आसमान के नीचे बरसात में रखा गया, जिससे भारी मात्रा में बोरियां भीग गईं। इस स्थिति से खाद की गुणवत्ता पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है, जो अंततः किसानों के लिए नुकसानदेह साबित होगी।मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार, न तो ठेकेदार ने ट्रिपाल या किसी अन्य सुरक्षा संसाधन का इंतजाम किया, न ही विभागीय अधिकारियों ने समय रहते कोई कार्यवाही की। खाद वितरण में देरी और खराब गुणवत्ता की शिकायतें पहले से ही बनी हुई हैं, और अब बोरियों के भीगने से किसानों को समय पर उचित खाद उपलब्ध नहीं हो पाएगी।स्थानीय किसानों और जनप्रतिनिधियों ने इस पर ठेकेदारों की लापरवाही और विभागीय अधिकारियों की उदासीनता को जिम्मेदार ठहराया है। लोगों ने मांग की है कि लापरवाह ठेकेदारों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए और भविष्य में खाद की सुरक्षित ढुलाई एवं भंडारण की सुनिश्चित व्यवस्था की जाए।


# चोरी की घटनाओं का खुलासा करने मे नाकाम नीमगांव पुलिस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। जिले के अंतर्गत नीमगांव थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर रोक नहीं लग पा रही है। चोर आए दिन वारदात को अंजाम दे रहे हैं। लेकिन खुलासे के नाम पर पुलिस नाकाम साबित हो रही है। अधिकारियों द्वारा किए जा रहे सुरक्षा के दावे भी फ़ेल होते नजर आ रहे हैं। बीते दो माह में करीब तीन दर्जन से अधिक वारदात हो चुकीं हैं। लेकिन खुलासे के नाम पर पुलिस खाली हाथ है। पुलिस अधिकारी भले ही दावा करते हों कि चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए प्रयास किए जा रहे है,जबकि हकीकत कुछ और ही कहानी बयां करने वाली है। बीते दो माह मे करीब तीन दर्जन से अधिक घरों में वारदात को अंजाम दिया जा चुका हैं। खुलासे के नाम पर सिर्फ घटनास्थल का निरीक्षण और पीड़ित को आश्वासन ही हाथ लगता है और न तो पुलिस चोर का पता लगा पा रही है न हीं वारदात पर रोक ही लगा पा रही है।

ताबड़तोड़ हुई चोरी की घटनायें....!!!

विगत 1 अगस्त की रात में चोरों ने



ग्राम पिपरी नारायन में 5 घरों को निशाना बना थाना क्षेत्र में सनसनी फैला दी है,अज्ञात चोरों ने शुक्रवार की रात को चोरी की बड़ी वारदात के दौरान हाईटेक तरीके से निगरानी के लिए ड्रोन कैमरे का भी इस्तेमाल करने की बात ग्रामीणों ने कहीं हैं, उन्होंने पांच घरों को निशाना बनाया और अलग परिवारों से लाखों रुपये की नकदी और आभूषण चुरा लिए। चोरों ने सीढ़ियों के जरिए व खिड़की की ग्रिल काटकर घर में प्रवेश करने की बात समाने आई हैं।

**विगत दो माह में तीन दर्जन से अधिक घरों में चोरी की घटित हुई वारदात**

घटना 1- गांव के गिरीश पुत्र निशेष कुमार बताते हैं कि चोरों ने मकान के दरवाजे के पास बनी बैठक की खिड़की तोड़ घर में प्रवेश करनी की कोशिश की पर दरवाजा अंदर से बंद होने के कारण चोर घर में प्रवेश करने में असफल रहे,फिर चोरों ने मकान के पीछे सीढ़ी लगा छत पर चढ़ गए जीने यानी (सीढ़ी) का दरवाजा तोड़ घर में प्रवेश कर गए,घर में सो रहे स्वजनों के कमरों के दरवाजे की कुण्डी चोरों ने बाहर से बंद कर दिया जिससे स्वजनों के जगाने पर चोरों की मौजूदगी न पता चल सके लेकिन गिरीश की बहन ने अपने घर के बाहर एक संदिग्ध व्यक्ति को देखा,जिससे उन्हें चोरों का अहसास हुआ, जहां घर में लूटपाट के बाद नकदी और आभूषण चोरी हो गए थे,गिरीश ने छत से अपनी लाइसेंसी बंदूक से गोली चलाई, लेकिन चोर तब तक भाग चुके थे।

घटना 2- वहीं चोर कालीचरन तिवारी पुत्र राम गुलाम तिवारी के घर चोर पीछे की खिड़की से घुसे और 1 लाख रुपये की नकद और लगभग 5 लाख रुपये कीमती जेवरात चुरा ले गए हैं।

घटना 3- वहीं कालीचरन के मकान के सहारे पुत्तन लाल के घर में घुसे और 60 हजार रुपये नकद और एक जोड़ी झुमकी चुरा ले गए हैं,

घटना 4- रामसनेही के बेटे सुरेश चंद के घर में चोरों ने सीढ़ियों के रास्ते प्रवेश किया और 35,000 रुपये नकद और लगभग 7.5 लाख रुपये का सोना चांदी के जेवरात चुरा लिया गए हैं।

घटना 5- गांव के पिंकू तिवारी पुत्र परशुराम तिवारी के सभी परिजन छत पर सो रहे थे घर में मकान के उत्तर दीवार के सहारे घर में प्रवेश कर गए,बिना स्वजनों को भनक लगें अलमारी व बक्से समेत अन्य जगहों से 60 हजार की नगदी व बेशकीमती जेवरात चुरा ले गए हैं।

मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र किए गए हैं।

एसएसआई धर्मेंद्र सिंह यादव और चौकी प्रभारी आशीष सहरावत समेत पुलिस जांच करने पहुंची। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने रात एक बजे से तीन बजे के बीच तीन लाइटों वाला एक ड्रोन कैमरा उड़ता देखा था,तथा पुलिस द्वारा चोरों की तलाश और मामले की जांच के लिए साक्ष्य एकत्र करने हेतु फोरेंसिक टीम को बुलाया गया।

# डीएम ने किया बाढ़ क्षेत्रों का निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूँ। जिलाधिकारी अवनीश राय ने तहसील दातागंज के अन्तर्गत गंगा नदी के दायें किनारे पर स्थित ग्राम समूह जटा, ठकुरी नगला आदि बाढ़ संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने अटैना पुल के समीप के क्षेत्र एवं गंगा नदी के बायें किनारे पर निर्मित उसावां तटबंध एवं उसहैत तटबंध का निरीक्षण भी किया। उन्होंने उपस्थित ग्रामवासियों से वार्ता कर समस्याओं को सुना व उसके निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिए।

डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह प्रभावित क्षेत्रां का नियमित रूप से निरीक्षण करें तथा यह सुनिश्चित करें कि ग्रामवासियों को कोई समस्या या परेशानी नहीं होना चाहिए। उन्होने ग्रामवासियों से संवाद स्थापित करते हुए उनको आश्वस्त किया कि प्रशासनिक टीम पूरी तरह से तैयार है व उनकी हर परेशानी में उनके साथ है।

उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की सूचना देने व सहायता लेने के लिए वह सिंचाई विभाग बाढ़ खण्ड के कंट्रोल रूम नम्बर 05832-451362 अथवा कलेक्ट्रेट स्थित कंट्रोल रूम नम्बर 7505395940, 7505389289 व 05832-266052 पर सम्पर्क किया जा सकता है। ग्राम जटा के सम्पर्क मार्ग पर निर्मित रपटा पुल पर कुछ पानी आने के कारण आवागमन बाधित हुआ है, यहां पर प्रशासन द्वारा स्टीमरों की व्यवस्था करा दी गयी है। डीएम ने बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत सामग्री शीघ्र ही वितरित कराने हेतु प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने अटैना पुल के समीप के क्षेत्र एवं गंगा नदी के बायें किनारे पर निर्मित उसावां तटबंध एवं उसहैत तटबंध का निरीक्षण किया। अधिक वर्षा के कारण तटबंधों पर हुए रेनकट्स को बाढ़ खण्ड के अधिकारियों को शीघ्र ही मरम्मत करने के निर्देश दिये गये।

निरीक्षण के समय अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) वैभव शर्मा, उपजिलाधिकारी दातागंज धर्मेन्द्र कुमार सिंह, सहायक अभियन्ता बाढ़ खण्ड नेशपाल, अनुज मिश्रा एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# त्यौहारों के दृष्टिगत खाद्य सुरक्षा विभाग ने लिए नमूने

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। आगामी रक्षाबन्धन त्यौहार के दृष्टिगत आम जनमानस को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थों की उपलब्धता हेतु जनपद में मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों की बिक्री पर प्रभावी रोकथाम हेतु विशेष अभियान के तहत सोमवार को जनपद के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के कुल 08 खाद्य पदार्थो के नमूने जाँच हेतु संग्रहित किए गए एंव आरिफपुर नवादा बदायूँ पर एफएसडब्लू द्वारा 18 खाद्य पदार्थों के नमूने मौके पर ही चेक किये गये। संग्रहित किए गए एक नमूना को जाँच हेतु खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। जाँच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी।

सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय सीएल यादव ने बताया कि आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उ0प्र0 एवं जिलाधिकारी अवनीश राय के निर्देश पर उनके व मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में गोपाल जी स्वीट्स एण्ड कन्फैक्शनरी वजीरगंज बदायूँ के प्रतिष्ठान से लौंज का नमूना, बालाजी स्वीट्स वजीरगंज बदायूँ के प्रतिष्ठान से पनीर का नमूना, सिंह रेस्टोरेन्ट एण्ड स्वीट्स हाउस कुँवरगाँव, बदायूँ के प्रतिष्ठान से खोया का नमूना, मेसर्स आजाद ट्रेडर्स कुँवरगॉव बदायूँ के प्रतिष्ठान से सोन पापड़ी का नमूना, चौधरी स्वीट्स नवादा चौराहा बदायूँ के प्रतिष्ठान से बर्फी का नमूना, पुरानी चुंगी टिकटगंज बदायूँ स्थित रूप किशोर के प्रतिष्ठान से सरसों तेल का नमूना, प्रोफ़ेसर कालोनी नगर पालिका बदायूँ स्थित शुभम माथुर के प्रतिष्ठान से साबूदाना का नमूना, भागीरथ स्वीट्स काली सड़क नगर पालिका बदायूँ के प्रतिष्ठान से बर्फी का नमूना।

उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान समस्त खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य पदार्थों को ढककर रखने, दुकानों में साफ-सफाई रखने, शुद्ध एवं गुणवत्ता पूर्वक खाद्य पदार्थों को बेंचने, बिना लाइसेंस के खाद्य कारोबार नहीं संचालित करने के कड़े निर्देश दिए गए। मौके पर उपस्थित आम जनमानस को अपमिश्रण से होने वाले दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया गया।

टीम में सहायक आयुक्त (खाद्य)-द्वितीय सीएल यादव, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी आरपी सिंह एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण प्रमोद कुमार, खुशीराम, प्रिया त्रिपाठी एवं करन सिंह मौजूद रहे।

# नालसा द्वारा संचालित मध्यस्थता अभियान में करायें अपने वादों का निस्तारण : एडीजे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नालसा नई दिल्ली तथा मीडियेशन एवं कंसीलियेशन प्रोजेक्ट कमेटी, सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के तत्वाधान में सम्पूर्ण राष्ट में दिनांक 01 जुलाई 2025 से 30 सितम्बर 2025 तक राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान संचालित किया जा रहा है जिसके अन्तर्गत न्यायालयों में लम्बित विभिन्न प्रकार के वादों यथा वैवाहिक विवाद के मामले, दुर्घटना दावे के मामले, घरेलू हिंसा के मामले, चैक बाउन्स के मामले, वाणिज्यिक विवाद के मामले, सेवा विवाद के मामले, शमनीय आपराधिक मामले, उपभोक्ता विवाद के मामले, ऋण वसूली के मामले, सम्पत्ति के बंटवारे से संबंधित मामले, बेदखली से संबंधित मामले, भूमि अधिग्रहण के मामले, अन्य उपयुक्त दीवानी मामले आदि को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित होने योग्य मामलों का निस्तारण कराने हेतु अधिक से अधिक संख्या में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ के अधीन संचालित मध्यस्थता केन्द्र, बदायूँ को संन्दर्भित करा सकते हैं।

उपरोक्त के क्रम में माननीय जनपद न्यायाधीष/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ, श्री विवेक संगल के निर्देषानुपालन मे अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीष/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ, श्रीमती षिव कुमारी द्वारा दिनांक 01 जुलाई 2025 से 30 सितम्बर 2025 तक राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु समस्त न्यायालयों में उक्त सूचना प्रचालित की जा चुकी है ताकि अधिक से अधिक सुलह योग्य वादों को मध्यस्थता केन्द्र हेतु सन्दर्भित कराये जा सके तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ के द्वारा समय समय पर विधिक जागरूकता शिविरों के माध्यम से जन-सामान्य को जागरूक करने हेतु व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त उक्त अभियान को सुचारू रूप से धरातल पर उतारने के लिए बैनर, पोस्टर, पम्पलेटस आदि प्रचार सामिग्री भी उपयुक्त स्थानों पर वितरित एवं चस्पा करायी जा रही है।

इसी क्रम में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीष/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ, श्रीमती षिव कुमारी द्वारा जनपद में आवासित समस्त आम जन-मानस/वादकारियों से अपील है कि उक्त मध्स्थता अभियान को सफल बनाने हेतु सुलह योग्य वादों को मध्यस्थता केन्द्र, बदायूँ में सन्दर्भित कराना सुनिष्चित करें।

## तीन सड़कों पर बाढ़ का पानी आया

**अनूपशहर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मैदानी व पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार हो रही बरसात से गंगा में बाढ़ ने विकराल रूप ले लिया है। नगर के तीन सड़कों पर बाढ़ का पानी घुस गया है। मैदानी तथा पहाड़ी इलाकों में लगातार बरसात के चलते नदियां उफान ले रही हैं। गंगा नदी में भी बाढ़ का पानी तेजी के साथ नगर की सड़कों की ओर बढ़ रहा है। मुहल्ला गंगा द्वार में बाढ़ का पानी लगभग 40 फुट, जाह्नवी प्लेटफार्म पर 25 फुट, मुहल्ला मदार गेट स्थित कुंज घाट पर भी बाढ का पानी सड़क पर आ चुका है। प्रशासन द्वारा बाढ़ चौकियों को सक्रिय कर दिया गया है। एसडीएम प्रियंका गोयल ने बताया है, कि अहार, मारकपुर, हसनपुर, कल्याणपुर, सिरोरा, तोरई, बच्ची खेड़ा आदि गंगा तटीय गांव के लेखपालों को चेतावनी दी गई है, कि वह ग्रामीणों को अलर्ट रहने का संदेश दें। बच्चों तथा पशुओं को गंगा तट की ओर न जाने दें। किसी भी स्थिति में सुरक्षित स्थान पर पहुंचे। नगर के गोताखोरों को भी अलर्ट रहने का निर्देश दिया गया है। गंगा किनारे बसे गांव के खेतों में बाढ़ का पानी घुस गया है। जिससे सामान्य जनजीवन पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। अनूपशहर नगर में शाम को होने वाली गंगा आरती का स्थान बदलना पड़ा है। अभी तक किसी प्रकार की जनहानि की कोई संभावना नहीं है।

## भगवान आशुतोष का जलाभिषेक किया

**अनूपशहर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सावन माह के अंतिम सोमवार को आसपास के गांव से आए हजारों शिव भक्तो ने गंगा में स्नान कर भगवान आशुतोष का जलाभिषेक किया। सावन माह के अंतिम सोमवार को शिव भक्तों ने नगर के विभिन्न घाटों पर गंगा स्नान कर पात्रों में गंगा जल लेकर अपने निकट मंदिरों में शिवलिंग पर बेलपत्र, फल, फूल, भांग, धतूरा, मिष्ठान अर्पित कर दूध व गंगा जल से जलाभिषेक किया। शिव मंदिरों में हर-हर महादेव, बोल बम-बम के जयकारों आसपास के क्षेत्र गुंजायमान रहे। दोपहर तक मंदिरों में शिवभक्तों का तांता लगा रहा। इस दौरान शिवस्वरूप घाट पर पवन गर्ग, सतीश चन्द्र गर्ग द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

## मैथिल ब्राह्मण सभा की मासिक बैठक आयोजन

**बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिला संगठन मंत्री अनिल शर्मा फौजी के आवास मोहल्ला न्यू कृष्णा नगर मंडी समिति के सामने श्री सर्वेश चंद्र शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई. जिसमें सभी लोगों ने मैथिल सभा द्वारा बदायूं के चौराहों पर शिव भक्त कांवड़ियों के लिए लगाए गए स्वागत होर्डिंग की सराहना की इस कार्य के लिए को धन्यवाद दिया. इसके बाद वैवाहिक परिचय मैथिल सभा बदायूं द्वारा जो ग्रुप बनाया है उस समाज को बहुत फायदा हो रहा है इसके लिए भी मैथिल.सभा बदायूं की पूरी टीम बधाई की पात्र है. बैठक को आगे बढ़ते हुए समिति के जिला अध्यक्ष श्री नवल किशोर शर्मा ने संगठन पर विस्तार से चर्चा की तथा संगठन के महत्व को बताया. संगठन द्वारा पिछले माह कराए गए वृक्ष वृक्षारोपण की चर्चा की तथा लोगों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किया. सभा में उपस्थित सभी सदस्यों नेटीम द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की एवं भविष्य में साथ रहने एवं पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया. बैठक में सुरेश चंद्र शर्मा रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर पुलिस, हेमचंद शर्मा सेवानिवृत्ति सिंचाई विभाग, ब्रह्मदेव शर्मा प्रबंधक, उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, अनिल शर्मा फौजी, मदनलाल शर्मा,इंजी.नवल किशोर शर्मा जिला अध्यक्ष बदायूं, डॉ प्रमोद शर्मा कोषाध्यक्ष, सोमदत्त शर्मा अध्यापक सोमदत्त शर्मा अध्यापकसोमदत्त शर्मा जिला सचिव, अध्यापक राधेश्याम शर्मा जिला सचिव, मंगल सेन शर्मा, सर्वेश चंद्र शर्मा, अशोक शर्मा विजयनगर, अशोक शर्मा महाराज नगर, मनोज शर्मा मीडिया प्रभारी, आदि अनेक लोग मौजूद रहे।

## आरोपी से सांठगांठ में बगरैन चौकी प्रभारी लाइन हाजिर

**बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** चौकी प्रभारी सुजीत सिंह को एसएसपी ने लाइन हाजिर किया है। उन पर आरोप है कि एक महिला के घर में घुसकर छेड़खानी व बाइक से पीछा करने के बाद भी आरोपी के खिलाफ कार्रवाई नवजीरगंज थानाक्षेत्र की रिपोर्टिंग चौकी बगरैन क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने एक युवक पर पीछा करने व छेड़खानी करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी थी। पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। इसकी शिकायत महिला ने चार दिन पहले एसएसपी बृजेश कुमार सिंह से की थी। महिला ने बताया कि चौकी प्रभारी ने आरोपी पर कार्रवाई की जगह उस पर ही फैसले का दबाव बना रहे हैं। एसएसपी ने इस मामले की जांच कराई तो मामले में चौकी प्रभारी दोषी पाए गए। रविवार को उन्हें लाइन हाजिर कर दिया है। खबर लिखने तक उनके स्थान पर अन्य किसी को चार्ज नहीं दिया गया है।

# बारिश के दृष्टिगत अधिकारियों द्वारा गौशालाओं को किया गया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार जनपद में लगातार हो रही बारिश व बाढ़ की संभावना के दृष्टिगत विकास खण्ड महराजगंज, रायबरेली के अन्तर्गत 06 निराश्रित पशु आश्रय स्थलों का अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें गोवंश आश्रय स्थल असनी का निरीक्षण उपजिलाधिकारी महराजगंज सचिन यादव, तहसीलदार महराजगंज मजुला मिश्रा एवं खण्ड विकास अधिकारी महराजगंज वर्षा सिंह द्वारा किया गया।

इसी प्रकार मऊ गोवंश आश्रय स्थल का निरीक्षण खण्ड विकास अधिकारी महराजगंज वर्षा सिंह, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी महराजगंज उमेश कुमार एवं ग्राम पंचायत सचिव मऊ द्वारा गया किया गया। गोवंश आश्रय स्थल हरदोई का निरीक्षण खण्ड विकास अधिकारी महराजगंज एवं पशु चिकित्साधिकारी हरदोई, महराजगंज द्वारा किया गया। गोवंश आश्रय स्थल कुसमौरा का निरीक्षण उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी एवं ग्राम पंचायत सचिव कुसमौरा द्वारा किया गया। गोवंश आश्रय स्थल मोन का निरीक्षण उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी महराजगंज एंव ग्राम पंचायत सचिव मोन द्वारा किया गया। गोवंश आश्रय केंद्र कोटवा मोहम्मदाबाद का निरीक्षण उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी महराजगंज एवं ग्राम पंचायत सचिव कोटवा मोहम्मदाबाद के द्वारा गया है।

निरीक्षणकर्ता अधिकारियों द्वारा भारी वर्षा के मद्देनजर गोवंश स्थलो की साफ-सफाई, पानी निकासी की समुचित व्यवस्था, तिरपाल की व्यवस्था, चारा भूसे की समुचित व्यवस्था तथा रात्रि में केयरटेकर की अनिवार्य रूप से उपस्थिति के संदर्भ में हिदायत एवं आवश्यक निर्देश दिये गयें।

# गणेश चौथ मेले को लेकर एसपी ने की बैठक




कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल। जिलाधिकारी सम्भल डॉ0 राजेंद्र पैंसिया व श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद संभल श्री कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार बहजोई पर गणेश चौथ मेला के आयोजन के दृष्टिगत संयुक्त वार्षिक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मेले की व्यवस्थाओं के संबंध में मेला कमेटी के सदस्यों से वार्ता की गई तथा संबंधित अधिकारीगण को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए । इस दौरान अपर जिलाधिकारी संभल, अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) संभल, क्षेत्राधिकारी चंदौसी, उपजिलाधिकारी चंदौसी आदि अधिकारीगण मौजूद रहे।

# ग्राम विजय नगला में हुये सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा, युवक गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूं। तेजतर्रार एसएसपी डा0 बृजेश कुमार सिंह के निर्देशन पुलिस अधीक्षक नगर विजयेन्द्र द्विवेदी एवं क्षेत्राधिकारी नगर रजनीश कुमार उपाध्याय के पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार कम्बोज थाना बिनावर के नेतृत्व में अपराध की रोकथाम व अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस टीम थाना बिनावर द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए एसओजी व सर्विलांस टीम बदायूँ की मदद से थाना बिनावर क्षेत्र के ग्राम विजयनगला में हुए सनसनीखेज सुरेशचन्द्र गुप्ता हत्या कॉंड का अनावरण एसएसपी डॉ बृजेश कुमार सिंह ने पुलिस लाइन सभागार में प्रेसवार्ता कर खुलासा किया आपको बता दें कि अभियुक्त धर्मेन्द्र गुप्ता पुत्र जवाहर लाल गुप्ता निवासी विजय नगला थाना बिनावर को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल एक लकडी की फन्टी बरामद किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। वही आपको बता दें कि पूरा मामला थाना बिनावर, बदायूँ पर मुकदमा पंजीकृत बीएनएस बनाम अज्ञात में दौराने विवेचना ज्ञात हुआ कि मृतक सुरेश चन्द गुप्ता पुत्र विशुनलाल गुप्ता निवासी विजय नगला थाना बिनावर जनपद बदायूँ का सगा साला धर्मेन्द्र गुप्ता पुत्र जवाहर लाल गुप्ता निवासी विजय नगला थाना बिनावर जनपद बदायूँ जो मूल रुप से शाहजहाँपुर के रहने वाला है, जो वहाँ से लगभग 25 वर्ष पूर्व सपरिवार ग्राम विजय नगला में आकर स्थायी रुप से बस गया जिसपर विभिन्न अभियोग विभिन्न न्यायालयों में विचाराधीन हैं। मुकदमों की पैरवी व खर्चों को लेकर धर्मेन्द्र गुप्ता ने पैसे के लालच में धोखे से एक हफ्ते पूर्व को सामूहिक पारिवारिक जमीन को अपने बहनोई मृतक सुरेश चन्द गुप्ता के पिता विशुनलाल गुप्ता से इनके पारिवारिक अजय गुप्ता पुत्र स्व राजेन्द्र गुप्ता निवासी सिकरोड़ी थाना बिनावर जनपद बदायूँ के नाम एक बीघा आठ बिस्वा जमीन करवा दी और अपनी दलाली के एक लाख बीस हजार रुपये अजय गुप्ता से तय कर लिया। जब धोखे से कराये गये इस बैनामे के सम्बन्ध में जानकारी मृतक सुरेश चन्द गुप्ता को हुई तो उन्होने इसका विरोध करते हुए सपरिवार बैनामे के दाखिला खारिज के विरुद्ध मुकदमा मा न्यायालय में दर्ज करा दिया। मुकदमा दर्ज होने की जानकारी अजय गुप्ता को हुई तो इसने धर्मेन्द्र गुप्ता को पैसे देने से मना कर दिया।

# महिलाओं ने की देश में अमन चैन की कामना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



संभल। मोहम्मद्पुर टांडा में शिव मंदिर पर महिला टीम द्वारा बृजघाट से डाक कावड़ के द्वारा ले गए जल का जलाभिषेक शिव मंदिर मोहम्मद्पुर टांडा पर किया गया कल 3 अगस्त 2025 को महिला टीम का जत्थ बृजघाट से डाक कावड़ लेने गई महिलाओं ने आज सा कुशल मोहम्मद्पुर टांडा शिव मंदिर पहुंचकर जलाभिषेक किया और देश में अमन चैन सुख शांति की कामना करते हुए भोलेनाथ से प्रार्थना की

जनपद संभल में मोहम्मद्पुर टांडा महिला टीम द्वारा पहली डाक कावड़ लाए जाने पर पूरी टीम की

प्रशंसा करते हुए ग्राम वासियों ने हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया

डाक कावड़ जत्था मे मीनू शर्मा पूर्व जिला अध्यक्ष महिला कंाग्रेस प्रियांशी शर्मा सुहानी शर्मा मानवी चौधरी मोहनी चौधरी सिमी चौधरी खुशी चौधरी महक चौधरी मीनाक्षी चौधरी सानिया चौधरी बबीता शर्मा प्रतीक्षा शर्मा चंद्रकांत शर्मा सुरभि जोशी मिथिलेश जोशी कुसुम चौधरी अघोरी कश्यप राधिका गिरी

सहयोगी टीम में विजय शर्मा निवर्तमान जिला अध्यक्ष कंाग्रेस मुनेश कुमार जोशी ठाकुर दुष्यंत कुमार सिंह सुदीस शर्मा विवेक चौधरी अनिकेत चौधरी दीपक शर्मा हर्षित शर्मा निशांत चौधरी राजा शर्मा धीरज शर्मा हैप्पी चौधरी आकाश शर्मा आदि लोग सहभागी रहे

# वकीलों ने मेरठ में उच्च न्यायालय की खंडपीठ स्थापित करने की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अनूपशहर। बार एसोसिएशन के बैनर तले वकीलों ने मेरठ में उच्च न्यायालय की खंडपीठ स्थापित करने की मांग प्रधानमंत्री से की।

सोमवार को बार अध्यक्ष कमलचंद बंसल व सचिव दीपेंद्र राघव के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम प्रियंका गोयल को प्रेषित किया। वकीलों ने बताया कि उच्च न्यायालय इलाहाबाद की दूरी लगभग 700-800 किमी है। जिसके चलते वादकारियों का समय और धन की बर्बादी होती है। जबकि सरकार की नीति है, कि वादकारियों को सस्ता और सुलभ न्याया दिलाएं। अधिवक्ताओं ने सरकार पर सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए बताया कि महाराष्ट्र के कोल्हापुर में 6 जनपदों के लिए उच्च न्यायालय की खंडपीठ स्थापित की गई है। जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 22 जिलों की लगभग 7 करोड़ जनता रहती है। जो अधिवक्ताओं के साथ मिलकर 50 वर्षो से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में उच्च न्यायालय खंडपीठ स्थापित करने की मांग करते आ रहे है। अधिवक्ताओं ने वादकारीयों के हित में पश्चिम उत्तर प्रदेश के जनपद मेरठ में उच्च न्यायालय की खंडपीठ स्थापित करने की मांग की। बार एसोसिएशन की ओर से सरकार को चेतावनी दी गई की मांग पूरी न होने पर अधिवक्ता जनता के साथ मिलकर आंदोलन करने को विवश होंगे। इस मौके पर प्रमोद राजोरा, सुरेंद्र भारतीय, जावेद अख्तर, संजीव नागेश, शेख रेहान, शीशपाल सिंह, विपिन गुप्ता आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# सड़क कट जाने से आवागमन अवरुद्ध

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अनूपशहर। लगातार बरसात होने से जगह-जगह जल भराव होने के साथ गांव नेता नगर के निकट सड़क कट जाने से आवागमन अवरुद्ध हो रहा है। रविवार की रात्रि से सोमवार सुबह तक लगातार बरसात होने से क्षेत्र के अनेक गांवों को जोड़ने वाली सड़कों पर जल भराव की समस्या पैदा हो गई है। आवागमन में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अनेक स्थानों पर खेतों में पानी भर जाने से तालाब जैसी स्थिति पैदा हो गई है। जिन किसानों के खेत नीचे स्थान पर पडते हैं, वहां फसल पूरी तरह डूब गई है। जिससे फसल बर्बाद होने की संभावना है। लगातार बरसात होने से लोग घरों से बाहर नहीं निकल रहे, जिससे बाजार में सन्नाटा की स्थिति बनी हुई है। स्कूल कालेज में विद्यार्थियों की संख्या काफी कम है। अनूपशहर से सलामतपुर जाने वाले मार्ग पर गांव नेता नगर के निकट सड़क कट जाने से कई अन्य गांव के ग्रामीणों को आवागमन ने परेशानी का सामना करना पड़ेगा। इस मार्ग से सलामतपुर, पचदेवरा, शिकोई, बामनपुर, खनोदा, अमरपुर, मौजपुर आदि गांव के लोगों को समस्या का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से बरसात से कटी सड़क को ठीक कराए जाने की मांग की है।

# मानव-वन्यजीव संघर्ष पर लोगों को जागरूक करेंगे शिक्षक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । सामुदायिक सहभागिता और लोक मीडिया के माध्यम से वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने तथा मानव-वन्यजीव संघर्ष जैसे ज्वलंत मुद्दों पर जनजागरूकता फैलाने हेतु जिला स्तरीय कार्यशालाङ्क का शुभारंभ सोमवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में हुआ। यहां से प्रशिक्षित शिक्षक ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करेंगे। यह कार्यक्रम भारत सरकार की संस्था राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद तथा इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड एडवांस्ड स्टडीज के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है। मुख्य अतिथि वर्ल्ड वाइल्ड फंड के सीनियर प्रोजेक्ट ऑफिसर दबीर हसन ने कहा कि वर्तमान समय में मानव अपनी जरूरत की पूर्ति के लिए वन्यजीव क्षेत्रों में प्रवेश करता जा रहा है। अब समय आ गया है कि लोगो को इसके प्रति जागरूक कीकिया जाए, अन्यथा वन्य जीव और मानव संघर्ष बढ़ता जाएगा जिसके परिणाम घातक होंगे। अध्यक्षीय संबोधन में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्व विद्यालय लखनऊ के प्रोफ़ेसर अरविंद कुमार सिंह ने ग्रामीण क्षेत्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षणथियों का मार्गदर्शन किया और कार्यशाला में विकसित हुयी विज्ञान आधारित पटकथा के आधार पर अपने -अपने विद्यालय और गाँव में विज्ञान पुतुल नाटक आयोजित करने को प्रोत्साहित किया। नोडल अधिकारी रमेश सर ने कहा कि समाज में ऐसा कुछ नहीं जो विज्ञान से जुड़ा न हो। इसलिए विज्ञान संचार अति आवश्यक है। ग्रामीण क्षेत्र जहाँ आज भी आधुनिक संचार माध्यम नहीं पहुँच रहें है। वहाँ विज्ञान जैसे विषय को परम्परागत माध्यमों से प्रभावशाली तरीके से प्रसारित किया जा सकता है। इसके लिए कठपुतली (पुतुल) मध्यम अहम भूमिका निभा सकता है। लोक मीडिया विशेषज्ञ श्रीनारायण श्रीवास्तव ने कठपुतली कला के माध्यम से वैज्ञानिक जागरूकता के साथ-साथ वन्यजीव संरक्षण तथा मानव-जानवर टकराव की रोकथाम जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर आकर्षक प्रस्तुति दी ।

मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. तारिक बदर, पूर्व नियंत्रक, सीएसआईआर-एचआरडीसी, नई दिल्ली ने वैज्ञानिक सोच के प्रचार-प्रसार में पारंपरिक मीडिया की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मानव और वन्यजीवों के बीच बढ़ते टकराव को समझने और उसका समाधान खोजने के लिए भी वैज्ञानिक सोच और सामुदायिक सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. रंजीत कुमार ने बताया कि यह कार्यशाला पाँच दिन चलेगी, जिसमे प्राथमिक विद्यालयों के 30 शिक्षक प्रतिभाग कर रहे है। ये सभी शिक्षक ग्रामीण क्षेत्र में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के लिए पुतुल निर्माण, पटकथा लेखन एवं नाट्य मंचन सीख रहें हैं। इसके उपरांत अपने क्षेत्रों में मानव वन्य जीव संघर्ष, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, पर्यवरण और स्वच्छता के बारे इन्ही माध्यमों से प्रस्तुति देंगे।

# हर घर तिरंगा कार्यक्रम में निकाली जाएगी रैली

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ल्हर घर तिरंगाङ्कअभियान के सफल संचालन हेतु जिला धिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में कले क्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयो जित की गई।बैठक में जिले के सभी संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार 13 से 15 अगस्त तक प्रत्येक घर पर तिरंगा फहराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से तैयारियाँ पूर्ण करने के निर्दे श दिए गए हैं।उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम न केवल राष्ट्रभक्ति की भावना को जागृत करता है,बल्कि आमजन में देशप्रेम और एकता की भावना को भी मजबूत करता है।जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि तिरंगे की आपूर्ति, वितरण और प्रचार-प्रसार की सभी व्यवस्थाएं शीघ्रातिशीघ्र सुनिश्चित कर ली जाएं। इसके साथ ही उन्होंने नगर निकायों,ग्राम पंचा यतों,स्कूलों आंगनबाड़ी केंद्रों,स्वयं सहायता समूहों एवं अन्य संस्थानों के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने के निर्देश भी दिए।उन्होंने बताया कि जिले में पर्याप्त संख्या में राष्ट्रीय ध्वज की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।तिरंगे के वितरण के लिए स्था नीय विक्रे ताओं,स्वयं सहायता समूहों की सहाय ता ली जा रही है।उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि प्रत्येक सरकारी कार्यालय,विद्यालय, अस्प ताल तथा सार्वजनिक स्थलों पर तिरंगा फहराने की व्यवस्था की जाए।बैठक में यह निर्णय गया कि ल्हर घर तिरंगाङ्क अभियान के अंतर्गत विभि न्न जन-जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित कि ए जाएंगे,जिनमें प्रभात फ़ेरी,वॉल पेंटिंग,तिरंगा यात्रा और सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल होंगे।


अंत में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे व्यक्तिगत रुचि लेकर अभि यान को जन आंदोलन का रूप दें और सुनिश्चि त करें कि जनपद का प्रत्येक नागरिक इस का र्यक्रम में भागीदारी करे।उन्होंने कहा कि यह अ भियान हमारी राष्ट्रीय अस्मिता,एकता और गौर व का प्रतीक है,जिसे पूरे उत्साह एवं श्रद्धा के साथ मनाया जाना चाहिए।

**तीन चरणों में होगा हर घर तिरंगा कार्यक्रम**

प्रथम चरण 2 अगस्त से 8 अगस्त द्वितीय चरण 9 अगस्त से 12 अगस्त तथा तृतीय चरण 13 अगस्त से 15 अगस्त तक मनाया जाएगा जिसके लिए सभी संबंधित वाक्य अधिकारी ने तैयारियां पूर्ण कर ली है।

# कबाड़ की आड़ में चल रही चोरी के सामानों की खरीदारी–बिक्री : सूत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । शहर सहित जिले भर में कई जगहों पर अवैध रुप से कबाड़ी दुकानों का संचालन हो रहा है।सूत्रों के मुताबिक इन दुकानों में चोरी के सामानों की खरीदारी बिक्री होने की जानकारी सामने आ रही है।बावजूद इसके पुलिस प्रशास न द्वारा कबाड़ी दुकानों की जांच करने गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है।सूत्रों के मुताबिक जान कारी मिल रही है कि देहात कोतवाली थाना क्षे त्र में सुभागपुर बाजार में एक कबाडी कारोबारी ने चोरी की बैटरी खरीदी थी जिस व्यक्ति को दे हात कोतवाली पुलिस कबाड़ी को उठाकर को तवाली लाई थी और दो दिनों तक कोतवाली में बैठाया रखा था उसके बाद छोड़ दिया गया था। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कबाड़ी दुकानों में चोरी के सामानों के अलावा कई संदिग्ध सामानों की भी खरीदी बिक्री होती है, जिम्मेदार जानकर भी अंजान बने हुए हैं। जिले में कई जगहों पर चल रही दुकान मिली जानकारी के अनुसार शहर के लखोली क्षेत्र,सुभागपुर,इटियाथोक,खोरहसा,पाण डेयपुर गोंडा- अयोध्या फैजाबाद मार्ग,गोंडा - उतरौला मार्ग सहित अन्य जगहों पर कबाड़ी दुकानों का संचालन हो रहा है।सूत्र बता रहे है इन दुकानों में चोरी के सामानों की खरीदी बिक्री हो रही है।वहीं कई लोग तो बिना कोई दस्तावेज के अवैध रुप से दुकानों का संचालन कर रहे हैं।बावजूद इसके संबंधित क्षेत्रों की पुलिस जांच करने गं भीरता नहीं दिखा रही है।

# आयुक्त ने किया औचक निरीक्षण मचा हड़कंप

## निरीक्षण में 17 अधिकारी व 42 कर्मचारी अनुपस्थित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । देवीपाटन मंडल के आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने विकास भवन गोण्डा के विभिन्न कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण आयुक्त के सुबह-सुबह हुये औचक निरीक्षण से विकास भवन व कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालयों में हड़कम्प मच गया।निरीक्षण के दौरान अपर कमिश्नर उपस्थित रहे।आयुक्त ने विकास भवन में स्था पित मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, जिला पंचायत राज अधि कारी,भूमि संरक्षण अधिकारी, जिला युवा कल्याण अधिकारी,ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा कार्यालय,राज्य कर कार्यालय में स्थित विभिन्न कार्यालय व अनुभाग एवं कलेक्ट्रेट में स्थित खनन कार्यालय, मुख्य कोषाधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी, व जिला निर्वाचन अधि कारी सहित आयुक्त कार्यालय में पहुंचकर अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति का भौतिक सत्यापन व निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान 17 अधिकारी व 42 कर्मचारी अनुप स्थित पाये गये।उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अनुपस्थित कर्मचारियों से स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाये,यदि उनका स्पष्टीकरण सन्तोषजनक नही होता है तो उनके विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

इस मौके पर आयुक्त ने कहां की शासन द्वारा स्पष्ट निर्देश है कि प्रत्येक अधिकारी व कर्म चारी समय से कार्यालय में पहुंचे परन्तु कई अधिकारियों व कर्मचारियों के द्वारा लापरवाही बरती जा रही है जो कि किसी भी प्रकार से सही नहीं है।उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में निरीक्षण के दौरान कोई भी अधिकारी या कर्म चारी अनुपस्थित नहीं मिलना चाहिए । समस्त अधिकारी व कर्मचारी समय से कार्यालय पहुंचे एवं कार्यालय के समय उपस्थित रहे।आयुक्त ने समस्त कार्यालयाध्यक्षों को निर्देशित किया कि यदि किसी भी कर्मचारी द्वारा छुट्टी ली जाती है तो उसका एप्लीकेशन स्वीकृत करते हुये रजि स्टर में अंकित करें और यदि कोई भी कर्मचारी क्षेत्र में गया है तो उसको को भी अंकित किया जाये। यदि कोई भी कर्मचारी समय से कार्या लय में नही पहुॅचता है तो उसको अनुपस्थित करते हुये आवश्यक कार्यवाही करें।कार्यालय के कार्यालयाध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक सप्ताह उपस्थिति पंजिका को अवलो कित किया जाये।

# श्रावण में शिवभक्ति का सैलाब, बाबा जंगली नाथ धाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। श्रावण मास के चौथे शनिवार को नानपारा कोतवाली क्षेत्र के मसूदनगर स्थित ऐतिहासिक बाबा जंगलीनाथ धाम में श्रद्धा और आस्था का अद्वितीय संगम देखने को मिला। पौराणिक महत्व वाले इस मंदिर में सुबह से ही शिवभक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। बोल बम के जयघोष से सुबह की शुरुआत हुई और दिनभर मंदिर प्रांगण भक्तिमय वातावरण से गूंजता रहा। श्रद्धालु दूर-दराज से आकर बाबा को गंगाजल अर्पित कर पुण्य लाभ की प्राप्ति करते रहे। श्रावण के अंतिम सोमवार की तैयारियों को देखते हुए कई श्रद्धालु एक दिन पूर्व ही मंदिर परिसर में पहुंच गए और रात्रि में ही डेरा जमा लिया। सुरक्षा के मद्देनज़र स्थानीय प्रशासन ने विशेष व्यवस्था की थी। हर कोने पर पुलिस बल तैनात किया गया था और सुरक्षाकर्मी मुस्तैदी से डटे रहे।मंदिर प्रांगण में स्थित प्राचीन तालाब में श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई और शिवभक्ति में लीन होकर स्नान कर आत्मिक शांति की अनुभूति की। भक्तों की मान्यता है कि सावन के अंतिम सोमवार को बाबा जंगलीनाथ के दरबार में जलाभिषेक करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। इस दिन की गई पूजा भगवान शिव को अत्यंत प्रिय होती है, और श्रद्धालु अपने जीवन में सुख, समृद्धि और मानसिक शांति का अनुभव करते हैं।इस आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी में उप निरीक्षक धीरेंद्र प्रताप सिंह, राजेश्वर सिंह, कांस्टेबल हिमांशु सिंह, अवधेश कुमार व राधेश्याम सहित अन्य कर्मी सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

# पुलिस के सामने ही बेधड़क निकलते हैं ओवर लोड वाहन,नहीं होती कार्रवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । सरकार के तमाम प्रयासों के बाद भी ओ वरलोड वाहनों का संचालन सड़क पर बेधड़क हो रहा है।चाहे वह माल वाहक हो या सवारी वाहन हों अगर इसका नजारा देखना है तो गोंड़ा रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट पर आए, या गोंडा- बलरामपुर ओवर ब्रिज के पास, गोंडा बहराइच रोड नारायण पेट्रोल पंप के पास सवा रियों को बैठाई जाती है।इसके साथ ही कृषि कार्य के लिए अधिकृत वाहनों पर भी ओवर लोडिंग की जा रही है।बावजूद इसके न तो परि वहन विभाग सक्रिय दिख रहा है न ही पुलिस। ओवरलोड वाहनो से आए दिन हादसे होते हैं, लेकिन फिर भी इनपर कोई अंकुश नहीं लग पा रहा है।कई वाहन दिनभर सड़कों पर क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाकर फर्राटे भर रहे हैं।

वहीं,पिकअप,ट्रक आदि वाहन व ओवरलोडिंग कर सड़कों पर दौड़ते देखे जा रहे हैं।यातायात सुरक्षा को लेकर पुलिस व परिवहन विभाग के द्वारा लोगों को सड़क सुरक्षा का पाठ पढ़ाया जाता है।विभाग की टीमें समय-समय पर जाग रूकता कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को तेज गति से वाहन न चलाने व क्षमता से अधि क भार लेकर न चलने की हिदायत देते हैं, ले किन जिस तरह से ओवरलोडिंग कर वाहन सड़ कों पर दौड़ रहे हैं,उससे साफ पता चलता है कि विभाग पूरी तरह से सक्रिय नहीं है।नियम है कि कोई भी भार वाहक वाहन में क्षमता से अधि क भार नहीं लादा जाए,लेकिन इस नियम का शहर व ग्रामीण क्षेत्रो में पालन नहीं हो रहा है।चालक पिकअप, ट्रक में तिरपाल लगाकार चाहे भूसा हो या सामान कई फीट ऊपर तक भरते हैं और सड़कों पर फर्राटा भरते हैं,चौराहों तिराहों पर रहती है पुलिस की ड्यूटी मुख्य मार्ग पर पुलिस ड्यूटी करती है और चौराहों, तिराहों पर भी पुलिसकर्मी मुश्तैद रहते हैं।इसके बाद भी ओवरलोड वाहनों पर कोई रोक नहीं लगाई जाती।तय क्षमता से ज्यादा मामल लादने के बाद कभी भी वाहन के असंतुलित होने की सं भावना रहती है,इससे आए दिन हादसे भी हो रहे हैं लेकिन विभाग कुंभकर्णी के नींद में सोया हुआ है।

# मुख्यमंत्री के निजी सचिव से मिले छात्र पंचायत के कार्यकर्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। राष्ट्रीय छात्र पंचायत के द्वारा इको गार्डन में धरने के दसवे दिन इको गार्डन में खुले आस मान के नीचे बरसात में बैठकर प्रदर्शन कर रहे थे।बरसात में भीगते हुए छात्र पंचायत के कार्य कर्ताओं को देखकर धरने के दसवें दिन दोपहर 12 बजे के करीब इको गार्डन चौकी इंचार्ज व गौतम पल्ली थानाध्यक्ष के द्वारा चार लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री योगी के आवास पर लेकर गए इस प्रतिनिधि मंडल में राष्ट्रीय छा त्र पंचायत के शिवम पाण्डेय,अभिनव वर्मा अंकित निषाद,हिमांशु तिवारी सहित चार लोग मुख्यमंत्री के निजी सचिव मुलाकात करवाई और चारों लोगों ने प्राइवेट स्कूलों के शोषण के करने के बारे में अपना पूरा विषय रखा उसके बाद मुख्यमंत्री के निजी सचिव को बताया उ न्होंने आश्वासन दिया कि हम इस पर बिल को बनवाने का काम करेंगे तथा बीस दिनों के अंद र आपको मुख्यमंत्री योगी से भी मिलवाएंगे व मुख्यमंत्री के निजी सचिव के आश्वासन के बा द छत्र पंचायत के कार्यकर्ताओं ने सहमत होक र धरना प्रदर्शन स्थगित कर दिया है।वहीं छात्र पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पांडे ने बता या कि मुख्यमंत्री ने जो समय मांगा है तब तक के लिए हम लोग धरना अपना स्थगित कर रहे हैं और अगर भविष्य में हमारे विषय को गंभीर ता पूर्वक निजी स्कूलों के खिलाफ बिल बनवा ने का काम नहीं किया गया तो हम लोग आगे भी कार्यक्रम बड़े स्तर पर करेंगे।

# बारिश के बीच खाद को लेकर किसान परेशान, लंबी लाइन के बाद भी मायूसी हाथ लगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। जिला बहराइच के नानपारा स्थित इफको बाजार पर सोमवार को खाद लेने के लिए किसानों की भारी भीड़ उमड़ी, लेकिन सुबह से हो रही बारिश और अव्यवस्थित वितरण व्यवस्था के चलते सैकड़ों किसानों को खाली हाथ लौटना पड़ा। सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक लाइन में लगे किसान मायूस नजर आए, जबकि कई किसानों ने आरोप लगाया कि खाद गोदाम में मौजूद थी लेकिन देने से मना कर दिया गया। गांव गोकुलपुर के किसान शोभाराम वर्मा ने बताया कि वे शनिवार को भी आए थे, तब उन्हें सोमवार को आने के लिए कहा गया। उन्होंने कहा, ल्हआज सुबह बिना खाना खाए बारिश में खड़े रहे, लेकिन शाम तक खाद नहीं मिली। कुछ लोगों को लाइन से हटकर खाद दी गई, बाकी लोगों को मना कर दिया गया। सेमरिया निवासी आलोक कुमार वर्मा ने कहा कि वे सुबह से लाइन में खड़े थे, लेकिन तय समय पर दुकान बंद कर दी गई। चौगाई के मुंडन खां और सोहबतिया के विश्वनाथ यादव ने भी ऐसी ही शिकायतें करते हुए कहा कि खाद गोदाम में मौजूद थी लेकिन उन्हें नहीं दी गई। वृद्ध किसान मैकूलाल (निवासी परबतिया) ने कहा, कई घंटे से बारिश में भीगते हुए लाइन में खड़ा हूं, लेकिन दुकान चार बजे बंद कर दी गई और खाद नहीं मिली। मानिकपुर के गोपाल यादव ने कहा कि जान-पहचान वालों को प्राथमिकता दी गई जबकि वे भूखे-प्यासे लाइन में खड़े रहे। नानपारा के अजीज ने आरोप लगाया कि कुछ लोगों को 10-10 बोरी खाद दी गई, और अब बाकी लोगों को देने से मना किया जा रहा है। वैवाही निवासी सुनील सिंह चौहान ने कहा कि वितरण को नंबर के आधार पर किया जाना चाहिए था, लेकिन अव्यवस्था के कारण उन्हें खाद नहीं मिल सकी। दुकान प्रबंधन का पक्ष दुकान में मौजूद एक कर्मचारी ने बताया कि सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक वितरण का समय निर्धारित है। वितरण मशीन चार्ज न होने और इनवर्टर की बैटरी खत्म होने के कारण वितरण रोकना पड़ा। अब तक लगभग 250 किसानों को खाद दी जा चुकी है। हालांकि, इस दौरान मौजूद किसानों ने उनके बयान का विरोध करते हुए कहा कि वे सुबह से लाइन में खड़े हैं, लेकिन उन्हें खाद नहीं मिली। इस संबंध में उपजिलाधिकारी नानपारा, लालधर यादव से एक संवाददाता द्वारा बात की गई उन्होंने कहा कि स्थिति की जानकारी ली जा रही है, आवश्यकतानुसार कल मौके पर निरीक्षण कर वस्तुस्थिति स्पष्ट की जाएगी।

# शिक्षक हित के लिये सदैव करता रहूंगा संघर्ष : ओंकार पाण्डेय

कैनविज टाइम्स संवाददाता




अमेठी । शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण के लिये मैं स्वयं प्रयास करता रहूंगा और शिक्षक हित के लिये सदैव संघर्ष करता रहूंगा।यह बात जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ सिंहपुर के अध्यक्ष ओंकार पाण्डेय ने ब्लाक संसाधन केन्द्र सिंहपुर में कही। क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय रामपुर टेढ़ई के सहायक अध्यापक ओंकार पाण्डेय को अध्यक्ष और सुरेन्द्र नाथ पाण्डेय को मंत्री बनाये जाने पर क्षेत्र के शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ गयी है। विकास क्षेत्र सिंहपुर के शिक्षक नेताओं व अन्य कई संगठन के पदाधिकारियों ने नवनियुक्त अध्यक्ष ओंकार पाण्डेय और मंत्री सुरेन्द्र नाथ पाण्डेय का फूल मालाओं से लादकर काफी गर्मजोशी के साथ स्वागत किया है। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के अध्यक्ष ओंकार पाण्डेय ने कहा कि आप सबके हित की लड़ाई मैं सदैव लड़ता रहूंगा और शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण के लिये आला अधिकारियों से लगातार भेंट मुलाकात की जायेगी और समस्याओं को निस्तारित किये जाने

**जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ सिंहपुर के अध्यक्ष का शिक्षकों ने फूल मालाओं से किया स्वागत**

के लिये में स्वयं प्रयास करता रहूंगा।उन्होंने कहा कि आज मैं जिस मुकाम पर पहुंचा हूं यह आप सबके प्यार स्नेह का ही परिणाम है। इसके उपरांत नवनियुक्त अध्यक्ष और मंत्री ने खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी से भेंटकर शिक्षकों की समस्याओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया जिस पर खण्ड शिक्षा अधिकारी ने शीघ्र ही निस्तारित किये जाने की बात कही। इस मौके पर सत्येन्द्र कुमार तिवारी, दिलीप कुमार शुक्ला, नवनीत त्रिवेदी, उबैद अहमद, अनुज शुक्ला,विकल्प श्रीवास्तव, जय शंकर मिश्रा, अंकिता खरे, अर्पित मिश्रा, विमल चंद्र मिश्रा,शैलेंद्र कुमार वर्मा, तनवीर अहमद, आलोक शुक्ला, शेखर द्विवेदी,दीपक चौरसिया, श्रवण कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# रास्ते में भरा पानी बीएसए कार्यालय में आवागमन में हो रही समस्या अधिकारी मौन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। लगातार हो रही बारिश के कारण जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीएसए कार्यालय में आवागमन में समस्या आ रही है। बारिश के पानी भरने से कार्यालय के आसपास की सड़कें और गलियां जलमग्न हो गई हैं।जिससे कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय,उच्च प्राथमिक विद्यालय डोरी लाल भीमसेन, प्राथमिक विद्यालय भीमसेन बृजरानी में जान वाले विद्यार्थियों को जलमग्न सड़कों से होकर गुजरना पड़ता है।यूआरसी नगर,बीआरसी मरौरी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय को शिक्षक और शिक्षिकाएं को विभागीय कार्य से आने-जाने में परेशानी हो रही है।ऐसी समस्याओं का समाधान करने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के पास समय नहीं है।व्यवस्थाएं लगातार हावी हो रही हैं। बीएसए कार्यालय खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिषदीय विद्यालयों जैसे महत्वपूर्ण संस्थानों के आसपास जलभराव की समस्या का समाधान करना आवश्यक है। ताकि लोगों को आवागमन में परेशानी न हो।लगातार बारिश होने से कई जगह पर प्रशासन ने स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया है और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी है। ऐसे में खंड शिक्षा अधिकारी मरौरी कार्यालय के आस पास जलभराव की समस्या का समाधान करना और भी जरूरी हो जाता है। जिससे शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्र-छात्राओं को आवागमन में कोई समस्या उत्पन्न ना हो और बे सुचारू रूप से प्रतिदिन शिक्षा ग्रहण कर सकें।

## भक्तों ने सावन के आखिरी सोमवार को किया रुद्राभिषेक

अमेठी । सावन मास के आखिरी सोमवार को शिव मंदिरों और शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ लगी रही। सोमवार को सुबह से ही भक्तों द्वारा जलाभिषेक किया गया तो शिव भक्ति द्वारा अपने अपने घरों पर रुद्राभिषेक कर प्रसाद वितरित किया गया। सावन मास में देवों के देव महादेव को प्रसन्न करने के लिये रुद्राभिषेक को बहुत ही शुभ फल देने वाला माना जाता है।भगवान शिव जिन्हें की भोले बाबा के नाम से भी जानते है भक्तों पर अपार कृपा बरसाने वाले है भगवान शिव के रुद्राभिषेक से ही भगवान राम ने रावण पर विजय पायी थी।तिलोई विकास क्षेत्र की ग्राम पंचायत जमुरवां में समाज सेवी दिग्विजय सिंह उर्फ फंासू के आवास पर आयोजित रुद्राभिषेक में आचार्य शिवाकांत मिश्रा ने कहा कि रुद्राभिषेक का मतलब है रूद्र का अभिषेक यानि की भगवान शिव जिन्हें की रूद्र के नाम से जाना जाता है उनका शुद्ध जल, दूध, दही, गन्ने के रस, अनार के रस आदि से स्नान कराना।भगवान शिव को रुद्राभिषेक अति प्रिय होता है और जो भी भक्त पूरी श्रद्धा और विधि विधान से रुद्राभिषेक पूजा करते है भगवान शिव उनको अपना आशीर्वाद प्रदान करते है और उनकी समस्त मनोकामनाएं पूरी करते है।उन्होंने कहा कि रुद्राभिषेक पूजा से घर से नकारात्मकता दूर होती है और घर में सकारात्मक वातावरण बनता है।रुद्राभिषेक करने से इस जन्म के साथ पिछले जन्म के भी पातक पाप नष्ट हो जाते है और भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त होता है।भगवान रूद्र में सभी देवताओं का वास होता है ।

## कलेक्ट्रेट सभागार में हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित कराये जाने संबंधी बैठक सम्पन्न

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित कराये जाने संबंधी बैठक सम्पन्न हुयी। जिलाधिकारी ने बताया कि शासनादेश के अनुसार इस बार हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम तीन चरणों में मनाया जायेगा, जिसमें पहला चरण 02 से 08 अगस्त तक, दूसरा चरण 09 से 12 अगस्त एवं तृतीय चरण 13 से 15 अगस्त तक अभियान के रूप में चलाया जायेगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रथम चरण में स्कूलों की दीवारों एवं बोर्डों को तिरंगा से सजाया जाये, स्कूलों, कॉलेजों एवं सार्वजनिक स्थानों आदि पर तिरंगा रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाये तथा स्कूल के बच्चों, स्वयं सहायता समूहों से राखी बनवायी जाये व सैनिक, पुलिस से जुड़े लोगों को राखी भिजवायी जाये। द्वितीय चरण में तिरंगा मेला, तिरंगा म्यूजिकल आदि का आयोजन कराया जाये तथा तिरंगा कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाये। तिरंगा प्रदर्शनी का आयोजन व तिरंगा सेल्फी बूथ बनाया जाये। पुलिस, पी0ए0सी0 आदि विभागों के सहयोग से तिरंगा बाइक रैली एवं साइकिल रैली का आयोजन भी कराया जाये। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि तिरंगा बुनाई की कार्यशाला करायी जाये। उन्होंने स्वयं सहायता समूह, खादी भण्डारों, स्थानीय बाजारों आदि के माध्यम से भी बिक्री और वितरण का प्रबंध भी सुनिश्चित किया जाये। तृतीय चरण में 13 से 15 अगस्त के मध्य सभी शासकीय भवनों, शैक्षणिक संस्थाओं, कार्यालय, होटलों, पुलों एवं अन्य स्थानों को लाइटिंग की व्यवस्था करते हुये सजाया जाये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि शासनादेश के अनुसार ही सभी कार्य सम्पादित किये जायें। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या, नगर मजिस्ट्रेट कृष्णानंद तिवारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सीतापुर वैभव त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## बल्दीराय व बहुरावां बाजार बना मादक पदार्थों की तस्करी का गढ़

बल्दीराय/सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। थानांतर्गत बहुरावां बाजार व आसपास का क्षेत्र इन दिनों मादक पदार्थों की तस्करी का प्रमुख अड्डा बनता जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, बीते कई वर्षों से इस इलाके में नशे के अवैध व्यापार का जाल फैला हुआ है। लेकिन प्रशासनिक और क्षेत्रीय लोगों के निगरानी की कमी के चलते तस्कर लगातार सक्रिय हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में खुलेआम मादक पदार्थों की बिक्री हो रही है, जिससे खासकर किशोर और युवा वर्ग नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं। इससे न केवल उनका स्वास्थ्य बल्कि भविष्य भी चौपट हो रहा है। इलाके के कई स्कूल–कॉलेजों के छात्र नशे की लत में पड़ चुके हैं। सबसे गंभीर बात यह है कि इस इलाके से होकर धनपतगंज हलियापुर, स्थानीय थानाक्षेत्रों सहित सुल्तानपुर जिले के अन्य हिस्सों में भी मादक पदार्थों की यहां से आपूर्ति की जा रही है। बहुरावां बाजार अब नशे के नेटवर्क का एक संगठित केंद्र बनता जा रहा है। बहुरावां बाजार में ही क्षेत्राधिकारी का कार्यालय भी है। किन्तु नशे के कारोबारी चरस, स्मैक गाँजा का व्यवसाय बेखौफ कर रहे हैं। नशेड़ी युवाओं के परिजनों के चेहरों पर खौफ व हताशा आसानी से देखा जा सकता है। तेजी से बढ़ रहे इस खतरनाक धंधे के खिलाफ सामाजिक संगठन और क्षेत्रीय लोगों को शासन प्रशासन में शिकायत करके सम्बंधित सक्षम अधिकारियों का सहयोग करना चाहिए। मौत के सौदागरों पर कार्यवाई की मांग उठाना चाहिए। हालांकि बल्दीराय कोतवाल नारदमुनि सिंह ने हाल ही में दो सप्लायरों पर कार्यवाई की। जिससे अन्य सप्लायरों में खलबली मची है। अगर समय रहते इस पर अंकुश नहीं लगाया गया, तो आने वाले समय में यह समस्या और गंभीर रूप ले सकती है और युवाओं का भविष्य नशामय होकर समाज में खतरनाक जहर घोलता जाएगा।

## शारदा नदी का जलस्तर बढ़ने से मंडरा रहा बाढ का खतरा ग्रामीण परेशान

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। चंदिया हजारा राहुल नगर सहित कई गांव शारदा नदी के नजदीक है। प्रशासनिक जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह दस बजे शारदा बैराज बनबसा से 1.58 लाख क्यूसेक पानी शारदा नदी में छोड़ा गया है। शारदा नदी का जलस्तर बढ़ने से लोगों की चिंता भी बढ़ती जा रही हैं और बाढ आने का खतरा मंडरा रहा है। हालांकि इसको लेकर प्रशासन अर्लट है।

## सावन के अंतिम सोमवार को बाबा इकोत्तरनाथ मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र में स्थित प्रसिद्ध बाबा इकोत्तरनाथ मंदिर में सावन के अंतिम सोमवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही मंदिर प्रांगण में भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। सभी श्रद्धालु जलाभिषेक करने के लिए दूर–दराज़ से पहुंचे थे। मंदिर परिसर हर–हर महादेव से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जल, बेलपत्र, दूध और फूल अर्पित कर विधिवत पूजा–अर्चना की। शाम चार बजे तक मंदिर पर भीड़ का सिलसिला जारी रहा। भक्तों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन सतर्क दिखा। मंदिर क्षेत्र में पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती की गई थी। पुलिसकर्मी लगातार भीड़ को नियंत्रित करते नजर आए ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। इस दौरान एडिशनल एसपी विक्रम दहिया भी मौके पर पहुंच कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। श्रद्धालुओं का मानना है कि सावन के अंतिम सोमवार को बाबा इकोत्तरनाथ का जलाभिषेक करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। प्रशासन की ओर से साफ–सफाई, पेयजल और प्राथमिक चिकित्सा की भी व्यवस्था की गई थी, जिससे भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मीटिंग हुई संपन्न

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता । गांधी सभागार में जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में उ0प्र0 रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना की जिला संचालन समिति की बैठक आयोजित की गयी। समीक्षा बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी, सदस्यध्सचिव के पोर्टल पर 32 प्रकरणों का गहनता से समीक्षा की गयी। उ0प्र0 रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना की जिला संचालन समिति की बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी पीलीभीत, अपर पुलिस अधीक्षक पीलीभीत, सहायक अभियोजन पीलीभीत, जिला समाज कल्याण अधिकारी पीलीभीत, डा राजेश कुमार परामर्शदाता उपस्थित रहे।जिला संचालन समिति के द्वारा 32 प्रकरणों में 04 प्रकरणों को स्वीकृति प्रदान की गयी 18 प्रकरणों में चित्सिीय रिपोर्ट में आख्या स्पष्ट न होने के कारण एवं चार्जशीट में एफ0आर0 लग जाने के कारण निरस्त किया गया एवं 10 प्रकरण में एफ0एस0एल0 न होने के कारण पुर्नपरीक्षण हेतु लम्बित करते हुए बैठक का समापन किया गया।

# किसानों को जिला सहकारी बैंक से कम ब्याज पर मिलेगा ऋण : मयंकेश्वर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



तिलोई अमेठी । जिला सहकारी बैंक किसानों को कम ब्याज पर ऋण दे रही है किसान सहकारी बैंक की सुविधाओं का लाभ अवश्य उठायें। यह बात प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने जिला सहकारी बैंक की राजा फत्तेपुर शाखा के नये भवन का उदघाटन करते हुये कही। बताते चलें कि जिला सहकारी बैंक राजापुर में किराये के मकान में संचालित हो रही थी जिसका भवन काफी पुराना और जर्जर हो चुका था।बैंक को नया भवन मिलने से बैंक कर्मियों के साथ ही इससे जुड़ी बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समितियों और हजारों किसानों को फायदा मिलेगा।वैदिक मंत्रोच्चारण और पूजा पाठ के बाद राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने शाखा के नये भवन का फीता काटकर उदघाटन किया।राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि समय के साथ जिला सहकारी बैंक ने अपनी व्यवस्था में मूलभूत बदलाव किया है जिसमें तीन प्रतिशत ब्याज पर किसानों को केसीसी की सुविधा दे रहा है व्यावसायिक ऋण,आवास ऋण, कार लोन,ट्रैक्टर,मोटर साइकिल ऋण उपलब्ध करा रहा है। किसान बैंक योजनाओं का लाभ उठाएंगे तो बैंक का भी फायदा है और किसानों का भी कल्याण होगा। रायबरेली जिला सहकारी बैंक लगातार लाभ में है। रेडी पटरी वाले छोटे व्यवसायियों की समिति बनाकर इस बैंक का लाभ ले सकते हैं।जिला सहकारी बैंक रायबरेली के अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह ने कहा कि सहकार से समृद्धि से सहकारिता विभाग को संजीवनी मिली है।सभी समितियां कंप्यूटराइज्ड हो रही हैं।

गांव में समिति से जुड़ा किसान समिति में मौजूद सुविधाओं की जानकारी ले सकते हैं तिलोई की पांचों बैंक शाखाओं को हरित बनाते हुए इन्हें सोलर सिस्टम से जोड़ दिया गया हैं। रेडी पटरी समितियों के सदस्यों को बीस हजार रुपये का ऋण देकर साहूकारों से मुक्त कराया जा रहा है और इन रेडी पटरी सदस्य द्वारा लिया गया ऋण समय से वापस आ जाता है तो दुबारा दुगनी ऋण सीमा में ऋण दिया जाता है।जिला सहकारी बैंक के महा प्रबंधक बृजेश विश्वकर्मा ने कहा कि तीन प्रतिशत ब्याज पर किसानों को ऋण बैंक से मिल रहा है। बीज उत्पादन करने वाले कृषक बैंक की सेवा ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी समितियों पर सीएससी संचालित होनी हैं कुछ में शुरुआत हो चुकी हैं।बाकी समितियों में भी जल्द शुरुआत की जायेगी।

इस मौके पर ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, धर्मेश मिश्र,कौशलेंद्र सिंह, शिरीष गुप्ता,अरविंद कुमार सिंह, सुखदेव प्रसाद, सुजीत पाण्डेय, आशीष नंदन त्रिपाठी,अनुराग मिश्रा, कौशल चौरसिया, रत्नेश मिश्रा, राजीव त्रिवेदी, सत्य नारायण सिंह,संतलाल, पंकज तिवारी सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# गांव की सरकार बनाने के लिये जुट जायें कार्यकर्ता : शंकर गिरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । जनपद में आयोजित होने वाली तिरंगा यात्रा एवं आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर बैठक भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कार्यालय पर संपन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला प्रभारी एवं प्रदेश मंत्री शंकर गिरी ने कहा कि आयोजित होने वाले तिरंगा यात्रा को भव्य बनाने के लिये योजना बनाई जाय। यह तिरंगा यात्रा जन जन से जोड़ती है राष्ट्र भक्ति का संचार होता है।जिला प्रभारी ने कहा कि गांव की सरकार बनाने के लिये सभी जिम्मेदार कमर कस कर तैयारी में जुट जाएं।हमको एक एक बूथ पर पुख्ता तैयारी करनी है।कहा मेरे लिए कार्यकर्ताओं का सम्मान हमेशा सर्वोपरि है।हम सबकों एकजुट होकर त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में मिशन मोड में जुटना होगा।उन्होंने कहा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर शासन द्वारा परिसीमन, मतदाता पुनरीक्षण आदि का काम शुरू होने जा रहा है।इस पर बारीकी से नजर रखते हुए काम करना है।उन्होंने कहा मण्डल, शक्तिकेन्द्र व बूथ स्तर पर कौन-कौन जिला पंचायत वार्ड होंगे इसकी भी सूची तैयार करनी है।कार्यक्रम का संचालन प्रभात शुक्ला ने किया।बैठक में तिरंगा यात्रा के जिला संयोजक अतुल सिंह, केशव सिंह, ब्लाक प्रमुख उमेश प्रताप सिंह, प्रवीण सिंह, विषुव मिश्रा दिनेश सिंह, राकेश त्रिपाठी,आशा बाजपेयी,निमिषा त्रिपाठी, राजीव शुक्ला,अरुण मिश्रा,राजेश शुक्ला,शेखर तिवारी, चंद्र मौलि सिंह,रामगोपाल कौशल,दिलीप विश्वकर्मा,शिवम मिश्रा समेत अन्य पदाधिकारी व पार्टी के जिम्मेदार लोग मौजूद रहे।

# बारिश का कहर बल्दीराय आपूर्ति कार्यालय जलमग्न

**कार्यालय पर कार्य पूरी तरह ठप**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। तहसील क्षेत्र बल्दीराय में हो रही लगातार मूसलधार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। तेज बारिश के चलते बल्दीराय तहसील परिसर में आपूर्ति कार्यालय जलमग्न हो गया है, जिससे कार्यालय का सारा कामकाज ठप पड़ गया है। पानी भर जाने के कारण आपूर्ति अधिकारी और कर्मचारी कार्यालय नहीं पहुंच पा रहे हैं, वहीं लाभार्थियों को राशन संबंधित कार्यों के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश का पानी निकासी न होने से कई सरकारी दफ्तरों में यही हाल है, लेकिन आपूर्ति कार्यालय की स्थिति सबसे खराब है। अगर जल्द जल निकासी की व्यवस्था नहीं की गई, तो कार्यालय बंद रहने से हजारों लोगों को जरूरी सुविधाएं मिलने में देरी होगी।

# भारतीय बजरंग दल की चौथी बाइक कांवड़ यात्रा हुई सम्पन्न पुलिस प्रशासन ने शांतिव्यवस्था बनाये रखने के किये पुख्ता इंतज़ाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। पिछले तीन सालों से भारतीय बजरंग दल द्वारा साईं बैंक्वेट हाल से भव्य बाइक कांवड़ यात्रा का आयोजन होता चला आ रहा है हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन के चौथे सोमवार को चतुर्थ बाइक कांवड़ यात्रा बजरंग दल की जलाभिषेक यात्रा पूरनपुर से शेरपुर होते हुऐ धनारा घाट से बण्डा सुनसार नाथ तक शांतिपूर्ण व व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई यात्रा भारी पुलिस बल की निगरानी में पूरी हुई शेरपुर से गुजरने वाली इस यात्रा को लेकर प्रशासन एक दिन पहले से सतर्क था और व्यापारियों के साथ यात्रा मे सहयोग करने की अपील की जिसका शेरपुर के व्यापारियों ने सहयोग किया और अपनी अपनी दुकानें स्वत बन्द रखी भारतीय बजरंग दल ने जलाभिषेक यात्रा निकालने का आवाहन किया सोमवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपनी अपनी मोटरसाइकिलों पर सवार होकर पूरनपुर से धनारा घाट पहुंचे वहां से शारदा नदी का जल लेकर सुनासर नाथ मंदिर में जलाभिषेक किया पुलिस प्रशासन ने शेरपुर मे सुरक्षा की दृष्टि से पुख्ता इंतजाम किया हर मीटर पर पुलिस ने अपने सिपाही व अधिकारियों को सुरक्षा के इंतजाम मे लगा दिया ऐसा करने का कारण शेरपुर क्षेत्र में विरोध प्रदर्शन की आशंका थी रिजर्व फोर्स के साथ राजस्व और खुफिया विभाग के अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे। पुलिस की कड़ी निगरानी से यात्रा बिना किसी अप्रिय घटना के संपन्न हुई यात्रा में शामिल कई श्रद्धालु धार्मिक झंडों के साथ हाथों में परंपरागत शस्त्र लिए हुए थे प्रशासन की सतर्कता और पुलिस की सक्रियता के चलते यात्रा शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई खास बात यह रही स्वागत के लिए जगह जगह पुष्प वर्षा हुई और शहर से लेकर गांव तक की व्यापारियों, महिलाओं, बच्चों और बहन बेटियों ने शिव भक्तों पर पुष्प वर्षा व पटका आदि पहना कर स्वागत किया यात्रा उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के हंसराज गुलाटी ने अपने सहयोगीयो के साथ पुष्प वर्षा की विवेक मिश्रा नाहिल के आदेश पर निकाली गई यात्रा संयोजक संजय कुमार मिश्रा, यात्रा सह संयोजक अशोक राठौर, यात्रा व्यवस्थापक हर्ष प्रधान रहे इसी बीच तमाम कई जनप्रतिनिधि भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा , विधायक बाबूराम पासवान, चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता, नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान, पूर्व चेयरमैन मुन्नू प्रधान, विधायक पुत्र ऋतुराज पासवान , रिक्की पासवान, मानस शुक्ला, साविन सिंह, सूरज बाथम, अम्बर मिश्रा, तकिया मन्दिर के महंत सूरज गिरी, रामलाला मंदिर के महंत बाबा राघव दास, बजरंग दल के प्रदेश महामंत्री मुनिराज सिंह सहित कई दिग्गज मौजूद रहे है।

# बेटा हैं पुलिस में अब डर काहे का भाई की जमीन पर अवैध कब्जा करने की कोशिश पुलिस से की शिकायत मचा हड़कंप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। जनपद के थाना जहानाबाद के परेवा वैश्य क्षेत्र में जमीन पर अवैध कब्जे करने का मामला सामने आया है परेवा वैश्य के रहने वाले मोहम्मद आरिफ पुत्र मोहम्मद अमीन ने थाना पुलिस को दिए शिकायती पत्र मे कहा कि उसकी कृषि भूमि का पिता के भाइयों का 50 वर्ष पूर्व आपस में समझौता हो गया था। जब से पीड़ित कृषि भूमि को जोतता चला आ रहा हैं।और पीड़ित का ही कब्जा है। परिवार के लोग नवाब हसन व गुलहसन पुत्र हबीबुरहमान, अकरम पुत्र नवाब हसन, मोहसिन पुत्र गुलहसन,जावेद पुत्र सईदुर रहमान,शराफत व बाबू पुत्र अल्ताफ सहित आशिया पत्नी अकरम, फरजाना पत्नी गुलहसन, यासमीन पत्नी नवाब हसन शामिल हैं।उक्त चाचा भतीजे और चाची उसकी जमीन पर जबरन कब्जा करने की कोशिश कर रहे है।गाली गलौज कर रहे हैं विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दे रहे है।परिवार के लोग एक राय होकर उसके भाई के साथ मारपीट की और धमकी दी कि मेरा बेटा पुलिस मे है वो सब निपट लेगा परिवार के लोग महिलाओं को आगे करके झूठे मुकदमे मे फंसाने की कोशिश कर रहे है। पीड़ित ने मामले की शिकायत थाने में कर सभी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# पीडब्लूडी वालों ने गड्ढों में बोल्डर डालकर सड़क को बनाया और खतरनाक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बल्दीराय/सुल्तानपुर। तहसील क्षेत्र के विधानसभा इसौली के उत्तरीभाग स्थित कूरेभार हलियापुर मुख्य सड़क से जुडे सम्पर्क सड़कें बड़े बड़े गड्ढों में जल भराव होने के चलते और खरनाक हो चली हैं। जिनसे यात्रा करना जान को जोखिम में डालने जैसा होगा और जिला प्रशासन है कि लोगों के इस विकट समस्या से अनजान बना है। बीते 15 जुलाई को समाचारपत्रों में इस समस्या को प्रमुखता से छापने के बाद लो0नि0वि0ने तो आनन फानन में सड़कों के कुछ गड्ढों में बड़े बड़े बोल्डर लाकर डालकर जिम्मेदारी से मुक्ति ले लिया। पानी बरसने के बाद इन सम्पर्क मार्गों के यही बोल्डर वाले गड्ढे जलमग्न होकर ,यात्रियों के लिए और जानलेवा बन गए हैं। कुछ सड़कें उदाहरण के तौर पर जैसे सतहरी मौजा के पूरे बलराज नहर से बिसावां तक दो किमी0। देहलीबाजार से टेडरसा, (हरिंटेंगनज रोड पर) सुल्तानपुर सीमा तक। पीरो सरैया नहरमार्ग से पडरे तक 3 किमी0। पीरोसरैया से ब्रमहौली तक की सड़कें जिला प्रशासन अथवा जनप्रतिनिधियों के दयादृष्टि की इंतजार कर रही हैं। जिला प्रशासन के उदासीनता के चलते सरकार की गड्ढामुक्त योजना को जिम्मेदार चुना लगा रहे हैं जिसके चलते क्षेत्र के राहगीर खरनाक यात्रा करने को मजबूर हैं। क्षेत्र के पडरे प्रधान प्रतिनिधि अरशद अली, सचिन पाण्डेय, ओम प्रकाश तिवारी बिनगी, देहलीप्रधान विशाल शुक्ल, सोनबरसा प्रधान जितेंद्र सिंह, पू0प्र0प्रदीप सिंह, अमित सिंह, अंकित सिंह, शिव सरन यादव, पीरोसरैया, विसावां पी पी सिंह, कालीसहाय सिंह, सतहरी प्रधान रबीन्द्र सिंह आदि ने जिला प्रशासन से अतिशीघ्र उपरोक्त सम्पर्क मार्गों को गड्ढा मुक्त/मरम्मत करवाने की मांग की है जिससे क्षेत्रवासी अनचाही दुर्घटना के शिकार होने से बचें।

# देवदास से सैयारा तक दर्शकों पर प्रेम का जादू

प्यार एक जज्बात है। किशोर से लेकर अधेड़ व्यक्ति तक को सच्चे प्यार की तलाश होती है। स्वरूप चाहे अलग हो, मगर सच्चा प्यार सबकी चाहत होती है। सिर्फ फिल्म के परदे पर ही नहीं, आम लोगों की जिंदगी में भी प्रेम कहानियां होती है। लेकिन, जब दर्शक उन्हें परदे पर देखता है, तो उसे वो 'लार्जर देन लाइफ' नजर आती हैं। असल में दर्शक फिल्मों के जरिए अपने प्यार के सपनों को पूरा करने की कल्पना करता है। यही वजह है कि फिल्मों में प्रेम कहानियों पर बनी फिल्में ज्यादा पसंद की जाती हैं और बॉक्स ऑफिस पर ऐसी फिल्में कमाई का रिकॉर्ड बनाती हैं। दरअसल, सिनेमा में प्रेम कथाओं का इतिहास समृद्ध और विविधता से भरा रहा है। शुरुआती दौर से आज तक प्रेम, रोमांस और कोमल भावनाओं को प्रमुख विषय के रूप में फिल्माया जाता रहा है, जो दर्शकों की भावनाओं के साथ गहराई से जुड़ता है। फिल्म इतिहास में 1930 से 1950 के दशक में प्रेम कहानियों को सामाजिक और पारिवारिक मूल्यों के संदर्भ में दर्शाया गया था। उस दौर में 'देवदास' जैसी फिल्में बनी जिसने प्रेम, त्याग और सामाजिक बंधनों जैसे मसलों को उजागर किया। तब प्रेम को आदर्शवादी और भावनात्मक रूप से चित्रित किया जाता था। इसके बाद फिल्में आजादी की कहानियों में उलझ गई। वहीं 1960-70 का दशक फिर प्रेम कहानियों से गुलजार रहा। इस दौरान प्रेम कहानियों में अधिक यथार्थवादी और समकालीन विषयों को शामिल किया गया। 'प्रेम कहानी' और 'लव स्टोरी' जैसी फिल्मों ने प्रेम और व्यक्तिगत संघर्षों के जटिल पहलुओं को दर्शाया। मनोरंजन के साथ इन फिल्मों ने प्रेम, दोस्ती और पारिवारिक रिश्तों के बदलते स्वरूपों पर भी प्रकाश डाला। वहीं 1980-90 के दशक की प्रेम कहानियों में संगीत, नृत्य और भावनात्मक दृश्यों का अधिक उपयोग किया गया। 'मैंने प्यार किया' और 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' जैसी फिल्मों ने युवा दर्शकों को आकर्षित किया और प्रेम को सुखद और आशावादी दृष्टिकोण से चित्रित किया। इन फिल्मों ने प्रेम, दोस्ती, और परिवार के महत्व पर जोर दिया। लेकिन, 2000 के बाद की लव स्टोरी में सामाजिक मुद्दे, अंतर-सांस्कृतिक प्रेम और प्रेम के विभिन्न रूप शामिल किए गए। 'गदर' और 'तेरे नाम' जैसी फिल्मों ने प्रेम, देशभक्ति और सामाजिक संघर्षों के बीच के जटिल संबंधों को उजागर किया। सच्ची घटनाओं पर बनी 'छपाक' जैसी फिल्में भी पसंद की गई। 'सैयारा' की सफलता की एक बड़ी वजह यह भी मानी जा सकती है कि दर्शक ओटीटी की उन फिल्मों और वेब सीरीज से ऊब चुके हैं, जिनमें हिंसा और खून खराबा ज्यादा हो। रणवीर कपूर की 'एनिमल' जैसी फिल्में भी कम नहीं। ऐसे माहौल में दर्शकों को कुछ अलग से मनोरंजन की जरूरत थी, जिसे 'सैयारा' ने काफी हद तक पूरा किया। देखा जाए तो फिल्म के कथानक में कोई नयापन नहीं है, जो दर्शकों को बांधकर रखे। ये फिल्म दक्षिण कोरिया की 2004 में आई फिल्म 'ए मोमेंट टू रिमेंबर' का अनऑफिशियल अडॉप्टेशन है। इसी कहानी पर 2008 में अजय देवगन की फिल्म 'मैं, तुम और हम' आ चुकी है। इसमें काजोल का किरदार अल्जाइमर से पीड़ित होता है। इस फिल्म से प्रभावित 'सैयारा' की कहानी लिखते समय ध्यान रखा गया कि खून खराबा से ऊबे दर्शकों को कैसे भावनात्मक तरीके से रुलाया जाए। नायक और नायिका में तालमेल भी मुश्किल से बनता है, पर जब दोनों एक-दूसरे की पीड़ा को समझते हैं, तो जुड़ जाते हैं। शराबी बाप का परेशान बेटा और अल्जाइमर की मरीज लड़की में नजदीकी बढ़ जाती है और इमोशनल दर्शक फिल्म को हिट करा देते हैं। आज के दौर में प्रेम कथा की नई परिभाषा रची है फिल्म 'सैयारा' ने। बिना प्रचार के आई नए कलाकारों की इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कमाई का कीर्तिमान रचा।

# हिन्दू या भगवा कभी आतंकवादी नहीं हो सकता

**मुस्लिम तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति करने वाले हिन्दू तथा सनातन विरोधी कांग्रेस और उसके सहयोगी दलां की भगवा आतंकवाद की पूरी थ्योरी न्यायपालिक के प्रथम चरण में ध्वस्त हो गई है। अब न्यायालय के निर्णय पर राजनीति होना स्वाभाविक गतिविधि है। विषेष अदालत के फैसले ने इस तथ्य को पुन:प्रमाणित कर दिया है कि एक हिन्दू अथवा सनातनी कभी भी आतंकी नहीं हो सकता। यह फैसला बहुसंख्यक हिन्दू समाज तथा संत समाज को आनंदित करने वाला है वहीं कांग्रेस के नेतृत्व वाला समूचा विपक्ष आज उसी तरह से रो रहा है जिस प्रकार वे अयोध्या में बाबरी विध्वंस के समय रोये थे। यह वही मुकदमा है जिसके आधार पर तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने भगवा आतंकवाद का एक पूर्णतः असत्य कथानक रचा और पूरे विश्व में सनातन धर्म को अपमानित करने की कोषिष की। साध्वी प्रज्ञा सहित सभी सात आरोपियां को एक नितान्त मनगढ़न्त आरोपों से अपनी असंबद्धता सिद्ध करने के लिये 17 वर्षों तक न केवल कानूनी लड़ाई लड़नी पड़ी अपितु सतत् मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना भी झेलनी पड़ी थी।**

2004 से 2014 के मध्य पूरा भारत आतंकवाद से त्रस्त था। आये दिन होने वाले आतंकी बम धमाकों ने देश की जनता को भयभीत कर रखा था। ऐसे ही बम धमाकों की श्रृंखला में महाराष्ट्र के मालेगांव में 29 सितंबर 2008 को हुए बम धमाकों में कम से कम छह लोग मारे गए थे और 100 से अधिक लोग घायल हुए थे। 17 वर्षों के बाद मालेगांव की घटना की आम और खास लोगों में चर्चा का एक विशिष्ट प्रयोजन है। तत्कालीन केन्द्र की कांग्रेस सरकार मुस्लिम तुष्टिकरण की सारी हदें पार करते हुये जहां एक ओर पाक प्रायोजित आतंकवाद पर ढुलमुल रवैया अपनाये रही वहीं दूसरी ओर मालेगांव बम विस्फोट पर ष्हिन्दू आतंकवादष का एक काल्पनिक कथानक रचकर उसे खूब प्रचारित और प्रसारित करने का प्रयास किया। बिना किसी सबूत के और बिना किसी जांच के राष्ट्ीरय स्वयंसेवक संघ तथा अन्य हिन्दू संगठन से जुड़े कई लोगों को गिरफ्तार लिया गया जिनमें साध्वी प्रज्ञा ठाकुर, लेफ्टीनेन्ट कर्नल पुरोहित, रिटायर्ड मेजर रमेष उपाध्याय, समीर कुलकर्णी अजय रहीरकर, सुधाकर द्विवेदी और सुधाकर चतुर्वेदी प्रमुख हैं। सत्रह वर्षों बाद नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी के विशेष न्यायालय ने 31 जुलाई 2025 को सभी सातों आरोपियों को ठोस सबूतों के अभाव में दोषमुक्त घोषित करते हुए बरी कर दिया। मुस्लिम तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति करने वाले हिन्दू तथा सनातन विरोधी कांग्रेस और उसके सहयोगी दलां की भगवा आतंकवाद की पूरी थ्योरी न्यायपालिक के प्रथम चरण में ध्वस्त हो गई है। अब न्यायालय के निर्णय पर राजनीति होना स्वाभाविक गतिविधि है। विषेष अदालत के फैसले ने इस तथ्य को पुनःप्रमाणित कर दिया है कि एक हिन्दू अथवा सनातनी कभी भी आतंकी नहीं हो सकता। यह फैसला बहुसंख्यक हिन्दू समाज तथा संत समाज को आनंदित करने वाला है वहीं कांग्रेस के नेतृत्व वाला समूचा विपक्ष आज उसी तरह से रो रहा है जिस प्रकार वे अयोध्या में बाबरी विध्वंस के समय रोये थे। यह वही मुकदमा है जिसके आधार पर तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने भगवा आतंकवाद का एक पूर्णतः असत्य कथानक रचा और पूरे विश्व में सनातन धर्म को अपमानित करने की कोषिष की। साध्वी प्रज्ञा सहित सभी सात आरोपियां को एक नितान्त मनगढ़न्त आरोपों से अपनी असंबद्धता सिद्ध करने के लिये 17 वर्षों तक न केवल कानूनी लड़ाई लड़नी पड़ी अपितु सतत मानसिक और षारीरिक प्रताड़ना भी झेलनी पड़ी थी। एक महिला होने के नाते सर्वाधिक अत्याचार व अपमान साध्वी प्रज्ञा ठाकुर को 9 साल जेल में रहते हुए सहना पड़ा था। प्रज्ञा ठाकुर का संत से संसद तक का सफर - मध्यप्रदेश की भगवाधारी महिला संत प्रज्ञा सिंह ठाकुर को महाराष्ट्र एटीएस ने गिरफ्तार कर उन्हें पर आतंकवचादी बताया था। लेकिन इन्हीं आरोपों को अवसर में बदलते हुए वह भोपाल से बीजेपी की सांसद चुनी गई। जेल में रहते हुए उन पर 10 दिनों तक अपना अपराध स्वीकार करने सहित साजिश कर्ताओं के नाम बताने के नाम पर अथाह अत्याचार किये गये जिस कारण उनका स्वास्थ्य भी बिगड गया था। किंतु प्रज्ञा ठाकुर जी ने अपना धैर्य ,साहस व मनोबल नहीं खोया सभी आरोपी बराबर कहते रहे थे कि यह एक साजिश है और उन सभी को फंसाया जा रहा है। उन सभी के साहस और धैर्य ने हिन्दू-भगवा को आतंकवाद के अनर्गल आरोप से मुक्त करा दिया है। अब आज जाकर साध्वी प्रज्ञा ठाकुर व सभी सात अन्य आरोपी पूर्ण रूप स्वतंत्र हुए हैं हालांकि अभी पीडित परिवारों के वकील का कहना है कि वह सभी लोग मामले को सुपीम कोर्ट में चुनौती देंगे वही कुछ मुस्लिम परस्ती की राजनीति करने वाले लोग इस मामले में जनहित याचिका भी डालने जा रहे हैं किंतु महाराष्ट्र सरकार की ओर से स्पष्ट कर दिया गया है कि फिलहाल वह इस मामले को ऊपरी अदालत में नहीं ले जाएगी।वहीं कांग्रेस सहित मुस्लिम संगठन महाराष्ट्र सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कह रहे हैं कि जिस प्रकार वह त्वरित गति से मुंबई ट्रेन धमाकों के मामले को ऊपरी आदालत में लेकर चली गई इसी प्रकार उसे इस फैसले में भी करना चाहिए। किंतु यहां पर सबसे बड़ा प्रश्न यह भी है कि इन सभी अरोपियों के जो 17 बहुमूल्य वर्ष व समय खराब हुआ है उसकी भरपाई कौन और कैसे कर पायेगा? । यह जानना भी आवश्यक है कि भगवा आतंकवाद की थ्योरी का जनक आखिर है कौन और इससे किसको लाभ होने वाला था। किसने इन सभी लोगां को आरोपी बनाने की कहानियां गढ़ी क्या अब उन सभी को न्यायपालिका , जांच एजेंसियों के कठघरे में खड़ा किया जाएगा। आखिर कौन है जो हिन्दुओं व भगवा को बदनाम करने के लिए साजिषें रच रहा था और फिर सबसे विशेष मालेगांव व समझौता एक्सप्रेस जैसे बम धमाके करवाने व फिर उन सभी तमाम घटनओं में साधु -संतों को गिरफ्तार करने की साजिषें कौन रच रहा था।निष्चित रूप से उस समय कांग्रेस केंद्र की सत्ता में थी और महाराष्ट्र में कांग्रेस -एनसीपी की सरकार थी। जब यह घटना घटी थी उस समय महाराष्ट्र में एनसीपी के आर आर पाटिल गृहमंत्री थे और केंद्र में कांग्रेस के गृहमंत्री शिवराज पाटिल थे। महाराष्ट्र के वर्तमान मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कोर्ट का फैसला आने के बाद कहा कि भगवा आतंकवाद का झूठा नैरेटिव गढ़ने के लिए अब कांग्रेस को देश से माफी मांगनी चाहिए। भगवा आतांकवाद की थ्योरी का जन्मदाता एनसीपी नेता षरद पवार को ही माना जा रहा है और उनकी इस नीति को गृहमंत्री शिवराज पाटिल के बाद सुशील कुमार शिंदे , मध्यप्रदेश कांग्रेस के नेता दिग्विजय सिंह व कमलनाथ और फिर उसके बाद गृहमंत्री पी चिदम्बरम ने ही पूरी ताकत के साथ आगे बढ़ाया। कोर्ट के फैसले से साफ हो गया है कि कुछ लोगां ने अपने निजी और राजनीतिक स्वार्थ के कारण भगवा आतंकवद के झूठे मुददे को अपनी विकृत राजनीति का हथियार बनाया और पूरे हिंदू समुदाय और हिंदू धर्म को आतंकावाद से जोडने की नाकाम कोषिष की गईं और अब इन सभी साजिषों की परत दर परत उखड़ने लग गई है। इससे पूर्व समझौता एक्सप्रेस बम धमाके की साजिश रचने के आरोप में स्वामी असीमानंद महाराज भी बरी हो चुके हैं इस प्रकार यह दूसरा बड़ा अवसर है जब कांग्रेस की भगवा आतंकवाद की थ्योरी कोर्ट में ध्वस्त हे गई है।कोर्ट का फैसला आते ही हिंदू संगठनों में आनंद व उत्साह का वातावरण देखा गया तथा सभी ने पटाखे दागकर व एक -दूसरे को मिठाई खिलाकर विजय का उत्सव मनाया। कोर्ट की अहम टिप्पणियां - इस पूरे प्रकरण में अपने अंतिम फैसले में कई ऐतिहासिक व गंभीर टिप्पणियां करते हुए कहाकि ,ल्लआतंकवद का कोइ रंग या धर्म नहीं होता।कोर्ट ने माना है कि कई लोगों के बयान उन्हें प्रताड़ित करके लिए गये हैं। कोर्ट का फैसला आने के बाद अब हिंदू संगठनों की ओर से पी. चिदम्बरम, दिग्विजय सिंह सहित उन सभी लोगों पर कार्यवाही करने की मांग की जा रही है जो सनातन को बदनाम करने के लिए भगवा आतंकवाद की झूठी साजिश रच रहे थे। निष्चय ही हिंदू आतंकवाद का नैरेटिव एक राजनैतिक साजिश है इसका उददेष्य इस्लामा आतंकियों को खुष करना और वोट बैंक को महबूत करने रहना है। यही कारण है कि कांग्रेसराज में हिंदुओं को डराने -धमकाने के लिए बम धमाके होते रहते थे और मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली सरकार भगवा आतंकवाद का झूठा नैरेटिव गढ़ा करती थी। आज पूरे भारत से कांग्रेस का सफाया हो रहा है। भगवा आतंकवाद के जनक तिलमिलाए हुए हैं।यही कारण है कि जब आज सरकार आतंकी ठिकानों पर चुन-चुनकर कार्यवाही करती है तब सेना व सराकर से यह विरोधी दल सबूत मांगने लगते हैं। अब होने लगे खतरनाक खुलासे - माले गांव पर कोर्ट का फैसला आने के बाद उस समय रची गई साजिश भी बेनकाब होने लगी है और पूर्व अधिकारी तक टीवी चैनलों पर आकर हिंदू धर्म को बदनाम करने के लिए रची गई खुलासा करने लगे हैं। उस समय इस मामले में संघ के कुछ बड़े नेताओं को भी फंसाने की मंशा थीं जिसमें इंद्रेश कुमार का नाम सबसे चर्चित था। मालेगांव विस्फोट कांड की जांच करने वाली टीम के एक सदस्य मकहबूब मुजावर ने खुलासा किया है कि उस समय एनआईए के एक अधिकारी ने वर्तमान सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत को गिरफ्तार करने के लिए बहुत बड़ा दबाव बनाया था। अंततः उन्हें अपनी नौकरी से भी समय पूर्व ही हाथ धोना पड़ गया था। मुजावर कहते हैं कि रामजी कालसंगरा और संदीप डांगे की जगह साध्वी प्रज्ञा ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल पुरोहित का नाम डालकर एक फर्जी जांच शुरू की गई। उन्होंने कहाकि एक ल्लगलत व्यक्ति ल्ल के द्वारा की गई गलत जांच का परिणम आज सामने आ गया है। इस मामले में तो यूपी के यशस्वी मुख्समंत्री योगी आदित्यनाथ को भी फंसाने की साजिश रची गई थी। वह तो भला हो कि इस पूरे झडे प्रकरण में सभी गवाह धीरे- धीरे मुकरते चले गये। महाराष्ट्र के मालेगांव में हुआ बम धमाका एक सुनियोजित राजनैतिक साजिश का एक बहुत ही बड़ा और घटिया हिस्सा था जो अब धीरे- धीरे ही सही लगातार बेनकाब होता जा रहा है और सेकुलर ताकतें भी उसी प्रकार से बेनकाब होती जा रही हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आजकल हिंदू धर्म बनाम हिंदुत्व का नारा दिया है और उसकी आड़ में वह सनातन हिदू संस्कृति पर चोट पहुंचा रहे हैं। लेकिन अब यह साफ हो गया है कि राहुल गांधी एक बहुत ही सुनियोजित साजिश के तहत ही हिंदू धर्म बनाम हिंदुत्व का मुददा उठा रहे थे। राहुल गांधी कई बार हिंदू विरोधी बयानबाजी कर चुके हैं। एक खोजी पत्रकारिता करने वाली संस्था विकीलिक्स में दिए इंटरव्यू में उन्होंने मुस्लिम कट्टरपंथ की तुलना में हिंदू संगठनां को हिन्दुत्व के उभार को सबसे बड़ा खतरा बताया था।यह वही राहुल गांधी हैं जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तुलना मुस्लिम ब्रदरहुड से कर चुके हैं। स्पष्ट है कि राहुल गांधी के नेतृत्त वाला इंडी गठबंधन पूरी तरह से हिंदू विरोधी है और सनातन के उन्मूलन में लगातार लगा रहता है लेकिन यह लोग भूल जाते हैं कि जो सनातन है वो शाश्वत भी है और कभी समाप्त नहीं हो सकता। **-मृत्युंजय दीक्षित**

# दंभी चरित्रों का दंभ तोड़ने में माहिर भारत

**डॉ. सुधाकर आशावादी**

**भले ही कालांतर में राजनीति के कुछ सत्तालोभी तत्वों ने समाज को जातियों में बाँटने का कुत्सित प्रयास किया हो। फिर भी भारत अपनी वैचारिक प्रतिभा के बल पर अंतर्राष्ट्रीय जगत में अपनी विशिष्टता के लिए पहचाना जाता रहा । आज के प्रगतिशील युग में जब कुछ राष्ट्र अपनी शक्ति के दंभ में चूर हैं तथा अमेरिका स्वयं को विश्व का चक्रवर्ती सम्राट सिद्ध करने के लिए अन्य देशों पर अपनी अकड़ दिखाने का कोई अवसर नहीं चूक रहा है तब मात्र भारत ही ऐसा देश है, जो सर्वे भवंतु सुखिनः के भाव से सभी देशों से मैत्री पूर्ण सम्बंध रखने का पक्षधर रहा है।**

भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति परस्पर सहयोग एवं हस्त कला कौशल के चलते आदिकाल से समृद्ध रही है। पुरानी व्यवस्थाओं में कृषि पर आधारित अर्थ व्यवस्था में सम्पूर्ण समाज की भागीदारी सुनिश्चित थी। कृषि उपज में किसान व मज़दूरों की हिस्सेदारी थी। सामाजिक और पारिवारिक उत्सवों में समाज का प्रत्येक वर्ग यथासंभव सहयोग दिया करता था। राष्ट्र को स्वावलंबी व अनेक कुरीतियों से मुक्त कराने के लिए अनेक महापुरुषों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, पंडित मदन मोहन मालवीय, आचार्य विनोबा भावे, महात्मा गांधी, डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने समाज को शिक्षा एवं रोज़गार के सूत्र दिए। भले ही कालांतर में राजनीति के कुछ सत्तालोभी तत्वों ने समाज को जातियों में बाँटने का कुत्सित प्रयास किया हो। फिर भी भारत अपनी वैचारिक प्रतिभा के बल पर अंतर्राष्ट्रीय जगत में अपनी विशिष्टता के लिए पहचाना जाता रहा । आज के प्रगतिशील युग में जब कुछ राष्ट्र अपनी शक्ति के दंभ में चूर हैं तथा अमेरिका स्वयं को विश्व का चक्रवर्ती सम्राट सिद्ध करने के लिए अन्य देशों पर अपनी अकड़ दिखाने का कोई अवसर नहीं चूक रहा है तब मात्र भारत ही ऐसा देश है, जो सर्वे भवंतु सुखिनः के भाव से सभी देशों से मैत्री पूर्ण सम्बंध रखने का पक्षधर रहा है। अनुकूल परिस्थिति न होने पर भारत ने समय समय पर विश्व के अनेक दंभी चरित्रों का दंभ तोड़ा है। यदि भारत वासी सच्चे मन से ठान लें कि स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा देना है, तो भारत में अनेक समस्याओं का स्वतः समाधान हो सकता। भारत की विश्व स्तर पर बढ़ती स्वीकार्यता एवं लोकप्रियता के चलते अमेरिकी राष्ट्रपति का दर्द समझा जा सकता हैं। भारतीय उत्पादों पर पच्चीस प्रतिशत टैरिफ वसूलने तथा अन्य देशों से तेल ख़रीदने पर जुर्माना लगाने का ट्रम्प का आदेश अमेरिकी राष्ट्रपति की नीयत पर सवाल उठाता है। दुखद आश्चर्य तो तब होता है कि जब भारत के प्रमुख विपक्षी दल ट्रम्प के सुर में सुर मिलाकर अपनी ही सरकार को घेरने का दुस्साहस करते हैं, जैसे उन्हें अपने देश की विदेश नीति तथा देश के स्वाभिमान से कोई सरोकार न हो। बहरहाल भारतीय लोकतंत्र सुदृढ़ है। अन्य देशों की तुलना में भारतीय अर्थव्यवस्था संतुलित है। सच यही है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत की साख बढ़ी है तथा वस्तुस्थिति यह भी है कि भले ही विदेशी शक्तियाँ अपनी प्रभुसत्तावादी नीतियों के चलते भारत के व्यापार जगत को क्षतिग्रस्त करने का प्रयास करें, मनमाने आयात शुल्क लगाकर या जुर्माने के प्रावधान करके भारत पर दवाब बनाने का प्रयास करें, लेकिन भारत अपनी स्वदेशी अपनाओ की नीतियों से ऐसे प्रावधानों का मुंहतोड़ उत्तर देने में पीछे नहीं है। आवश्यकता इस बात की भी है कि सभी दंभी चरित्रों को सबक़ सिखाया जाए, चाहे देशी हों अथवा विदेशी।

## सेहत मंत्र

# पुरूषों से अधिक महिलाओं को प्रभावित करता है अल्जाइमर

अल्जाइमर एक ऐसी स्वास्थ्य समस्या है, जिसमें व्यक्ति हर चीज को बार-बार भूलने लगता है। यह मानसिक स्वास्थ्य समस्या में ना सिर्फ व्यक्ति की याददाश्त कमजोर होती है, बल्कि उसे रोजमर्रा के काम करने में भी काफी परेशानी होती है। कुछ समय पहले तक यह माना जाता था कि यह स्वास्थ्य समस्या सिर्फ अधिक उम्र में व्यक्तियों को होती है, लेकिन अब यह कम उम्र के व्यक्ति भी इस स्वास्थ्य समस्या देखी जा रही है। इतना ही नहीं, पुरूषों से अधिक महिलाओं में यह मानसिक समस्या अल्जाइमर होती है और यह बात कई शोधों में भी साबित हो चुकी है। कई शोधों में इस बात का खुलासा हुआ है कि महिलाओं में अल्जाइमर का खतरा ज्यादा होता है। अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका गैरियाटिक साइक्रेट्री में प्रकाशित शोध के अनुसार, स्ट्रेस अल्जाइमर का मुख्य कारण है और स्ट्रेस हार्मोन मस्तिष्क में लैगिंक आधार पर अलग?अलग तरह से काम करते हैं। जिसके कारण महिलाओं में पुरुषों की तुलना में अल्जाइमर रोग अधिक होने की संभावना रहती है। वहीं डॉक्टर्स का भी कहना है कि महिलाओं को अल्जाइमर होने का खतरा अधिक रहता है। अल्जाइमर्स एसोसिएशन की मानें तो 60 साल से अधिक उम्र की हर छह में से एक महिला अल्जाइमर रोग से पीड़ित होती है, जबकि यह पुरूषों में हर 11 में से एक इस समस्या से पीड़ित होता है। चूंकि इस बीमारी का अभी तक कोई स्थायी इलाज नहीं है। इसलिए इससे बचाव ही एकमात्र उपाय है। हालांकि डॉक्टर्स कुछ दवाइयों के जरिए इस बीमारी के असर को धीमा करते हैं। अगर आप अपनी तरफ से इस बीमारी का इलाज करना चाहती हैं तो सबसे पहले अपने मन के भीतर के तनाव को नियंत्रित करने की कोशिश करें। आप इसके लिए कुछ एक्टिविटी कर सकती हैं और अपने मन को शांत कर सकती हैं। इसके अलावा अपनी सीखने की क्षमता को भी मजबूत करने की कोशिश करनी चाहिए।

## धर्म मंत्र

# नागेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन मात्र से हो जाता है पापों का अंत

बारह ज्योतिर्लिंगों में दसवां स्थान रखने वाले नागेश्वर ज्योतिर्लिंग की महिमा अपरंपार है। कहा जाता है कि नागेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन मात्र से ही मनुष्य के सारे पाप और दुष्कर्म धुल जाते हैं तथा उसे पुण्य की प्राप्ति होती है। शिव पुराण में वर्णित इस ज्योतिर्लिंग के बारे में यह भी कहा गया है कि अगर सावन के महीने में नागेश्वर ज्योतिर्लिंग का दर्शन और पूजन किया जाए, तो इसका विशेष लाभ मिलता है, एवं मनुष्य शिव धाम को प्राप्त होता है। पुराणों के अनुसार बताया जाता है कि गुजरात प्रांत में एक सुप्रिय नाम का वैश्य रहता था, जो भगवान शिव का बहुत बड़ा भक्त था। वह भोजन और जल ग्रहण करने से पूर्व तल्लीन होकर भगवान शिव की पूजा और अर्चना करता था। वहीं दारुक नाम का एक राक्षस सुप्रिय को बहुत तंग करता था और उसकी पूजा में हमेशा ही विघ्न उत्पन्न करता था। एक बार सुप्रिय को दारुक ने उसके मित्रों सहित पकड़कर कैद कर लिया। सुप्रिया उसके कैद में भी भगवान शिव की निरंतर पूजा अर्चना करते रहा। वहीं जब कैदी अवस्था में भी सुप्रिय द्वारा भगवान शिव की पूजा अर्चना की बात दारुक ने सुनी, तब उससे बर्दाश्त नहीं हुआ और वह सुप्रिय को खत्म करने के इरादे से उसके पास आया। दारूक को पास देख कर सुप्रिय डरा नहीं, लेकिन अपने मित्रों की चिंता उसे ज़रूर सताए जा रही थी। उसने भगवान शिव से प्रार्थना की कि वह आकर उसके मित्रों की रक्षा करें। भगवान अपने भक्तों की बात को कैसे टालते? ठीक तभी भगवन शिव वहां प्रकट हुए और सुप्रिय को पाशुपतास्त्र प्रदान कर दारुक राक्षस को खत्म करने को कहा।

पर्यटन



# अयोध्या: एक ऐतिहासिक और पवित्र दर्शनीय शहर

अयोध्या हिंदुओं का एक महत्वपूर्ण तीर्थस्थल है। अयोध्या को अवध और साकेत के नामों से भी जाना जाता है। अयोध्या का शाब्दिक अर्थ होता है जिसे युद्ध द्वारा जीता ना जा सके, और अवध का मतलब होता है जहां किसी का वध ना होता हो। अयोध्या को सिर्फ भगवान राम के जन्म स्थान के रूप में ही नहीं जाना जाता है, बल्कि हिन्दू धर्म के सात सबसे महत्वपूर्ण तीर्थ स्थलों में से एक के रूप में भी माना जाता है। रामायण काल में अयोध्या को कोसल राज्य की राजधानी के रूप में जाना जाता था। भगवान राम के पुत्र लव ने श्रीवस्ती नगरी बसाई थी जो बौद्ध काल में इस राज्य का एक प्रमुख शहर बन गया और साकेत के नाम से मशहूर हो गया। कालिदास ने तो अयोध्या और साकेत दोनों ही नामों का वर्णन किया है। राम के जन्म स्थान को एक मंदिर के प्रतीक के रूप में वर्णित किया गया था, जिसके बारे में कहा जाता है कि यह मुगल बादशाह बाबर के द्वारा ध्वस्त कर दिया गया था और इसके स्थान पर एक मस्जिद बनाई गई थी जो बाद में एक विवाद का कारण बनी थी। मुग़ल बादशाह बाबर ने 16 वीं शताब्दी के शुरुआत में बाबरी मस्जिद को ऐसी जगह पर बनवाया था जहां प्राचीन हिंदू मंदिर और राम जन्मभूमि का स्थान था। प्रारंभिक बौद्ध और जैन ग्रंथों में ऐसा उल्लेख है कि धार्मिक गुरु गौतम बुद्ध और महावीर इस शहर में आए थे और काफी समय तक यहां निवास किया था। जैन ग्रंथ इसे पांच तीर्थंकरों- ऋषभनाथ, अजितनाथ, अभिनंदननाथ, सुमतिनाथ और अनंतनाथ के जन्मस्थान के रूप में भी मानते हैं। अयोध्या भारत के उत्तरप्रदेश राज्य का एक जिला है। यह सरयू नदी के पावन तट पर स्थित है। अयोध्या रेल या बस द्वारा जाया जा सकता है। यह लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, प्रयागराज और गोरखपुर जैसे महत्वपूर्ण शहर से अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है। हालाँकि, यहाँ पर अभी एयरपोर्ट नहीं है, लेकिन फ़ैज़ाबाद तक हवाईजहाज से जाकर अयोध्या पंहुचा जा सकता है। वैसे लखनऊ एयरपोर्ट भी यहां से सिर्फ 150 किलोमीटर दूर है। राम जन्मभूमि हिंदू देवता भगवान राम की जन्म भूमि रही है। भारतीय महाकाव्य के अनुसार राम भगवान विष्णु के सातवें अवतार थे। राम जन्मभूमि हिंदू भक्तों के लिए एक अत्यंत पूजनीय स्थल है।

# सावन का चौथा सोमवार पावन हुआ वातावरण,भक्तों पर बरसी महा कृपा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। सावन मास का अंतिम सोमवार महादेव के अनुयायियों के लिए यादगार बना।रिमझिम फुहारों में भीगते हुए शिव भक्त अपने इष्ट का जलाभिषेक कर आनंदित हो रहे थे। रिमझिम फुहारों की बरसात में शिव भक्तों का जलाभिषेक करने का दृश्य अद्भुत था। भक्तों के चेहरे पर आस्था और श्रद्धा की चमक थी, और भगवान भोलेनाथ की प्रतिमा पर जल चढ़ाने से उनकी आत्मा को शांति मिल रही थी। भक्तों की भक्ति और श्रद्धा ने वातावरण को पवित्र बना दिया था, और भगवान भोलेनाथ की कृपा की वर्षा हो रही थी। गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने रिमझिम फुहारों में भीगते हुए शिव भक्तों पर जब पुष्प वर्षा करायी तब एक अद्भुत शांति और सौहार्द था।अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार सिंह व एएसपी रितेश कुमार द्वारा औशानेश्वर में पुष्प वर्षा हो रही थी तो भक्तों के चेहरे पर आस्था और श्रद्धा की अनुपम चमक थी।

**''महादेवा रामनगर''**:

भूतभावन भगवान महादेव के लोधेश्वर धाम में इस वर्ष श्रावणी मेला विशेष रूप से भक्तों की अपार श्रद्धा और उत्साह का प्रतीक बनकर उभरा।चतुर्थ सोमवार को भारी बारिश के बावजूद लाखों श्रद्धालुओं ने महादेवा का जलाभिषेक कर कृतार्थ हुए।रिमझिम बरसात के बीच भक्तों का जयघोष वातावरण को भक्तिमय बना रहाथा।पावन सावन मास के अंतिम सोमवार को जलाभिषेक के लिए श्रद्धालु रविवार शाम से ही महादेवा धाम में पहुंचने लगे थे।महिलाएं पुरुष किशोर और किशोरियां सभी देर रात तक मंदिर के सामने लंबी कतारों में खड़े हुए।जैसे ही सोमवार का दिन प्रारंभ हुआ पुजारी वीरेंद्र अवस्थी एवं अन्य सेवादारों द्वारा भगवान का पूजन विधिपूर्वक संपन्न कर मंदिर के कपाट खोले,श्रद्धालु जयघोष के साथ मंदिर में प्रवेश कर हर्ष से जलाभिषेक करने लगे यह क्रम देर रात श्रृंगार पूजा तक निरंतर जारी रहा।इस दौरान लाखों श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया।वर्षा के बावजूद महादेवा धाम में भक्तों की संख्या में कोई कमी नहीं आई।गोंडा बहराइच सीतापुर रायबरेली लखनऊ उन्नाव कानपुर समेत बुंदेलखंड के विभिन्न जनपदों से श्रद्धालु गंगा जल को कांवर में धारण कर कठिन पदयात्रा कर अपने इष्ट शिव के धाम महादेवा पहुंचे।प्रशासन द्वारा इन श्रद्धालुओं के लिए जलाभिषेक की सहज व्यवस्था की गई थी ताकि उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई न हो।

**''कुंतीश्वर महादेव सिरौलीगौसपुर''** :

विपरीत मौसम और बारिश के बावजूद भक्तों की श्रद्धा कम नहीं हुई।कुंतेश्वर महादेव मंदिर, जागेश्वर महादेव मंदिर के साथ-साथ कटका, भवानीगंज, सीहामऊ और कोटवाधाम आदि गांवों के शिव मंदिरों पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।मसौली विद्युत उपखंड के अधिकारी प्रकाश व्यवस्था को लेकर सजग दिखे। विमलेश कुमार मौर्य, अवर अभियंता सिरौलीगौसपुर राज मौर्य ने मंदिर का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्युत व्यवस्था से संबंधित जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। लेखपाल महेंद्र जायसवाल, कोतवाली बदोसराय के कोतवाल संतोष कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था में तत्पर दिखे।

''भगौली तीर्थ निंदूरा'': श्रावण मास के चौथे सोमवार को भगौली तीर्थ के प्रसन्नाथ महादेव मंदिर में भगवान शिव के जिला किसी के लिए जनसैलाब उमड़ा। इसी क्रम में क्षेत्र के प्रमुख शिवालयों अंबरपुर गांव स्थित अंबेश्वर महादेव मंदिर, कस्बा टिकैतगंज के कुंडवा चौराहा स्थित महाकालेश्वर मंदिर, भगौली तीर्थ के प्रसन्नाथ महादेव मंदिर और खुज्झी ग्राम पंचायत के धन्नाग तीर्थ में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं।भक्तों ने बेलपत्र, दूध, गंगाजल, भस्म, धतूरा और पुष्पों के साथ भगवान भोलेनाथ का विधि-विधान से जलाभिषेक किया।

सिद्धेश्वर महादेव सिद्धौर:सावन माह के अंतिम सोमवार को सिद्धौर के श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर पर भोर पहर से ही शिव श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। बड़े ही श्रद्धा भाव के साथ शिव श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जलाभिषेक कर भोलेनाथ की पूजा आराधना किया।जिससे वातावरण भक्तिमय रहा।

## सावन के अंतिम सोमवार पर अद्भुत नज़ारा: हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा, अवसानेश्वर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

### एडीएम अरुण कुमार सिंह , और एएसपी रितेश सिंह ने श्रद्धालुओं पर बरसाए फूल

फोटो 742121

हैदरगढ़, बाराबंकी। अवसानेश्वर महादेव में पुष्पवर्षा के साथ सम्पन्न हुआ सावन का अंतिम सोमवार, प्रशासन की चाकचौबंद व्यवस्था रही सराहनीय सावन मास के अंतिम सोमवार को हैदरगढ़ स्थित पौराणिक शिवधाम अवसानेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का अनुपम संगम देखने को मिला। हजारों की संख्या में उमड़े शिवभक्तों पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई, जिससे वातावरण आस्था और उल्लास से सराबोर हो गया। प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं के स्वागत और सुरक्षा के लिए व्यापक एवं प्रभावशाली तैयारियाँ की गई थीं। अपर जिलाधिकारी डॉ. अरुण कुमार सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक रितेश सिंह ने स्वयं मंदिर परिसर में व्यवस्थाओं की निगरानी करते हुए हेलीकॉप्टर से श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा की। इस दौरान मंदिर प्रांगण में हर-हर महादेव के जयघोष गूंज उठे और श्रद्धालुओं की आंखों में आस्था के साथ-साथ उत्साह की



चमक दिखी। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए पुलिस, प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग तथा नगर पंचायत की ओर से बेहतरीन समन्वय के साथ प्रबंध किए गए। मंदिर परिसर, मुख्य मार्गों और प्रवेश द्वारों पर विशेष सुरक्षा बल की तैनाती की गई थी। जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे, ड्रोन निगरानी, पीने के पानी की व्यवस्था, मोबाइल चिकित्सा टीम, और एंबुलेंस सेवा भी मुहैया कराई गई। भक्तों की सुविधा हेतु पार्किंग, विश्राम स्थलों एवं छायादार टेंट की व्यवस्था की गई थी। नगर पंचायत हैदरगढ़ द्वारा मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में विशेष साफ-सफाई अभियान भी चलाया गया, जिससे सम्पूर्ण क्षेत्र स्वच्छ और व्यवस्थित बना रहा। अवसानेश्वर महादेव मंदिर समिति और स्थानीय स्वयंसेवकों ने भी श्रद्धालुओं की सेवा में योगदान दिया। मंदिर के पुजारियों द्वारा शिवलिंग पर रुद्राभिषेक व विशेष पूजन सम्पन्न कराया गया, जिसमें दूर-दराज से आए कांवड़ियों और स्थानीय श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। सावन मास के अंतिम सोमवार की यह भव्यता न केवल धार्मिक श्रद्धा का प्रतीक रही, बल्कि यह भी प्रमाणित किया कि प्रशासनिक सूझबूझ और सहयोग से किसी भी धार्मिक आयोजन को दिव्य और यादगार बनाया जा सकता है ।

# प्रधान व एबीवीपी पदाधिकारी ने ग्रामीणों संग किया पावर हाउस का घेराव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### समस्याओं के शीघ्र समाधान की उठाई मांग, चेताया आंदोलन का रास्ता

बाराबंकी । थाना जैदपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुरलीगंज में बीते कई वर्षों से चल रही लो-वोल्टेज और जर्जर विद्युत तारों की समस्या से परेशान ग्रामीणों का सब्र सोमवार को जवाब दे गया। समस्या के स्थायी समाधान की मांग को लेकर ग्राम प्रधान सर्वेश वर्मा व अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सलामुद्दीन उर्फ लकी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने जैदपुर पावर हाउस का घेराव किया।करीब एक बजे दोपहर पावर हाउस पहुंचे तीन दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ग्राम प्रधान सर्वेश वर्मा ने बताया कि वर्षों से लो-वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। कई बार शिकायतों के बावजूद विभागीय अधिकारी समाधान में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। गांव में पंखे तक नहीं चल पा रहे हैं और घरेलू कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं।वहीं, जेई जैदपुर परवेज मिर्ज़ा हुसैन ने जानकारी दी कि ग्राम मुरलीगंज में बीती रात ट्रांसफार्मर जल गया है, जिसे शीघ्र ही बदला जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि जर्जर तारों की मरम्मत का कार्य भी जल्द प्रारंभ किया जाएगा।इस मौके पर एबीवीपी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सलामुद्दीन उर्फ लकी ने कहा कि यदि समस्याओं का जल्द निराकरण नहीं किया गया, तो संगठन एक बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होगा।

# यूरिया की किल्लत को लेकर भाकियू प्रतिनिधिमंडल ने प्रमुख सचिव को सौंपा मांग पत्र, कार्रवाई का मिला आश्वासन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जनपद में यूरिया खाद की भारी किल्लत को लेकर सोमवार को भारतीय किसान यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने प्रमुख सचिव कृषि श्री रविंद्र कुमार से सचिवालय में मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल की शिकायत पर प्रमुख सचिव ने तत्काल संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी बाराबंकी को फोन पर निर्देशित किया कि जनपद में जहां कहीं भी किसी भी समिति या गोदाम में यूरिया खाद डंप है, वहां संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। प्रमुख सचिव ने स्पष्ट कहा कि किसानों को खाद या किसी



भी प्रकार के रासायनिक पदार्थों की कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि इस वर्ष बाराबंकी को पिछले वर्ष की अपेक्षा डेढ़ गुना अधिक खाद उपलब्ध कराई गई है, इसके बावजूद किसान दर-दर भटकने को मजबूर हैं, यह अस्वीकार्य है। जिलाधिकारी को निर्देशित किया गया कि दो दिन के भीतर खाद की समस्या का समाधान किया जाए, अन्यथा संबंधित विभागीय अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वहीं किसान संगठनों ने चेतावनी दी कि यदि समितियों के सचिव तय समय पर उपस्थित रहकर खाद वितरण नहीं करते हैं, तो बाराबंकी से लेकर लखनऊ तक आंदोलन किया जाएगा। वार्ता में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष लालजी यादव, प्रदेश अध्यक्ष सुनील यादव, जिलाध्यक्ष विक्रांत सैनी, जिलाध्यक्ष के.के. 'गुड्डू' यादव, देशराज यादव, संजय यादव, कैलाश यादव सहित कई किसान नेता उपस्थित रहे।

## अनुसूचित जाति का दर्ज़ा दिलाने को मछुआ समुदाय की आवाज बनी निषाद पार्टी

सकरन (सीतापुर) ।प्रदेश के मछुआ समुदाय को अनुसूचित जाति का दर्ज़ा दिलाने को लेकर मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के नाम जिला सीतापुर के निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष सुधीर कश्यप की अगुआई में पदाधिकारियों ने बिसवां विधायक निर्मल वर्मा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि केवट, बिन्द, भर, राजभर, मल्लाह, कश्यप, कहार, माझी, तुरहा, निषाद,धीमर, गोड़िया जैसी पिछड़ी जातियों को पिछड़ी जाति से हटाकर अनुसूचित जाति में शामिल किए जाने का स्पष्ट उल्लेख अधिसूचना में है लेकिन इसके बावजूद तहसील स्तर पर अब भी इन जातियों को पिछड़ी जाति के ही प्रमाणपत्र जारी किए जा रहे है जो संविधान, राष्ट्रपति व राज्यपाल कि अधिसूचनाओं का स्पष्ट उल्लंघन है। ज्ञापन में 10अगस्त 1950 कि राष्ट्रपति कि अधिसूचना 1961कि जनगणना पुस्तिका तथा भारत सरकार 29अगस्त 1977कि अधिसूचना का हवाला देते हुए कहा गया कि इन जातियों को अनुसूचित जातियों कि पर्यायवाची मान्यता प्राप्त है।

# गड्ढों ने ली सड़क से विदाई गोमटा की राह बनी थ्रीडी झूला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिद्धौर बाराबंकी। गोमटा जाने वाली सड़क अब सड़क कम और रीयलिटी शो का स्टंट ट्रैक ज्यादा लगती है। सैदांनपुर चौराहे से लेकर गोमटा तक की तीन किलोमीटर लंबी यह सड़क किसी एडवेंचर पार्क से कम नहीं—बस फर्क इतना है कि टिकट मुफ्त है और गिरने पर अस्पताल की गारंटी भी नहीं।बताते हैं कि लोक निर्माण विभाग ने यह सड़क कभी ''सपनों की सड़क'' बनाकर जनता को सौंप दी थी, लेकिन ओवरलोड डंपरों ने उसे ल्लसड़क से सिद्दू का अखाड़ाङ्क बना दिया। बीते छह महीनों से चल रही मिट्टी की बरसात ने इसे ऐसा रूप दे दिया है कि कहीं गड्ढे में सड़क है तो कहीं सड़क में गड्ढा।सबसे मनोरंजक स्थिति तब होती है जब



राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राएं स्कूल जाने के लिए इस रूट से गुजरती हैं। परिजन उन्हें विदा करते हैं ऐसे जैसे कोई चंद्रयान मिशन पर भेज रहे हों—''जाओ बेटी, हड्डी सलामत रहे तो शाम को मिलते हैं।''इधर, जल जीवन मिशन की पाइप लाइन ने भी हालात देखकर आत्मसमर्पण कर दिया है। गड्ढों से टकराकर टूट चुकी पाइपें अब खुद पानी मांगती नजर आती हैं। ग्रामीणों ने शिकायतों की फाइलें भर-भर कर अफसरों के टेबल पर रख दी हैं, मगर फाइलें भी अब कहती हैं''भाई! गड्ढा देखो, हमसे क्या हो पाएगा?''भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के प्रांतीय सचिव ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ओवरलोड वाहनों पर लगाम न लगी तो वे धरना प्रदर्शन करेंगे—लेकिन

### जहां चलना नहीं, छलांग लगाना ज़रूरी है!

### लोक निर्माण विभाग सो रहा झपकी, जनता फोड़ रही हड्डी-पसली!

अफसरों को शायद ये सब अब पुरानी फ़िल्मों का डायलॉग लगने लगा है। फिलहाल जो भी इस सड़क से गुजरता है, वह खुद को घायल न सही, मगर गड्ढों से भावनात्मक रूप से जरूर जुड़ा महसूस करता है। उधर, प्रशासन अभी भी किसी ल्लगड्ढा निवारण योजनाङ्क के सपने में मग्न है। चलना है तो हेलमेट पहनिए, और जहां गिरें—वहीं आराम कर लीजिए। रोड पर ही सब कुछ मुमकिन है!

## सरयू का बदला रुख, जलस्तर ने पार किया खतरे का निशान ऽ प्रशासन सतर्क

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र में बहने वाली सरयू नदी (घाघरा) का जलस्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। सोमवार को नदी का जलस्तर एल्गिन ब्रिज पर खतरे के निशान को पार कर गया। केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक सोमवार दोपहर दो बजे नदी का जलस्तर 106.110 मीटर दर्ज किया गया, जो चेतावनी स्तर से ऊपर है ।जलस्तर में यह तेजी नेपाली क्षेत्र से छोड़े गए पानी और लगातार हो रही वर्षा के कारण देखी जा रही है। भारी जलप्रवाह के चलते घाघरा नदी अब पूरी तरह फ्लड लेवल पर पहुँच चुकी है ।इसका सीधा असर रामनगर तहसील के तपेसिपाह, दुर्गापुर, सिसौंडा, लहड़रा, मढ़ना, केसियापुर, लोहटी, जई सहित कई गांवों पर पड़ रहा है। इन गांवों के निचले हिस्सों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर चुका है, जिससे लोगों की चिंता बढ़ गई है ।प्रशासन ने स्थिति को गंभीरता से लेते हुए संवेदनशील इलाकों में राजस्व विभाग, आपदा प्रबंधन दल व स्थानीय पुलिस को अलर्ट मोड पर रखा है। तहसील प्रशासन के अधिकारियों द्वारा लगातार जलस्तर की निगरानी की जा रही है। वहीं ग्राम स्तर पर लेखपालों व प्रधानों को सतर्क रहने तथा ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों की ओर स्थानांतरित कराने के निर्देश दिए गए हैं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत व बचाव की तैयारियाँ तेज कर दी गई हैं, और नावों, खाद्य सामग्री तथा प्राथमिक चिकित्सा के संसाधन भी जुटाए जा रहे हैं ।प्रशासन ने अपील की है कि लोग अफवाहों से बचें और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत स्थानीय अधिकारियों से संपर्क करें।

## पावर हाउस का घेराव, समाधान की मांग

जैदपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मुरलीगंज में काफी समय से लो वोल्टेज और जर्जर तारों की समस्या से ग्रामीण परेशान हैं। इस समस्या के समाधान के लिए सोमवार दोपहर ग्राम प्रधान सर्वेश वर्मा और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सलामुद्दीन के नेतृत्व में लगभग तीन दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने और हाउस पहुंच कर घेराव किया। ग्राम प्रधान सर्वेश वर्मा का कहना है कि लो बोल्टेज समय संदेश शिकायतों का समाधान नहीं किया जा रहा है आरोप लगाया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद पावर हाउस के अधिकारी समस्या का समाधान नहीं कर रहे हैं। अवर अभियंता मिर्ज़ा हुसैन ने बताया कि ग्राम मुरलीगंज में कल रात ट्रांसफार्मर जल गया है। ट्रांसफार्मर को बदला जाएगा और जर्जर तारों की समस्या का भी जल्द से जल्द निस्तारण किया जाएगा।

## करेंट से भैंस की मौत

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। स्थानीय नगर पंचायत सिद्धौर में विद्युत करंट लगने से एक भैंस की दर्दनाक मौत हो गई।जिसकी कीमत लगभग 80 हजार रुपए बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार सिद्धौर कस्बे के पूरे मक्का वार्ड निवासी शिवप्रसाद पुत्र राजेश कुमार की भैंस चरने के बाद वापस घर आ रही थी। बताते हैं कि तभी सिद्धौर देवीगंज मार्ग पर नगर पंचायत के लगे विद्युत पोल में उतरे विद्युत करंट की चपेट में आने से भैंस की दर्दनाक मौत हो गई।जो गर्भवती बताई जाती है ।घटना के बाद मौके पर सिद्धौर चेयरमैन प्रतिनिधि लल्लू रावत मौके पहुंचे।भैंस की मौत से दुखी परिवार ने आर्थिक सहायता दिलाए जाने कि मांग की है।

## शराबी ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

निन्दूरा, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कुर्सी कोतवाली क्षेत्र मे देर रात एक शराबी ने फांसी लगाकर आत्महत्या की। कोढ़वा गांव निवासी राधेश्याम 45 वर्ष पुत्र राम चरन रविवार रात शराब के नशे में धुत होकर घर आया। नशे की हालत में उसने अपनी पत्नी से विवाद शुरू कर दिया। झगड़े से बचने के लिए पत्नी घर छोड़कर गांव में ही किसी के घर चली गई। इधर राधे श्याम ने फांसी लगा ली। चौकी प्रभारी अमित कुमार ने प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत होना बताया।

# एसडीएम व बीडीओ ने किया गौशाला का औचक निरीक्षण, बिजली अधिकारी अलर्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निन्दूरा/सिरौली गौसपुर। खंड विकास अधिकारी आलोक वर्मा ने सोमवार को रिमझिम बारिश के बीच कुर्सी और इब्राहिमपुर स्थित गौशालाओं का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दोनों स्थानों पर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और पशुओं के लिए चारे की उपलब्धता को परखा। इब्राहिमपुर गौशाला में खड़ंजा निर्माण की आवश्यकता को देखते हुए उन्होंने मौके पर ही सचिव को निर्देशित किया कि जल्द से जल्द खड़ंजा लगाया जाए, ताकि बरसात में जलभराव की स्थिति न उत्पन्न हो।

निरीक्षण के समय ग्राम सचिव सुधाकर सिंह और ब्रज किशोर कुशवाहा भी मौजूद रहे।



सिरौलीगौसपुर की उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा के साथ हजरतपुर गौशाला का मारी बारिश के बीच निरीक्षण किया। उन्होंने गौशाला से संबंधित जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने पूर्व में किए गए कार्यों का भी जायजा लिया।उन्होंने गौशाला में प्रकाश की व्यवस्था और पशुओं की अच्छी देख-रेख करने के निर्देश दिए। लेखपाल महेंद्र जयसवाल, सचिव सुरेश यादव, प्रधान प्रतिनिधि ओन मियां मौजूद रहे। इसके बाद एसडीएम ने कोटवाधाम में मेला परिसर का भी तहसीलदार तथा एसडीओ विद्युत टिकैतनगर के साथ निरीक्षण किया। एसडीएम ने बिना मीटर कनेक्शन न चलाए जाने का निर्देश दिया। बेतरतीबी लटक रहे तारों को तत्काल बदलने व सही करने के निर्देश दिया।इसी क्रम में खंड विकास अधिकारी संजीव गुप्ता ने सहायक विकास अधिकारी पंचायत शंभूनाथ पाठक के साथ बरौलिया गौशाला का औचक निरीक्षण किया।

# भारत ने इंग्लैंड को छह रनों से हराकर बनाये कई रिकार्ड

एजेंसी

लंदन। भारत ने सोमवार को पांचवें टेस्ट मैच में इंग्लैंड को छह रनों से हराकर कई रिकार्ड बनाये।

ओवल में यह छह रनों की टेस्ट में भारत की सबसे छोटी जीत है। इससे पहले भारत ने 2004 में मुंबई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 107 रनों का बचाव करते हुए 13 रन से मैच जीता था। यह छह रन की हार इंग्लैंड की टेस्ट में तीसरी संयुक्त सबसे छोटी हार भी है।



पांचवां विकेट गिरने के बाद इंग्लैंड का स्कोर 332 रन था । इससे पहले केवल एक बार ऐसा हुआ है कि किसी टीम ने पहले पांच साझेदारियों में इतने रन बनाए हों और फिर भी हार गई हो। 1977 में इंग्लैंड 463 रन के लक्ष्य में 346/5 पर था, लेकिन 45 रन से हार गया।

मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा टेस्ट में दोनों पारियों में चार या उससे अधिक विकेट लेने वाली भारत की दूसरी जोड़ी बने। इससे पहले 1969 में दिल्ली में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बिशन सिंह बेदी और एरापल्ली प्रसन्ना ने यह उपब्धिक हासिल थी। ओवल में सिराज और प्रसिद्ध का प्रदर्शन किसी टीम के लिए दोनों पारियों में दो गेंदबाजो के चार-चार विकेट लेने का 15वां उदाहरण है। पिछली बार इंग्लैंड के लिए 2012-13 में मुंबई में मोंटी पनेसर और ग्रेम स्वान ने ऐसा किया था।

इस सीरीज में मोहम्मद सिराज ने इंग्लैंड के खिलाफ 23 विकेट लिए जो कि टेस्ट सीरीज में इंग्लैंड में किसी भारतीय गेंदबाज के लिए संयुक्त रूप से सर्वाधिक हैं। उन्होंने जसप्रीत बुमराह की 2021-22 की 23 विकेटों की बराबरी की।

जो रूट और हैरी ब्रूक के बीच चौथी पारी हार के बावजूद यह 195 रनों की साझेदारी, दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी रही। इससे बड़ी साझेदारी 204 रनों की थी, केएल राहुल और ऋषभ पंत के बीच, 2018 में ओवल में ही हुई थी।

### हमेशा यकीन था कि किसी भी स्थिति से मैच जिता सकता हूं : सिराज

**लंदन।** इंग्लैंड के खिलाफ निर्णायक पांचवें टेस्ट में भारत की जीत के शिल्पकार रहे तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने कहा कि उन्हें हमेशा से यकीन था कि वह किसी भी स्थिति से टीम को जीत दिला सकते हैं और उन्होंने यही किया। इंग्लैंड को आखिरी दिन मैच और श्रृंखला जीतने के लिये 35 रन और भारत को चार विकेट की जरूरत थी । इस मैच से पहले श्रृंखला में 2-1 से आगे इंग्लैंड ने जीत के लिए ओवल मैदान पर रिकॉर्ड 374 रन का पीछा करते हुए रविवार को चौथे दिन का खेल खत्म होने तक छह विकेट पर 339 रन बना लिये थे। सिराज ने आखिरी चार में से तीन विकेट चटकाकर भारत को छह रन से अविस्मरणीय जीत दिलाई।

# मैनचेस्टर यूनाइटेड ने जीती प्रीमियर लीग समर सीरीज

एजेंसी



वाशिंगटन। मैनचेस्टर यूनाइटेड ने रविवार रात एवर्टन के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेला और प्रीमियर लीग समर सीरीज 2025 का खिताब अपने नाम किया। इस ड्रॉ के साथ यूनाइटेड ने अमेरिका में हुई राउंड-रॉबिन प्री-सीजन सीरीज में कुल सात अंक लेकर शीर्ष स्थान हासिल किया। इससे पहले टीम वेस्ट हैम को 2-1 और बॉर्नमाउथ को 4-1 से हरा चुकी थी। मैच में 19वें मिनट में अमद डायलो को बॉक्स में गिराए जाने पर यूनाइटेड को पेनल्टी मिली, जिसे ब्रूनो फर्नांडिस ने गोल में बदलकर टीम को बढ़त दिला दी। 40वें मिनट में एवर्टन के इलिमन नदियाए ने बराबरी का गोल किया। दूसरे हाफ में ब्रूनो ने एक और योगदान दिया, जब उन्होंने 69वें मिनट में मेसन माउंट को शानदार पास दिया और माउंट ने पिकफोर्ड को चकमा देकर गोल दागा। हालांकि, 75वें मिनट में अमद डायलो की बैक पास यूनाइटेड के ही आयडन हेवन से टकराकर गोल में चली गई और मैच 2-2 की बराबरी पर खत्म हुआ। मैच के बाद स्काई स्पोर्ट्स से बात करते हुए यूनाइटेड के खिलाड़ी ब्रूनो फर्नांडिस ने कहा, ह्लस्थिति में सुधार हो रहा है। क्लब अपनी पूरी कोशिश कर रहा है। हमें प्रतिस्पर्धा की जरूरत थी ताकि हर खिलाड़ी अपनी जगह के लिए संघर्ष करे। उन्होंने आगे कहा कि क्लब और मैनेजर लगातार सुधार की दिशा में काम कर रहे हैं और एक-दो नए खिलाड़ियों की उम्मीद अभी बाकी है। गौरतलब है कि मैनचेस्टर यूनाइटेड का पिछला सीजन बेहद खराब रहा था, जब टीम प्रीमियर लीग में 15वें स्थान पर रही थी – जो 1973-74 में हुए निर्वासन के बाद सबसे खराब प्रदर्शन था। उस सीजन में टीम ने सिर्फ 11 मैच जीते थे और 9 ड्रॉ खेले थे। फर्नांडिस ने कहा, कई लोगों को इस प्रदर्शन से दुःख हुआ है। फैंस टिकट के लिए ज़्यादा पैसे खर्च करते हैं और हमें उनकी क़द्र है। अब खिलाड़ियों की जिम्मेदारी है कि वे मैदान पर प्रदर्शन से उसका जवाब दें। उन्होंने क्लब संस्कृति पर भी जोर दिया और कहा, हर छोटी बात मायने रखती है। इस क्लब की संस्कृति जीतने की रही है और हमें उसे वापस लाना होगा। समर सीरीज के एक अन्य मुकाबले में वेस्ट हैम ने बोर्नमाउथ को 2-0 से हराया। टीम के लिए निक्लास फुलक्रग और जारोड बोएन ने गोल किए। दोनों ही गोल सेनेगल के लेफ्ट-बैक एल हाजी मलिक दीयूफ की शानदार सेट-अप पास से आए, जो 15 जुलाई को ही टीम से जुड़े हैं। बोएन ने दीयूफ की तारीफ करते हुए कहा, दोनों गोल उनकी क्वालिटी के कारण संभव हुए। वह केवल कुछ हफ्तों से टीम में हैं, लेकिन लगता है जैसे सालों से खेल रहे हों।

## आस्ट्रेलिया दौरे के लिये भारतीय पुरूष हॉकी टीम का ऐलान, युवा खिलाड़ियों को मौका

एजेंसी

नयी दिल्ली। इस महीने के आखिर में होने वाले एशिया कप की तैयारी के मद्देनजर 15 अगस्त से शुरू हो रहे आस्ट्रेलिया दौरे के लिये हॉकी इंडिया ने हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में 24 सदस्यीय भारतीय पुरूष टीम का ऐलान किया है जिसमें कर्नाटक के पूवन्ना सीबी नया चेहरा होंगे। अगले साल नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले विश्व कप के लिये एशिया कप क्वालीफायर टूर्नामेंट है जो 29 अगस्त से बिहार के राजगीर में खेला जायेगा। इसकी तैयारी के लिये भारतीय टीम 15 से 21 अगस्त तक पर्थ में आस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैच खेलेगी। टीम की कमान ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत के ही पास है जबकि गोलकीपिंग का जिम्मा कृशन पाठक और सूरज करकेरा संभालेंगे। डिफेंस में सुमित, जरमनप्रीत सिंह, संजय, अमित रोहिदास, नीलम संजीप सेस, जुगराज सिंह और नये खिलाड़ी कर्नाटक के पूवन्ना होंगे। मिडफील्डर में युवा राजिंदर सिंह को शामिल किया गया है जिनकी अक्सर तुलना पूर्व कप्तान सरदार सिंह से होती है। उनके अलावा राजकुमार पाल, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, रबिचंद्र सिंह मोइरांगथम, विष्णु कांत सिंह भी मिडफील्ड में होंगे। फॉरवर्ड पंक्ति में मनदीप सिंह, शिलानंद लाकड़ा, अभिषेक, सुखजीत सिंह, दिलप्रीत सिंह, सेल्वम कार्ति और आदित्य लालागे रहेंगे। एशिया कप से पहले इस दौरे की अहमियत के बारे में मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा ,'' हमारा फोकस शारीरिक अनुकूलन बेहतर करने और तकनीकी पहलुओं पर रहेगा। टीम में युवा खिलाड़ियों को चुने जाने के बारे में उन्होंने कहा ,'' हमने कुछ युवाओं को दबाव में खेलने की उनकी क्षमता परखने और जरूरी एक्सपोजर देने के लिये चुना है।

## अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी अनिश्चितकाल के लिए मैदान से बाहर रहेंगे

एजेंसी

मियामी। इंटर मियामी के कप्तान और अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी को दाहिने पैर में मांसपेशियों में चोट लगी है, जिसके कारण वह अनिश्चितकाल के लिए मैदान से बाहर रहेंगे। मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) क्लब इंटर मियामी ने एक बयान में जानकारी दी कि 38 वर्षीय मेसी को यह चोट शनिवार को लीग्स कप के मुकाबले में नेकाक्सा (मेक्सिको) के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट से पहले लगी। वह मैच की शुरुआत में ही 11वें मिनट में मैदान से बाहर चले गए, हालांकि वह अपने पैरों पर चलकर लॉकर रूम पहुंचे। बयान में कहा गया, मेसी की मांसपेशियों में तकलीफ की गंभीरता जानने के लिए उनका मेडिकल परीक्षण किया गया। रिपोर्ट में दाहिनी जांघ में मामूली चोट की पुष्टि हुई है। उनकी वापसी का समय उनके इलाज और रिकवरी पर निर्भर करेगा। इसका मतलब है कि मेसी के मैदान पर लौटने को लेकर फिलहाल कोई



निश्चित समय तय नहीं है। मेसी ने इस एमएलएस सीजन में 18 मैचों में 18 गोल और 9 असिस्ट किए हैं और वह लीग में संयुक्त रूप से टॉप स्कोरर हैं। मैच के अंतिम पलों में गोल कर मुकाबले को पेनल्टी शूटआउट तक ले जाने वाले जोर्डी आल्बा ने कहा, ह्लमेसी का चोटिल होकर बाहर जाना टीम के लिए बहुत बड़ा झटका है। पूरी टीम बेहद दुखी है। इंटर मियामी इस सीजन 22 में से 12 मैच जीत चुकी है और 42 अंकों के साथ ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस में पांचवें स्थान पर है। टीम फिलाडेल्फिया से 8 अंक पीछे है, लेकिन उसके पास 3 मैच अतिरिक्त हैं। अगर मेसी लंबे समय तक बाहर रहते हैं तो यह इंटर मियामी के लिए लीग्स कप 2025 में बड़ा नुकसान हो सकता है, खासकर जब टीम 2023 में उनके आने के तुरंत बाद यह खिताब जीत चुकी है। इंटर मियामी बुधवार को यूएनएएम पूमास के खिलाफ अगला मुकाबला खेलेगी। टीम ने अब तक पांच अंक जुटाकर नॉकआउट चरण में पहुंचने की मजबूत स्थिति बना ली है और यह जीत उन्हें सीधे क्वार्टरफाइनल में पहुंचा सकती है।

## पाकिस्तान ने तीसरा टी20 जीतकर श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की

लॉडेरहिल (अमेरिका)। सईम अयूब के अर्धशतक और साहिबजादा फरहान के साथ 138 रन की पहले विकेट की साझेदारी की मदद से पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज को तीसरे टी20 मैच में 13 रन से हराकर श्रृंखला 2-1 से अपने नाम कर ली। पाकिस्तान ने चार विकेट पर 189 रन बनाये और उसके बाद वेस्टइंडीज को छह विकेट पर 176 रन पर रोक दिया। पाकिस्तान का पहला विकेट 17वें ओवर में गिरा जब फरहान 53 गेंद में 74 रन बनाकर आउट हो गए। शामार जोसेफ की फुलटॉस गेंद पर लांग आफ में उन्होंने शाइ होप को कैच थमा दिया। अयूब 19वें ओवर की आखिरी गेंद पर डटे रहे और 49 गेंद में 66 रन बनाये। जवाब में वेस्टइंडीज ने पहले दो ओवर में बिना किसी नुकसान के 33 रन बना लिये थे। हसन अली ने पहले ओवर में 16 और मोहम्मद नवाज ने दूसरे ओवर में 17 रन दिये।

# आरबीआई की मौद्रिक समीक्षा बैठक शुरू रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती संभव

एजेंसी

नई दिल्ली। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की द्विमासिक मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय समीक्षा बैठक सोमवार से मुंबई में शुरू हो गई। एमपीसी की समीक्षा आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा बैठक में लिए फैसलों की जानकारी 6 अगस्त को देंगे। रिजर्व बैंक एक बार फिर नीतिगत ब्याज दरों यानी रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती कर सकता है। आर्थिक मामलों के जानकारों का कहना है कि अमेरिका के टैरिफ वॉर और ग्लोबल अनिश्चितता से सकल घरेलू उत?पाद जीडीपी (ग्रोथ) पर असर पड़ सकता है। ऐसे में रिजर्व बैंक नीतिगत ब?याज दर रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती कर सकता है, ताकि ग्रोथ को सपोर्ट मिल सके। रेपो रेट वह ब्याज दर है, जिस पर बैंक आरबीआई से कर्ज लेते हैं। आरबीआाई रेपो रेट घटाता है, तो बैंकों को सस्ता कर्ज मिलता है,




जिसका फायदा वो ग्राहकों तक पहुंचाते हैं। रिजर्व बैंक ने इस साल लगातार तीन बार नीतिगत ब्याज दरों रेपो रेट में 1 फीसदी की कटौती कर चुका है। आरबीआई ने फरवरी में हुई एमपीसी की बैठक में रेपो रेट को 6.50 फीसदी से घटाकर 6.25 फीसदी कर दिया था। ये कटौती करीब 5 साल बाद की गई थी। दूसरी बार अप्रैल में हुई बैठक में भी ब्याज दर 0.25 फीसदी घटाई गई, जबकि तीसरी बार रेपो रेट में 0.50 कटौती जून में हुई। अभी रेपो रेट 5.50 फीसदी पर है।

## अडानी समूह ने बीवाईडी और बीजिंग वेलियन के साथ गठजोड़ से किया इंकार

**समूह ने बीवाईडी और वेलियन से साझेदारी की ब्लूमबर्ग रिपोर्ट को बताया भ्रामक**




एजेंसी

नई दिल्ली। अडानी समूह ने सोमवार को ब्लूमबर्ग की प्रकाशित उस रिपोर्ट को भ्रामक बताया है, जिसमें यह दावा किया गया था कि समूह भारत में बैटरी निर्माण को बढ़ावा देने की रणनीतिक साझेदारी के लिए चीन की कंपनियों के साथ बातचीत कर रहा है। अडाणी समूह के प्रवक्ता ने बताया कि ब्लूमबर्ग की 4 अगस्त को प्रकाशित रिपोर्ट में समूह और चीनी कंपनियों बीवाईडी और बीजिंग वेलियन न्यू एनर्जी टेक्नोलॉजी के बीच साझेदारी को लेकर दावा किया गया है। बयान के मुताबिक ये रिपोर्ट पूरी तरह से बेबुनियाद, भ्रामक और तथ्यों से परे है। अडाणी समूह भारत में बैटरी निर्माण के लिए बीवाईडी के साथ किसी भी प्रकार की साझेदारी की संभावनाएं नहीं तलाश रहा है। इसी तरह बीजिंग वेलियन न्यू एनर्जी टेक्नोलॉजी के साथ भी हमारा कोई संवाद या साझेदारी की योजना नहीं है। मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से दावा किया गया था कि अडानी समूह भारत में बैटरी बनाने और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में अपने प्रयासों को आगे बढ़ाने के लिए चीनी इलेक्ट्रिक वाहन दिग्गज बीवाईडी कंपनी के साथ गठजोड़ की संभावना तलाश रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### टोरंटो मास्टर्सः बेन शेल्टन क्वार्टरफाइनल में पहुंचे, डी मिनौर से होगा सामना

टोरंटो। अमेरिका के चौथे वरीय खिलाड़ी बेन शेल्टन ने इटली के 13वें वरीय फ्लावियो कोबोली को हराकर नेशनल बैंक ओपन (टोरंटो मास्टर्स) के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। रविवार रात खेले गए इस मुकाबले में शेल्टन ने 6-4, 4-6, 7-6 (1) से रोमांचक जीत दर्ज की। 22 वर्षीय शेल्टन तीसरे सेट में 2-4 से पिछड़ रहे थे, लेकिन वहां से शानदार वापसी करते हुए उन्होंने मुकाबला टाईब्रेक तक ले जाकर जीत हासिल की। यह उनकी करियर की 100वीं जीत रही, जिसे उन्होंने 169 मुकाबलों में हासिल किया है। मैच के बाद शेल्टन ने कहा, ''बहुत मुश्किल मुकाबला था। मैं तीसरे सेट में एक ब्रेक से पीछे था और जिस तरह वह खेल रहा था, उससे मैं काफी दबाव में था। लेकिन मैंने खुद को एक और मौका दिया और उसका फायदा उठाया। अब क्वार्टरफाइनल में शेल्टन का सामना ऑस्ट्रेलिया के नौवें वरीय एलेक्स डी मिनौर से होगा, जिन्होंने अमेरिका के सातवें वरीय फ्रांसेस टियाफो को 6-2, 4-6, 6-4 से हराया। शेल्टन के नाम दो एटीपी टूर खिताब हैं ऽ एक 2023 में टोक्यो के हार्ड कोर्ट पर और एक 2022 में ह्यूस्टन के क्ले कोर्ट पर। उन्होंने कहा, ''मैं अपने दो सबसे बड़े हथियार सर्व और फोरहैंड से जूझ रहा था, लेकिन आखिरी में मानसिक मजबूती और फाइटिंग स्पिरिट ने काम किया। इस बीच, रूस के छठे वरीय आंद्रेई रूब्लेव को स्पेन के अलेजांद्रो डेविडोविच फोकीना के रिटायर होने से क्वार्टरफाइनल में प्रवेश मिला। रूब्लेव 6-7 (3), 7-6 (2), 3-0 की बढ़त पर थे जब फोकीना थकान के कारण मैच से हट गए। अब रूब्लेव का सामना अमेरिका के दूसरे वरीय टेलर फ्रिट्ज़ और चेक गणराज्य के जिरी लेहेचका के बीच विजेता खिलाड़ी से होगा।

### भारतीय तीरंदाजी संघ ने तीरंदाजी लीग के पहले सत्र की घोषणा की

**नयी दिल्ली।** भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआई) ने सोमवार को पहली तीरंदाजी लीग की घोषणा की जिसमें दुनिया भर के महिला और पुरूष रिकर्व और कंपाउंड तीरंदाज फ्रेंचाइजी आधारित टूर्नामेंट में भाग लेंगे। लीग का पहला सत्र दिल्ली के यमुना खेल परिसर में अक्टूबर में आयोजित हो सकता है जो 11 दिन तक चलेगा। इसे विश्व तीरंदाजी, विश्व तीरंदाजी एशिया और खेल मंत्रालय से मंजूरी मिल चुकी है। भारतीय तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष अर्जुन मुंडा ने कहा ,'' हमें यकीन है कि तीरंदाजी लीग से हम युवा तीरंदाजों को और मौके देकर उनके सपने पूरे कर सकेंगे। हम सभी को मिलकर इस लीग के जरिये देश में खेल को नयी ऊंचाइयों तक ले जाना है। विश्व तीरंदाजी के महासचिव टॉम डीलेन ने कहा ,'' इस पहल से भारतीय और विदेशी तीरंदाजों में प्रतिस्पर्धी भावना विकसित होगी और उनके प्रदर्शन में और निखार आयेगा। इससे वे भविष्य में बेहतर तीरंदाज बन सकेंगे।''

### टेस्ट में स्टोक्स के बाद ओली पोप नहीं हैरी ब्रूक हों कप्तान : वॉन

लंदन। इंग्लैंड के पूर्व टेस्ट कप्तान माइकल वॉन का मानना है कि मैदान पर हैरी ब्रूक की मौजूदगी अच्छी नेतृत्व क्षमता का भाव देती है और बेन स्टोक्स के बाद उन्हें कमान सौंपी जानी चाहिये। ब्रूकने भारत के खिलाफ पांचवें और निर्णायक टेस्ट के चौथे दिन 98 गेंद में 111 रन बनाकर टीम को जीत की दहलीज तक पहुंचाया। बतौर कप्तान 51 में से 26 टेस्ट जीतने वाले वॉन का मानना है कि ओली पोप शानदार उपकप्तान है लेकिन स्टोक्स के संन्यास के बाद ब्रूक को कप्तानी सौंपी जानी चाहिये। उन्होंने कहा ,'' हैरी ब्रूक में नेतृत्व क्षमता नैसर्गिक है। अगर भविष्य में बेन स्टोक्स चोटिल है और पोप उपकप्तान नहीं हैं तो ब्रूक कप्तान हो सकते हैं। ओली पोप अच्छा उपकप्तान है। कप्तान को देने के लिये उसके पास अच्छे सुझाव होते हैं लेकिन कई बार उपकप्तान अच्छे कप्तान नहीं होते। मार्कस ट्रेसकोथिक शानदार उपकप्तान था लेकिन मेरी नजर में कप्तान नहीं।

### निजी कंपनियों में प्रवर्तक हिस्सेदारी आठ साल के निचले स्तर पर आईः रिपोर्ट

**नयी दिल्ली।** देश में निजी स्वामित्व वाली सूचीबद्ध कंपनियों में प्रवर्तकों की हिस्सेदारी अप्रैल-जून तिमाही में गिरकर आठ वर्षों के निचले स्तर 40.58 प्रतिशत पर आ गई। इस दौरान प्रवर्तकों ने 54,732 करोड़ रुपये मूल्य की हिस्सेदारी बेची। प्राइम डेटाबेस ग्रुप की पहल प्राइमइन्फोबेस.कॉम की तरफ से जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। आंकड़ों के मुताबिक, जून तिमाही के अंत में सूचीबद्ध निजी कंपनियों में प्रवर्तक हिस्सेदारी 40.58 प्रतिशत थी जो मार्च तिमाही के 40.81 प्रतिशत से कम है। इससे पहले इतनी कम प्रवर्तक हिस्सेदारी सितंबर, 2017 में 40.19 प्रतिशत रही थी। पिछले तीन वर्षों में इस हिस्सेदारी में गिरावट का सिलसिला लगातार जारी है।

## मॉयल का जुलाई में मैंगनीज अयस्क उत्पादन रिकॉर्ड 1.45 लाख टन रहा

एजेंसी

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी मॉयल ने वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई में रिकॉर्ड 1.45 लाख टन मैंगनीज अयस्क का उत्पादन किया है। ये अबतक का सर्वाधिक उत्पादन है और पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि (सीपीएलवाई) के मुकाबले 12 फीसदी का इजाफा है। इस्पात मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में बताया कि कहा कि सक्रिय मानसून के बाद भी मॉयल ने अप्रैल-जुलाई 2025 के दौरान मजबूत परिचालन का प्रदर्शन किया, जिससे उत्पादन सालाना आधार पर 7.8 फीसदी बढ़कर 6.47 लाख टन और बिक्री सालाना आधार पर 10.7 फीसदी बढ़कर 5.01 लाख टन हो गया है। इसके साथ ही अन्वेषणात्मक ड्रिलिंग भी पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि से 11.4 फीसदी बढ़कर 43,215 मीटर हो गई है। मॉयल के सीएमडी अजीत कुमार सक्सेना ने कहा कि मॉयल ने जुलाई में रिकॉर्ड मैंगनीज का उत्पादन ऐसे समय पर हासिल किया है, जब मानसून के कारण खनन करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। सक्सेना ने कंपनी के इस बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मॉयल टीम को बधाई दी और चुनौतीपूर्ण मौसम के बावजूद उत्पादन और बिक्री बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासों की सराहना की।

## सर्राफा बाजार में सोने की कीमत में बड़ी गिरावट, चांदी के भाव में भी मामूली कमजोरी

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोने की कीमत में जबरदस्त गिरावट का रुख बना रहा। सोना आज 1,450 रुपये से 1,590 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता होकर एक बार फिर एक लाख रुपये के स्तर से नीचे आ गया है। हालांकि चांदी के भाव में आज 100 रुपये प्रति किलोग्राम की मामूली कमजोरी ही दर्ज की गई है। कीमत में कमी आने के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 99,760 रुपये से लेकर 99,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 91,450 रुपये से लेकर 91,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी मामूली गिरावट आने के कारण कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,12,900 रुपये



प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 99,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 91,600 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 99,760 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 91,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 99,810 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,500 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 99,760 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 91,450 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 99,760 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 91,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 99,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 91,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 91,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 99,910 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 91,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# सेना का मनोबल तोड़ने वाला बयान देते हैं राहुल : भाजपा

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ उच्चतम न्यायालय की सख्त टिप्पणियों को लेकर उनपर निशाना साधा है। भाजपा ने कहा कि राहुल गांधी सेना का मनोबल तोड़ने वाला बयान देते हैं।भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि राहुल गांधी की एक याचिका आज उच्चतम न्यायालय में लगी थी, जहां पर उन्होंने उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी थी। सुनवाई के दौरान उच्चतम न्यायालय ने राहुल गांधी से कहा कि अगर आप सच्चे भारतीय हैं तो आप ऐसा कभी नहीं कहेंगे। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने राहुल गांधी की भारतीयता पर इतनी गंभीर टिप्पणी की है।



हर भारतीय इस बात से आहत है कि एक भारतीय विश्व में सबसे वीर भारतीय सेना के विषय में ये कैसे कह सकता है कि वो चीन से पिट रही है। राहुल गांधी चीन के साथ हैं। भाजपा प्रवक्ता भाटिया ने कहा कि जब गलवान में हमारी सेना ने शौर्य दिखाकर चीनी सेना को खदेड़ दिया था, तो राहुल गांधी ने बयान दिया था कि चीन ने 2 हजार वर्ग किमी की भूमि को कब्जा लिया है, भारतीय सेना चीनी सेना से पिट रही है। जिस संविधान को राहुल गांधी हाथ में लेकर घूमते हैं, उसको तार-तार करने का जिम्मा भी राहुल गांधी ने ही उठा रखा है। हमारी वीर सेना का मनोबल तोड़ने का काम राहुल गांधी और कांग्रेस कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि राहुल ने वर्ष 2020 में चीन के साथ हुए गलवान घाटी संघर्ष के संदर्भ में भारतीय सेना के बारे में यह टिप्पणी की थी। विगत 16 दिसंबर 2022 को भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल ने कहा था कि चीनी सैनिक भारतीय सैनिकों को पीट रहे हैं। इस बयान को आधार बना कर बॉर्डर रोड ऑर्गनाइजेशन के पूर्व निदेशक उदय शंकर श्रीवास्तव ने लखनऊ में राहुल के खिलाफ आपराधिक मानहानि का केस दर्ज करवाया था।

# सांसदों के विधायी दायित्वों के निर्वहन में सहायक है कृत्रिम बुद्धिमत्ता: हरिवंश

एजेंसी

नयी दिल्ली। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने कहा है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता एआई बदलाव का ऐसा साधन है जो सदस्यों को उनके उत्तरदायित्वों को ज्यादा कारगर ढंग से निभाने, विधायी कामकाज में सुधार लाने और बेहतर शासन को सुगम बनाने में सहायता करता है।

भारत यात्रा पर आई ब्रिटेन के 'हाउस ऑफ कॉमन्स' की डिप्टी स्पीकर नुसरत गनी ने सोमवार को यहां संसद भवन में श्री हरिवंश से भेंट की। बातचीत के दौरान दोनों पीठासीन अधिकारियों ने भारत और ब्रिटेन के बीच विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को सुदृढ़ करने के साथ-साथ नियमित रूप से संसदीय आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करने पर विचार-विमर्श किया। सुश्री गनी कृत्रिम बुद्धिमत्ता संबंधी संसदीय संचालन समूह की अध्यक्ष होने के नाते



भारतीय संसद में एआई के इस्तेमाल का अध्ययन करने के उद्देश्य से भारत दौरे पर आई हैं। श्री हरिवंश ने इस अवसर पर कहा कि भारत और ब्रिटेन लोकतांत्रिक शासन के साझा इतिहास, समान मूल्यों एवं अटूट प्रतिबद्धता के साथ वैश्विक स्तर पर संसदों के लिए प्रभावशाली प्रौद्योगिकी अवसंरचना के निर्माण में संयुक्त रूप से नेतृत्वकारी भूमिका निभाने की स्थिति में हैं।

एआई के महत्व पर ज़ोर देते हुए उन्होंने कहा, ल्लसंसदीय संदर्भ में, कृत्रिम बुद्धिमत्ता एक परिवर्तनकारी साधन है जो सदस्यों को उनके उत्तरदायित्वों को ज्यादा कारगर ढंग से निभाने, विधायी कामकाज में सुधार लाने और बेहतर शासन को सुगम बनाने में सहायता करता है। हम अपने कर्मचारियों के लिए एआई उपकरणों का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए नियमित रूप से विशेषज्ञ सत्र और कौशल विकास कार्यक्रम भी आयोजित करते हैं। हमने डिजिटलीकरण और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के इस्तेमाल में बहुत अधिक कार्य किया है। आने वाले समय में इस संस्थान को नागरिकों के लिए और अधिक सुलभ बनाने के लिए कई और नवीन कार्यप्रणालियाँ आरंभ की जाएँगी। सुश्री गनी ने संसद में एआई के उपयोग और इस दिशा में तकनीक को अपनाने में हुई प्रगति पर लोकसभा एवं राज्यसभा सचिवालय द्वारा प्रस्तुत ज्ञानवर्धक प्रस्तुतियों की सराहना की। उनकी यात्रा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की इस वर्ष जनवरी में ब्रिटेन यात्रा के बाद हो रही है। इस अवसर पर राज्यसभा के महासचिव पी. सी. मोदी भी मौजूद थे।

# ऑपरेशन सिंदूर निर्णायक और सफल रहा है : विजेंद्र

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सोमवार को कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद शुरू किया गया ऑपरेशन सिंदूर ऐतिहासिक रूप से निर्णायक और सफल रहा है।

श्री गुप्ता ने आज विधानसभा में आज कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भारत की सशस्त्र सेनाओं ने सीमा पार आतंकवादी ठिकानों को लक्ष्य बनाते हुए उनको नेस्तनाबूत कर दिया। इस ऑपरेशन का बहुत कुशलता और संयम के साथ क्रियान्वयन हुआ, जिससे भारत की कुशल और मजबूत सैन्य क्षमता को पूरी दुनिया ने देखा। इस अभियान ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि भारत किसी भी आतंकी कार्रवाई को सहन नहीं करेगा।

उन्होंने कहा ऑपरेशन महादेव के तहत सुरक्षा बलों ने पहलगाम आतंकी हमले में शामिल तीन आतंकियों को श्रीनगर में मार गिराया गया। ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव की सफलता के लिए मैं अपनी ओर से तथा पूरे सदन की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और इस कार्रवाई में सम्मिलित सभी सेनाओं, सुरक्षा बलों और खुफिया एजेंसियों को हार्दिक बधाई देता हूँ तथा उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ, जिन्होंने बहुत योजनाबद्ध तरीके से इन ऑपरेशनों को सफल बनाया। यह सदन भारतीय सैनिकों के साहस और बलिदान को नमन करता है और राष्ट्र की सेनाओं और सुरक्षा बलों के योगदान की सराहना करता है।

## डॉ. एस. जयशंकर ने दी परंपराओं की महत्ता पर जोर

# 'सप्त सुर' में गूंजी सात देशों की एक सुर लहरी

एजेंसी

नई दिल्ली। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने सोमवार को बिम्सटेक देशों के पारंपरिक संगीत महोत्सव 'सप्त सुर' में कहा कि भविष्य गढ़ने का आत्मविश्वास स्वयं को जानने से आता है। परंपराएं हमारी पहचान हैं और हमारे जैसे देशों के लिए शक्ति का स्रोत हैं।

विदेश मंत्री ने आज नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में बिम्सटेक पारंपरिक संगीत महोत्सव 'सप्त सुरः सेवन नेशन्स, वन मेलोडी' की पहली कड़ी के आयोजन में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने प्रतिभागियों का स्वागत किया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिम्सटेक शिखर सम्मेलन इस महोत्सव के आयोजन का वादा किया था। 'यह गर्व की बात है कि वादा समय से पहले पूरा किया गया'।

अपने संबोधन में डॉ. जयशंकर ने कहा कि वर्तमान समय में अनिश्चितता और जटिलता है। इस समय वैश्विक संतुलन और प्रतिनिधित्व की भावना प्रधान है। ऐसे में पारंपरिक मूल्यों और सांस्कृतिक विरासत में भविष्य को आकार देने की आत्मिक शक्ति देती है। वहीं संगीत हमारी पहचान को प्रकट करता है और देशों के बीच सेतु का कार्य भी करता है। उन्होंने आईसीसीआर के महानिदेशक के वक्तव्य को दोहराते हुए कहा कि संगीत, सभ्यता की आत्मा है और यह गहराई से विश्व को जोड़ता है। डॉ. जयशंकर ने साझा किया कि उन्होंने स्वयं संगीत और पुस्तकों के माध्यम से विश्व के प्रति रुचि विकसित की। उन्होंने 'सप्तसुर' को सात देशों की साझी सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक बताया। उल्लेखनीय है कि बिम्सटेक बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल है। यह दक्षिण एशिया और दक्षिण-पूर्व एशिया के सात देशों का संगठन है। इसमें बांग्लादेश, भारत, म्यांमार, श्रीलंका, थाईलैंड, नेपाल और भूटान हैं। इसका उद्देश्य क्षेत्रीय सहयोग बढ़ाना, आर्थिक प्रगति को गति देना और साझा सांस्कृतिक विरासत के आधार पर स्थायी विकास सुनिश्चित करना है।

# आम महिलाओं की छोड़ो दिल्ली में महिला सांसद तक सुरक्षित नहीं : प्रियंका

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने दिल्ली के अति सुरक्षित चाणक्यपुरी इलाके में एक महिला सांसद की चेन छीनने की घटना पर हैरानी जताते हुए कहा है कि जब राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में महिला सांसद सुरक्षित नहीं है तो आम महिलाओं की क्या स्थिति होगी इसका सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है।

श्रीमती वाड्रा ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों के सवाल पर कहा कि दिल्ली में दूतावास के आस-पास के इलाके आमतौर पर सुरक्षित होते हैं। ऐसे में वहां चेन छीनने की घटना आश्चर्यजनक है।

श्रीमती वाड्रा ने कहा ल्लअगर एक सांसद के साथ ऐसा व्यवहार किया जाता है, तो दिल्ली जैसे शहरों में रोज़ाना ऐसी ही समस्याओं का सामना करने वाली आम महिलाओं की स्थिति की कल्पना कीजिए। इसके लिए अधिकारियों को और अधिक ध्यान देने की ज़रूरत है। कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने कहा ऐसा लगता है कि भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था जैसी कोई चीज नहीं बची है। दिल्ली में एक महिला सांसद की चेन छीन ली गई। बिहार में आए दिन हत्याएं हो रही हैं। कुल मिलाकर बात यही है भाजपा के शासन में जनता सुरक्षित नहीं है। गौरतलब है कि महिला सांसद एवोकेट सुधा ने इस घटना की रिपोर्ट लिखाते हुए कहा है कि वह एक अन्य महिला सांसद के साथ सुबह छह बजे घूमने जा रही थीं कि उनकी चेन चाणक्यपुर इलाके में छीन ली गई। उन्होंने शोर भी मचाया लेकिन बदमाश चुपचाप भाग गये। पुलिस वाहन में बैठे पुलिसकर्मियों को उन्होंने घटना की जानकारी दी लेकिन उन्होंने कुछ नहीं किया और कहा कि शिकायत दर्ज करवा दीजिए।

## केंद्र ने बंगाल के विकास के लिए दिए 1.10 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा: शिवराज

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार पश्चिम बंगाल के विकास, गांव-गरीब और मजदूरों के कल्याण तथा उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014-15 से अब तक अकेले ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा ही पश्चिम बंगाल को 1.10 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि विभिन्न योजनाओं के जरिए दी गई है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 16,505 करोड़ रुपये, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत 25,798 करोड़ रुपये, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना और आरएसईटीआई के तहत 274 करोड़ रुपये, मनरेगा (2014-15 से 2022 तक) 54,465 करोड़ रुपये, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में 3,881 करोड़ रुपये तथा राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत 8,389 करोड़ रुपये सीधे पश्चिम बंगाल के गरीबों और जरूरतमंदों तक पहुंचाए गए हैं। सोमवार को शिवराज सिंह चौहान एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि इन आंकड़ों से यह स्पष्ट हो जाता है कि केंद्र सरकार पश्चिम बंगाल के गांव, गरीब और मजदूरों के जीवन में परिवर्तन के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही है, चाहे वह पक्का घर हो, सड़क हो, आजीविका या रोज़गार हो। केंद्रीय मंत्री शिवराज ने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के प्रभावी क्रियान्वयन में बुरी तरह विफल रही है। 2019 से 2022 के बीच केंद्र की टीमों ने पश्चिम बंगाल के 19 जिलों में जांच की, जिसमें मनरेगा के कार्यों में भारी अनियमितताएं पाई गईं। इनमें कार्यस्थल पर वास्तविक कार्य न होना, नियम विरुद्ध कामों को हिस्सों में तोड़ना, धन की हेराफ़ेरी जैसी गंभीर बातें उजागर हुईं। इसी के चलते ग्रामीण विकास मंत्रालय को मनरेगा अधिनियम की धारा 27 के तहत पश्चिम बंगाल का फंड रिलीज़ करना रोकना पड़ा है। शिवराज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के मामले में भी शिकायतें मिलीं कि राज्य सरकार ने अपात्र परिवारों का चयन किया, पात्रों को हटाया और योजना का नाम बदलकर नियमों की अनदेखी की। ये सारी शिकायतें राष्ट्रीय और केंद्रीय मॉनिटरिंग टीमों द्वारा सही पाई गईं।

# पेज एक का शेष

### 'अगर आप...

शिकायतकर्ता को नोटिस जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल राहुल गांधी को राहत देते हुए निचली अदालत में मानहानि मामले की कार्यवाही पर रोक लगा दी और सुनवाई के लिए 3 हफ्ते के बाद का वक्त तय किया है।

### झामुमो संस्थापक...

कहा, ''वह गुर्दे की बीमारियों से पीड़ित थे और उन्हें डेढ़ महीने पहले दौरा भी पड़ा था। वह पिछले एक महीने से जीवन रक्षक प्रणाली पर थे। अस्पताल ने एक बयान में कहा, ''हमारी बहु-विषयक चिकित्सा टीम के अथक प्रयासों के बावजूद, शिबू सोरेन का चार अगस्त, 2025 को निधन हो गया। उनके अंतिम सांस लेने के दौरान उनका परिवार उनके पास मौजूद था। शिबू सोरेन पिछले 38 वर्षों से झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता थे और पार्टी के संस्थापक संरक्षक भी थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शिबू सोरेन के निधन पर शोक व्यक्त किया और कहा कि उनका निधन सामाजिक न्याय के क्षेत्र में एक बड़ी क्षति है। मुर्मू ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''श्री शिबू सोरेन जी का निधन सामाजिक न्याय के क्षेत्र में एक बड़ी क्षति है। उन्होंने आदिवासी पहचान और झारखंड राज्य के गठन के लिए संघर्ष किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि शिबू सोरेन जनजातीय समुदायों, गरीबों और वंचितों को सशक्त बनाने को लेकर प्रतिबद्ध थे। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, ''शिबू सोरेन जी एक जमीनी नेता थे जो लोगों के प्रति अटूट समर्पण के कारण जननेता बने। वे जनजातीय समुदायों, गरीबों और वंचितों को सशक्त बनाने के लिए विशेष रूप से समर्पित थे। मोदी ने कहा, ''उनके निधन से बहुत दुःख हुआ। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और प्रशंसकों के साथ हैं। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी से बात की और संवेदना व्यक्त की। ओम शांति। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''श्री शिबू सोरेन जी के निधन से गहरा दुख हुआ है। वह भारतीय राजनीति के एक प्रमुख चेहरे थे, जिन्होंने अपना जीवन हाशिए पर पड़े लोगों के उत्थान और झारखंड की पहचान बनाने के लिए समर्पित कर दिया। उनकी विरासत पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। उनके परिवार और अनगिनत प्रशंसकों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। ओम शांति। झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार और विभिन्न दलों के नेताओं ने झामुमो संरक्षक के निधन पर शोक जताया है। गंगवार ने 'एक्स' पर लिखा, ''पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सदस्य दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी का निधन अत्यंत दुखद और पीड़ादायक है। वह आदिवासी अस्मिता और अधिकारों की एक सशक्त आवाज थे। समाज के लिए उनका योगदान अविस्मरणीय रहेगा। शोक संतप्त परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के झारखंड इकाई के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि शिबू सोरेन एक नेता होने के साथ-साथ एक समाज सुधारक भी थे। मरांडी ने कहा, ''अपने शुरुआती जीवन में उन्होंने साहूकारों के खिलाफ मुहिम छेड़ी थी और शराबबंदी के लिए भी संघर्ष किया था। इन दोनों आंदोलनों के लिए उन्हें भारी समर्थन मिला था। कांग्रेस नेता और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने इसे अपूरणीय क्षति बताया। उन्होंने कहा, ''अलग झारखंड के गठन में उनका महत्वपूर्ण योगदान था। वह गरीबों, दलितों और राज्य की जनता की आवाज थे। झारखंड को आज एक अपूरणीय क्षति पहुंची है। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुबर दास ने कहा कि 'गुरुजी' उनके लिए पिता तुल्य थे और उनके निधन से एक शून्य पैदा हो गया है। दास ने कहा, ''गुरुजी मेरे लिए पिता तुल्य थे। मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा है। मैं उनके मंत्रिमंडल में मंत्री था। उन्होंने हमेशा शोषितों, वंचितों और आदिवासियों के लिए संघर्ष किया। उन्होंने सादा जीवन जिया। झारखंड के लिए उनकी क्षति अपूरणीय है। गुरुजी को हमेशा याद रखा जाएगा। शिबू सोरेन के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए भाजपा विधायक पूर्णिमा दास ने कहा, ''आदरणीय दिशोम गुरु का झारखंड में बड़ा योगदान था। मेरे ससुर (पूर्व मुख्यमंत्री रघुबर दास) का उनसे लंबा जुड़ाव था। भगवान उनकी आत्मा को शांति दे। शिबू सोरेन के करीबी रहे पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा, ''दिशोम गुरु आदरणीय शिबू सोरेन जी के निधन की खबर सुनकर मर्माहत हूं। मरांग बुरु दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें। यह एक युग का अंत है। झारखंड आंदोलन के दौरान पहाड़ों, जंगलों और सुदूर गांवों से लेकर विधानसभा तक आपके साथ बिताए पल मुझे याद हैं। कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने कहा कि अलग झारखंड का सपना शिबू सोरेन के संघर्ष के कारण ही साकार हुआ। पूर्व मुख्यमंत्री के सम्मान में झारखंड विधानसभा की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई। सदन की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने कहा, ''दिशोम गुरु शिबू सोरेन आज स्वर्ग सिधार गए उनका निधन न केवल झारखंड के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है३ वह गरीबों के लिए अपनी लड़ाई के लिए जाने जाते थे। झारखंड विधानसभा का पांच दिवसीय मानसून सत्र एक अगस्त से शुरू हुआ था। झारखंड सरकार ने पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के सम्मान में तीन दिवसीय राजकीय शोक की घोषणा की है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, सरकार ने इस अवधि के दौरान अपने सभी निर्धारित कार्यक्रम भी रद्द कर दिए हैं। राज्य सरकार के सभी कार्यालय चार और पांच अगस्त को बंद रहेंगे।

### ऑपरेशन सिंदूर ने भारत...

उत्कृष्टता के लिए आईआईटी मद्रास की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि अग्निशोध, शैक्षणिक उत्कृष्टता को युद्धक्षेत्र नवाचार में परिवर्तित करेगा और भारत की 'विकसित भारत 2047' यात्रा को सशक्त बनाएगा। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तीनों सेनाओं के आक्रमण ने भारत की सटीक, दंडात्मक और समन्वित कार्रवाई करने की क्षमता को प्रदर्शित किया। इसने पाकिस्तान को 88 घंटों के भीतर मजबूर कर दिया और उसने सैन्य कार्रवाई रोकने की मांग कर दी। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि भविष्य के संघर्षों में पारंपरिक शक्ति और आधुनिक क्षमताओं के मिश्रण की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि इसमें ' बूट्स को बॉट्स' के साथ मिलकर आगे बढना होगा। अग्निशोध की स्थापना की पहल भारतीय सेना में सुधार और बदलाव का हिस्सा है जो सेना प्रमुख द्वारा व्यक्त परिवर्तन के पाँच स्तंभों द्वारा निर्देशित है। 'अग्निशोध' विशेष रूप से इन स्तंभों में से एक आधुनिकीकरण और प्रौद्योगिकी संचार को बढावा देता है और वास्तविक समय के परिचालन अनुप्रयोगों के साथ शैक्षणिक अनुसंधान को निर्बाध रूप से एकीकृत करने के सेना के प्रयास का प्रतिनिधित्व करता है।

### छांगुर के करीबी...

छांगुर की कई संपत्तियों के दस्तावेज तैयार कर चुकी है, जिसको लेकर ईडी की तीन सदस्यीय टीम ने नवीन से कई घंटे की पूछताछ की थी। जिसमें उसने दुबई यात्रा हवाला नेटवर्क और धार्मिक गतिविधियों की आड़ में विदेशी फंडिंग जैसे हम चीजों के बारे में जानकारी दी थी। वहीं इस पूरे केस में अब तक कुल सात लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। जिसमें मुख्य आरोपी जमालुद्दीन उर्फ छांगुर, उसका बेटा महबूब, नीतू और नवीन शामिल है।

### बिहार में मतदाता सूची...

अंदर और बाहर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं पर उनकी और से मसौदा सूची में किसी पात्र व्यक्ति के छूटने या अपात्र का नाम दर्ज होने को लेकर अभी तक कोई मामला अधिकारियों के समक्ष नहीं आया है। आयोग के अनुसार पुनरीक्षण में लोगों की मदद और अधिकारियों के साथ समन्वय के लिए बिहार में मान्यता प्राप्त दलों ने कुल 160813 बूथ स्तरीय एजेंट लगा रखे हैं। इनमें विपक्षी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के 47506, कांग्रेस पार्टी के 17549, सत्तारुढ जनता दल यूनाइटेड (जद-यू) के 36550 और भाजपा के 53339 बूथ स्तरीय एजेंट हैं। बिहार में मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण का मामला उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन है।

### राष्ट्रवादियों को फंसाने...

घरों की चाबियां सौंपी गईं, जबकि उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इन पहलों से मेरठ में आर्थिक और सामाजिक सशक्तीकरण को नई गति मिली है। योगी ने मेरठ की बदलती छवि पर जोर देते हुए कहा कि पहले मेरठ की पहचान 'सोतीगंज' जैसे चोर बाजार से थी, लेकिन आज यह शहर रैपिड रेल, 12-लेन एक्सप्रेसवे और वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) के तहत स्पोर्ट्स आइटम्स के लिए विश्व स्तर पर जाना जाता है। उन्होंने कहा कि मेरठ में मेजर ध्यानचंद के नाम पर देश की पहली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी स्थापित हो रही है। मेरठ से प्रयागराज तक देश का सबसे बड़ा एक्सप्रेसवे इस साल के अंत तक लोकार्पित होगा, जो मेरठ से लखनऊ की दूरी को मात्र 6 घंटे में कर देगा। सीएम ने यहां इनर रिंग रोड और सर्किट हाउस के पुनर्निर्माण जैसे अन्य विकास कार्यों की भी घोषणा की। उन्होने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर मालेगांव जैसे मुद्दों को लेकर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने मालेगांव की घटना में निर्दोष हिंदुओं को फंसाकर राष्ट्रवादी नेतृत्व को बदनाम करने की कोशिश की थी। आतंकवाद के प्रति उनकी नरम नीति और समाज को जाति-क्षेत्र के आधार पर बांटने की रणनीति देश के लिए हानिकारक रही है। सीएम योगी ने कांग्रेस से इस 'पाप' के लिए देश से माफी मांगने की मांग करते हुए कहा कि क्या कांग्रेस अपने इस पाप के लिए देश से माफी मांगेगी। उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस की राजनीति सिर्फ जातिवाद, दंगे और माफियाओं की चरणवंदना तक सीमित रही है। योगी ने कहा कि डबल इंजन सरकार राष्ट्रवाद और विकास के लिए प्रतिबद्ध है, जो बिना भेदभाव के सबके विकास को सुनिश्चित करती है। योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' और आत्मनिर्भर भारत के विजन को दोहराते हुए स्वदेशी उत्पादों को अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजना मेरठ के स्पोर्ट्स आइटम्स को वैश्विक पहचान दे रही है। हमें विदेशी सामान की जगह स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देनी चाहिए, ताकि हमारा पैसा आतंकवाद जैसी गतिविधियों में न जाये। मुख्यमंत्री ने रक्षाबंधन के अवसर पर 8, 9 और 10 अगस्त को महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने तय किया है कि रक्षाबंधन के लिए उत्तर प्रदेश परिवहन निगम और नगर विकास की बस सेवाओं को हम बहनों के लिए फ्री में यातायात के लिए छोड़ेंगे। तीनों दिन फ्री में उनका यातायात की सुविधा उपलब्ध करवाएंगे। बहनें उत्तर प्रदेश के अंदर जहां भी यात्रा करना चाहेंगी परिवहन निगम के बस में निःशुल्क सुविधा अवश्य प्राप्त होगी। इस दौरान यातायात में किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं होगी। योगी ने कहा कि जीरो टॉलरेंस नीति ने मेरठ को दंगों और अपराधों से मुक्त कर विकास की राह पर ला खड़ा किया है। आठ साल पहले मेरठ दंगों की आग में झुलसता था, लेकिन आज यह रैपिड रेल और एक्सप्रेसवे जैसे बुनियादी ढांचे के साथ प्रगति कर रहा है। मेरठ से हरिद्वार तक एक्सप्रेसवे के सर्वे कार्य की शुरुआत और मंडलीय कार्यालयों को एक छत के नीचे लाने की योजना भी विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

### 'भैंसा गाड़ी नहीं, बुलेट...

की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि पहले की सरकारें जाति के नाम पर समाज को बांटती थीं और योजनाओं का लाभ केवल एक परिवार तक सीमित रहता था। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में एक परिवार अराजकता करता था और बदनाम पूरी जाति होती थी। सीएम ने कहा कि आज हमारी सरकार ने सहारनपुर को उसकी पहचान और गौरव से जोड़ा है। सीएम ने बताया कि स्मार्ट सिटी मिशन के तहत अब सभी जिला मुख्यालयों के नगर निकायों को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा। सहारनपुर में स्पोर्ट्स कॉलेज का निर्माण हो रहा है और मेरठ में स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी बन रही है। उन्होंने कहा कि हमारा युवा खेलेगा तभी खिलेगा। हर मंडल में स्पोर्ट्स कॉलेज बनाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने सहारनपुर की बेहतर कनेक्टिविटी पर जोर देते हुए कहा कि अब दिल्ली से सहारनपुर की दूरी मात्र तीन घंटे में तय की जा सकती है। उन्होंने कहा कि पहले विकास के लिए लखनऊ जाना पड़ता था, लेकिन अब हम स्वयं आपके बीच आ रहे हैं। सीएम योगी ने सहारनपुर की लकड़ी की नक्काशी और फर्नीचर उद्योग की प्रशंसा की और कहा कि अगर पहले की सरकारों ने इसे प्रोत्साहन दिया होता तो यह इटली के फर्नीचर से भी बेहतर पहचान बना सकता था। उन्होंने स्वदेशी अपनाने की अपील करते हुए कहा कि स्वदेशी को अपनाने से हमारे कारीगरों को लाभ होगा और अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। मुख्यमंत्री ने रक्षा बंधन के अवसर पर 8, 9 और 10 अगस्त को महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा की घोषणा की। साथ ही, उन्होंने स्वच्छता पर जोर देते हुए कहा कि त्योहारों के इस मौसम में स्वच्छता हमारा दायित्व है। उन्होंने 15 अगस्त को तिरंगा यात्रा और राष्ट्रगान के आयोजन की अपील भी की। सीएम ने कांग्रेस और सपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने मालेगांव विस्फोट मामले में हिंदू नेताओं को फंसाने और रामसेतु को तोड़ने की कोशिश का जिक्र करते हुए कहा कि पहली सरकारें आतंकियों को संरक्षण देती थीं और सनातन धर्म के गौरव को कम करने की कोशिश करती थीं। उन्होंने कहा कि अब भारत अपनी विरासत का सम्मान करते हुए विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। मुख्यमंत्री ने वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) और विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना का जिक्र करते हुए कहा कि इन योजनाओं ने स्थानीय कारीगरों और हस्तशिल्पियों को नई पहचान दी है। उन्होंने कहा कि सहारनपुर की मूर्तियां और हस्तशिल्प अब स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा दे रहे हैं।

# बारिश से क्षतिग्रस्त फसलों के नुकसान का जल्द करें आकलन: सीएम धामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश में लगातार हो रही बारिश के दृष्टिगत वे अपनी पूरी टीम के साथ लगातार ग्राउंड ज़ीरो पर रहें। मुख्यमंत्री ने जलभराव की स्थिति से निपटने और बारिश से क्षतिग्रस्त फसलों के नुकसान का शीघ्र आकलन करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री धामी यहां वर्चुअली समीक्षा बैठक के दौरान राज्य के सभी जिलाधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने अतिवृष्टि के कारण सड़कों के बाधित होने की स्थिति में उन्हें शीघ्र सुचारु करने, क्षतिग्रस्त पेयजल और विद्युत लाइनों को यथाशीघ्र ठीक कराने की व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों के संपर्क मार्ग बाधित होने की स्थिति

**■ बारिश को देखते हुए अधिकारियों को दिए ग्राउंड जीरो पर रहने के निर्देश**

में लोगों के आवागमन के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने और जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए सभी तैयारियां पूर्व से करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि वर्षा के कारण फसलों को हुई क्षति का शीघ्र आकलन किया जाए। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन लोगों ने गलत तरीके से राशन कार्ड, आधार कार्ड, वोटर कार्ड, आयुष्मान कार्ड और अन्य दस्तावेज प्राप्त किए हैं, तथा ऐसे कार्ड बनाने में संलिप्त व्यक्तियों पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही, जनपदों



में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई भी नियमित रूप से की जाए। 'ऑपरेशन कालनेमी' के अंतर्गत भी आस्था की आड़ में जनता को गुमराह करने वालों पर नियमित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने जनपदों के शासकीय अस्पतालों का नियमित निरीक्षण करें। इसमें दवाओं की उपलब्धता, चिकित्सकों की उपस्थिति, उपकरणों की स्थिति और स्वच्छता व्यवस्था जैसे विषय सम्मिलित हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे स्वयं भी समय-समय पर अस्पतालों का औचक निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायज़ा लेंगे। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि बारिश के बाद अवस्थापना विकास से संबंधित कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जाए। सड़कों, पुलों, नालियों एवं अन्य निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही राज्य और केंद्र सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की नियमित समीक्षा की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी सरकारी कार्यालयों में स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता दी जाए। साथ ही आमजन को भी स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग के लिए प्रेरित किया जाए। इसके लिए जनजागरूकता अभियानों का संचालन किया जाए।

# सरकार सांस्कृतिक मूल्यों और डेमोग्राफी को संरक्षित रखने को संकल्पबद्ध : मुख्यमंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को श्री ब्रह्म निवास आश्रम भूपतवाला में सतगुरु लाल दास महाराज के 50वें निर्वाण दिवस कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूज्य सतगुरू लाल दास महाराज ने अपने जीवन में आध्यात्मिकता को प्राथमिकता देते हुए समाज को सेवा, सत्य और भक्ति के मार्ग पर चलने के लिए लोगों को प्रेरित किया। उन्होंने भक्ति को जन जन तक पहुँचाया है। उनकी वाणी में अद्भुत शक्ति थी और दृष्टि में भगवान बुद्ध के समान असीम करुणा थी। पूज्य सतगुरु ने समाज को जोड़ने का काम किया। उन्होंने जीवन भर यही सिखाया कि सेवा सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सनातन संस्कृति का संपूर्ण विश्व में व्यापक प्रचार प्रसार हो रहा है। दुनिया हमारी प्राचीन संस्कृति और दर्शन से परिचित हो रही है।



प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में राज्य सरकार देवभूमि की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया राज्य में ऋषिकेश-हरिद्वार कॉरिडोर का निर्माण कराया जाना भी प्रस्तावित है। कॉरिडोर के निर्माण के पश्चात धर्मनगरी हरिद्वार भी काशी और अयोध्या की भांति अपने भव्य स्वरूप में नजर आएगी। मुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार उत्तराखंड के सांस्कृतिक मूल्यों और डेमोग्राफी को संरक्षित रखने के प्रति पूर्ण रूप से संकल्पबद्ध है।

# उत्तर रेलवे चलाएगा सहरसा-अनन्द विहार के बीच विशेष रेलगाड़ी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली,। रेलयात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उत्तर रेलवे सहरसा जंक्शन और आनन्द विहार टर्मिनल के बीच विशेष वातानुकूलित रेलगाड़ी का संचालन करेगा। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने सोमवार को एक बयान में बताया कि यह विशेष रेलगाड़ी (05575/05576) दो फ़ेरे में चलाई जाएगी। सहरसा से यह ट्रेन 6 और 13 अगस्त को रवाना होगी, जबकि आनन्द विहार टर्मिनल से वापसी की तिथि 5 और 12 अगस्त निर्धारित की गई है। रेलगाड़ी संख्या 05575 ऽ सहरसा जं. से रात 8 बजे आनन्द विहार टर्मिनल के लिए प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन अगले दिन 00:30 बजे आनन्द विहार टर्मिनल पर पहुचेंगी। यह रास्ते में गढ़ बरुआरी, सुपौल, सरायगढ़, निर्मली, घोगरडिहा, झंझारपुर, सकरी, दरभंगा, जनकपुर रोड, सीतामढ़ी,




बैरगनियां, रक्सौल, नरकटियागंज, बगहा, कप्तानगंज, गोरखपुर, बस्ती, गोंडा, सीतापुर, शाहजहान पुर, बरेली, मुरादाबाद और गाजियाबाद स्टेशनों पर रुकेगी। रेलगाड़ी संख्या 05576 ऽ आनन्द विहार टर्मिनल से सुबह 5:15 बजे सहरसा जं. के लिए प्रस्थान करेगी। अगले दिन सुबह 10:30 बजे सहरसा जं. पर पहुंचेगी। यह विशेष गाड़ी पूर्णतः वातानुकूलित डिब्बों से सुसज्जित होगी, जिससे गर्मी और उमस के मौसम में यात्रियों को आरामदायक यात्रा का अनुभव मिलेगा। उत्तर रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि वे टिकट की अग्रिम बुकिंग समय पर कर लें और यात्रा के दौरान कोविड-19 के दिशा-निर्देशों का पालन अवश्य करें।

# बाबा गोरखनाथ धाम मंदिर में जलाभिषेक करने श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कटिहार। सावन मास की अंतिम सोमवारी पर जिले के सभी शिव मंदिरों में जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। विशेषकर आजमनगर प्रखंड स्थित बाबा गोरखनाथ धाम मंदिर में देश-विदेश से भारी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की कोई असुविधा न हो, इसके लिए मंदिर और कावरिया मार्ग पर बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है।

बाबा गोरखनाथ धाम मंदिर के प्रति श्रद्धालुओं में आस्था इतनी ज्यादा है कि हर साल भारत के कई राज्यों के अलावा पड़ोसी देश नेपाल और भूटान से भी बड़ी संख्या में कांवरिये जलाभिषेक करने आते हैं। गोरखधाम मंदिर कमिटी के सदस्य अक्षय सिंह ने बताया कि शिवभक्तों का भोलेनाथ के प्रति अटूट आस्था है। सावन पूर्णिमा के अवसर पर ऐसा लगता है कि साक्षात भगवान शिव गोरखनाथ धाम की भूमि पर उतर आए हैं। कटिहार के मनिहारी से गंगा जल लेकर कांवरिये लगभग 70



किमी पैदल उबड़-खाबड़ रास्तों से होते हुए भोले शिवशंकर को जलाभिषेक करने आते हैं। गोरखनाथ धाम का शिव मंदिर देश के ग्यारह ज्योतिर्लिंगों से अलग है। सावन महीने के पूर्णिमा अवसर पर यहां बड़ा आयोजन किया जाता है। मिनी बाबाधाम के नाम से प्रसिद्ध गोरखनाथ शिव मंदिर का इतिहास बहुत पुराना है। बताया जाता है कि 1053 ई0 सन में प्रसिद्ध संत गोरखनाथ जी महाराज अपने गुरु मछिन्द्रानाथ को असम के कामाख्या में नैनयोगिन के चंगुल से छुड़ाने कामख्या जा रहे थे। इसी क्रम में आजमनगर के गोरखपुर गाँव में तीन दिन रहे और इस मंदिर की स्थापना की गई। कटिहार में कई प्राचीन शिव मंदिर हैं, जिनमें फतेहनगर में महाभारत काल की शिवलिंग, मनिहारी का अर्धनारीश्वर शिवमंदिर, भारीडीह शिवमंदिर और सौरिया का ऐतिहासिक शिवमंदिर प्रमुख हैं। इन मंदिरों में जलाभिषेक करने वाले श्रद्धालुओं की मुरादें पूरी होती हैं।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

नई दिल्ली। दक्षिण पश्चिम जिले के वसंत कुंज नॉर्थ थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 40 वर्षीय व्यक्ति की जान चली गई। घटना सुबह करीब 6:30 बजे नेल्सन मंडेला मार्ग पर वसंत विहार से वसंत कुंज की ओर जाते समय हुई। पुलिस को सूचना मिली कि पेट्रोल पंप के सामने एक इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर दुर्घटनाग्रस्त हालत में पड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन मौके पर कोई घायल व्यक्ति नहीं मिला। कुछ ही देर बाद एम्स ट्रॉमा सेंटर से सूचना मिली कि मुनिरका निवासी राजकुमार (40) को सड़क दुर्घटना में घायल हालत में लाया गया था, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सुरक्षित रखवा दिया है। वहीं पुलिस जांच में यह सामने आया कि दुर्घटना में टक्कर मारने वाला वाहन एक टाटा नेक्सन इलेक्ट्रिक कार थी, जिसकी पहचान कर ली गई है। फिलहाल पुलिस स्थानीय स्तर पर जांच कर रही है और कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन पर व्यक्त की गहरी शोक-संवेदना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के निधन पर गहरी शोक-संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा है कि शिबू सोरेन एक प्रख्यात राजनेता थे। वे तीन बार झारखंड के मुख्यमंत्री रहे। झारखंड की राजनीति में उनका अहम योगदान रहा है। उनके निधन से न केवल झारखंड, बल्कि पूरे देश के राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर-शान्ति तथा उनके परिजनों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

# विधायक ने किया 20 लाख की योजनाओं का लोकार्पण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नालंदा। नालंदा जिलांतर्गत बिहारशरीफ विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों की कड़ी में आज सोमवार को बिहार के वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन मंत्री सह क्षेत्रीय विधायक डॉ सुनील कुमार द्वारा महत्वपूर्ण योजनाओं का उद्घाटन कर उन्हें जनता को समर्पित किया गया।




उन्होंने दोसूत पंचायत के बनवारीपुर मोरा गांव में विधायक निधि से 7 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित सीढ़ी घाट का उद्घाटन किया।यह सीढ़ी घाट न केवल छठ महापर्व के दौरान महिलाओं और श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखकर बनाया गया है, बल्कि यह जनसेवा और विकास के प्रति विधायक की प्रतिबद्धता का प्रतीक भी है। इसके उपरांत अंबा पंचायत के मिल्कीपर गांव में 7.30 लाख रुपये की लागत से वार्ड संख्या 08 में वीरेंद्र चौहान के मकान से जवाहर साव के मकान होते हुए पासवान टोली से पंचाने नदी के छोर तक पीसीसी नाली निर्माण एवं ढलाई कार्य का विधिवत उद्घाटन किया गया। विकास कार्यों की श्रृंखला में उद्घाटन मोरातालाब मंडल के पतासंग पंचायत अंतर्गत पतासंग गांव में किया गया, जहां विधायक निधि से निर्मित एक और सीढ़ी घाट का लोकार्पण किया गया। यह घाट भी धार्मिक अवसरों, विशेषकर छठ पूजा के दौरान स्थानीय लोगों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से निर्मित किया गया है। इस अवसर पर मंत्री डॉ कुमार ने कहा, यह केवल उद्घाटन कार्यक्रम नहीं, बल्कि क्षेत्र की आस्था, संस्कृति और बुनियादी ढांचे को सशक्त करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। यह कार्य हमारी विकास नीति के मूल में है, जिसमें हर वर्ग, हर पंचायत, हर गांव को साथ लेकर आगे बढ़ना है। मंत्री डॉ कुमार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण विकास के लिए की जा रही पहल की सराहना करते हुए कहा कि वे स्वयं अपने क्षेत्र में इस दिशा में पूरी प्रतिबद्धता से कार्यरत हैं। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीण जनता, पंचायत प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# बीएसएफ ने दो तस्करों को गिरफ्तार कर पकड़ी हेरोइन, ड्रोन किया बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने सीमावर्ती जिला तरनतारन में पाकिस्तान की ड्रोन गतिविधियों को निष्क्रिय बनाते हुए गांव कलसियां से दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। बीएसएफ ने इनके कब्जे से 610 ग्राम हेरोइन बरामद की है। बीएसएफ प्रवक्ता के अनुसार बीती शाम बीएसएफ ने अपने स्तर पर तरनतारन तथा फिरोजपुर सेक्टर में पंजाब पुलिस के साथ मिलकर सर्च अभियान चलाया। इस दौरान फिरोजपुर में बीएसएफ व पंजाब पुलिस ने एक डीजेआई माविक 3 क्लासिक ड्रोन बरामद किया। वहीं गांव कलसियां के समीप से दो तस्करों को दबोचा। इनके पास से 610 ग्राम हेरोइन बरामद की है। इससे पहले, पंजाब पुलिस के साथ एक संयुक्त अभियान में, तरनतारन के नूरवाला के पास एक प्लास्टिक कंटेनर से 755 ग्राम हेरोइन जब्त की गई थी। बीएसएफ के अनुसार लगातार बरामदियां सीमा पार से मादक पदार्थों की तस्करी के प्रयासों को विफल करने में बीएसएफ की सतर्कता, सटीक खुफिया जानकारी और पंजाब पुलिस के साथ निर्बाध समन्वय को दर्शाती हैं।



# अंतिम सोमवारी पर शिवालयों में उमड़ा भक्तों का जनसैलाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता

भागलपुर। सावन की अंतिम सोमवारी को लेकर भागलपुर और इसके आसपास के तमाम शिवालयों में सुबह से ही शिवभक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा।

हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा माहौल शिवमय हो गया। शहर के प्रमुके शिव मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें देखी गईं। बुढ़ानाथ मंदिर, भूतनाथ मंदिर, बरारी स्थित प्राचीन शिवालय, खंजरपुर, मोदीनगर, सुल्तानगंज का विश्व प्रसिद्ध अजगैवीनाथ मंदिर, कहलगांव का बटेश्वर धाम और शिव शक्तिपीठ सहित अन्य शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने स्नान कर गंगाजल, बेलपत्र, धतूरा, और पुष्प लेकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। महिला, पुरुष, युवा, बच्चे हर उम्र के श्रद्धालु आज शिवभक्ति में पूरी तरह लीन नजर आए। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन भी अलर्ट मोड में रहा। हर प्रमुख शिव मंदिर में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। ट्रैफिक



व्यवस्था सुचारु रखने के लिए अलग-अलग स्थानों पर बैरिकेडिंग और रूट डायवर्जन किए गए थे। प्रशासनिक अधिकारी ने कहा कि हमारी ओर से पूरी तैयारी की गई थी। सुरक्षा व्यवस्था, चिकित्सा सहायता और भीड़ नियंत्रण को लेकर सारे उपाय किए गए। उल्लेखनीय है कि सावन की सोमवारी को भगवान शिव को समर्पित सबसे पावन दिन माना जाता है। खासकर अंतिम सोमवारी को विशेष फलदायक और पुण्यदायी माना गया है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन श्रद्धा और भक्ति से जल चढ़ाने पर भगवान शिव भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी करते हैं।

## एसपी स्वर्ण प्रभात ने सोमेश्वर महादेव में किया जलाभिषेक

**पूर्वी चंपारण।** पवित्र सावन महीने के अंतिम सोमवारी के अवसर पर एसपी स्वर्ण प्रभात अरेराज पहुंचे।जहां उन्होने मनोकामना पूरक प्रसिद्ध पंचमुखी सोमेश्वरनाथ महादेव को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जलाभिषेक किया और जिले के साथ राज्य में खुशहाली और शांति की कामना की। जलाभिषेक के बाद एसपी ने पूरे मंदिर परिसर का मुआयना कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होने सुरक्षा को लेकर बने ब्रेकेटिंग,विश्राम स्थल,वाहन पड़ाव स्थल और ट्रैफिक व्यवस्था का गहन निरीक्षण कर मौके पर मौजूद डीएसपी, पुलिस पदाधिकारी और दंडाधिकारियों को सुरक्षा को लेकर आवश्यक निर्देश भी दिए। उल्लेखनीय है,कि बिहार के काशी कहे जाने वाले अरेराज स्थित सोमेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक के लिए बिहार के साथ ही यूपी और नेपाल से भी श्रद्धालुओ की भारी भीड़ जुटती है।

## गेट बंद करने के लेकर हुए विवाद में युवक को मारी गोली, मौत

नई दिल्ली। दक्षिणी जिले के फतेहपुर बेरी थाना क्षेत्र के डेरा गांव में रविवार देर रात एक 37 वर्षीय व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। जांच में मृतक की पहचान डेरा गांव निवासी संतलाल के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि संतलाल की हत्या 19 वर्षीय युवक पीयूष यादव ने मामूली कहासुनी के बाद कर दी। पुलिस को देर रात करीब दो बजे सूचना मिली कि मोहल्ले में कुछ महिलाएं जोर-जोर से रो रही हैं। फतेहपुर बेरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची तो पाया कि संतलाल के सीने में गोली मार दी गई थी। घटनास्थल से एक खाली कारतूस बरामद हुआ है। क्राइम टीम और रोहिणी की एफएसएल फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। शव को पोस्टमार्टम के लिए सफदरजंग अस्पताल भेजा गया है। प्रथम दृष्टया में हत्या की वजह गेट बंद करने को लेकर हुए विवाद और आपसी टकराव को बताया जा रहा है। संतलाल जिस संपत्ति का केयरटेकर था, उसी के गेट को लेकर पीयूष यादव से उसकी कहासुनी हो गई थी। आरोपित पीयूष यादव, अमारा मोहल्ला, डेरा गांव का रहने वाला है और छतरपुर फ़ेज-2 में प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करता है। पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063